राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 166 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## एससी ने दो हफ्ते बढ़ाई विकास की अंतरिम जमानत



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास यादव की अंतरिम जमानत दो हफ्ते और बढ़ा दी, ताकि वह अपनी बीमार मां की देखभाल कर सके। विकास यादव इस मामले में 25 साल की सजा काट रहा है। उसे 24 अप्रैल को अंतरिम जमानत दी गई थी, जिसे 8 मई को बढ़ा दिया गया था। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने यह राहत दो और हफ्तों के लिए बढ़ाई, ताकि विकास यादव अपनी मां की देखभाल कर सके, जिनकी हाल ही में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सर्जरी हुई थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि विकास यादव की जमानत इसके बाद और आगे नहीं बढ़ाई जाएगी और मामले पर जुलाई में फिर सुनवाई होगी। विकास यादव के वकील ने शीर्ष कोर्ट को बताया था कि उसकी मां की सर्जरी 25 मई को हुई है और अब उन्हें ऑपरेशन के बाद की देखभाल की जरूरत है। घर में कोई भाई-बहन या अन्य सहारा नहीं है, इसलिए उसका साथ रहना जरूरी है। 8 मई को सुप्रीम कोर्ट ने एम्स के मेडिकल बोर्ड की एक रिपोर्ट पर गौर किया था, जिसमें कहा गया था कि विकास यादव की मां की स्थिति स्थिर है और उन्हें छुट्टी दी जा सकती है।

## भारत के पास हथियारों का जखीरा, बना बड़ा आयातक देश

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** बुद्ध का देश भारत हमेशा शांति में यकीन रखता है, लेकिन अपनी सामरिक सुरक्षा के लिए वह 'भय बिनु होय न प्रीत' का भी पालन करता है। अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया अभियान के तहत आत्मनिर्भरता के साथ जरूरी रक्षा हथियारों की वह बेहिचक खरीद भी कर रहा है। यही वजह है कि पिछले कई साल से रक्षा आयात के मामले में वह शीर्ष देशों में शुमार है। स्वीडिश की हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। भारत के इन्हीं प्रयासों का रौद्र रूप आपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा।

इंटरनेशनल सिक्यूरिटी थिंक टैंक 'स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार 2020-24 में यूक्रेन ने सबसे अधिक हथियारों का आयात किया। यूक्रेन ने 2015-19 की तुलना में लगभग 100 गुना अधिक हथियारों का आयात किया। इनमें से अधिकतर



हथियार सहायता के रूप में दिए गए हैं। यूक्रेन 2022 से रूस के खिलाफ युद्ध लड़ रहा है। पश्चिमी देश उसे पूरी मदद दे रहे हैं। लगभग 35 देशों ने उसे सहायता के रूप में हथियार दिए हैं। कुल हथियार आयात में यूक्रेन की हिस्सेदारी 8.8 प्रतिशत रही।

**चीन के आयात में आई भारी गिरावट:** कुल हथियार आयात में भारत की हिस्सेदारी 8.3 प्रतिशत रही। हथियारों का आयात करने वाले 162 देशों में से केवल पांच देशों की कुल हथियार आयात में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। 2015-19 की तुलना में 2020-24 में चीन के हथियारों के आयात में दो तिहाई की गिरावट देखी गई। चीन दशकों से शीर्ष हथियार आयातकों में से शामिल रहा था। चीन अपनी घरेलू हथियार उत्पादन क्षमताओं का विस्तार कर रहा है इसलिए चीन के हथियार आयात में कमी आई है।

**हथियार निर्यातकों में शीर्ष पर अमेरिका:** सीपरी के अनुसार 2020-24 में हथियारों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता 25 देशों की हिस्सेदारी हथियारों के कुल वैश्विक निर्यात में 98 प्रतिशत रही। अमेरिका हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक रहा।

# एअर इंडिया की कई उड़ानें रद्द,

## विमान हादसे के बाद एयरलाइन के अंतरराष्ट्रीय संचालन पर असर

- अहमदाबाद से लंदन के गेटविक हवाई अड्डे के लिए उसकी उड़ान रद्द कर दी गई।
- पेरिस से दिल्ली लौटने वाली उड़ान अक142 को भी आज रद्द कर दिया गया।

टीम एक्शन इंडिया
**शिलांग:** एअर इंडिया की कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें मंगलवार को रद्द कर दी गई हैं। इनमें ज्यादातर बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ानें हैं। यह फैसला उस समय किया गया है, जब 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास से टकरा गया था। इस हादसे में 241 यात्रियों और चालक दल की मौत हो गई थी।

**अहमदाबाद से गेटविक की उड़ान रद्द:** एअर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद से लंदन के गेटविक हवाई अड्डे के लिए उसकी उड़ान रद्द कर दी गई है। एयरलाइन की ओर से इसके पीछे के कारण विमान की अनुपलब्धता, हवाई क्षेत्र में पाबंदियां और अतिरिक्त सावधानी से की जा रही जांच बताई गई। एयरलाइन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी तकनीकी खराबी की वजह से नहीं लिया गया। एअर इंडिया ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया और कहा कि उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं। होटल की व्यवस्था की गई है और यात्रियों को रिफंड या मुफ्त में फिर से बुकिंग का विकल्प भी दिया गया है।



### इंडिगो की उड़ान की नागपुर में आपात लैंडिंग

इसी बीच, इंडिगो की उड़ान 6ए 2706 को नागपुर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। यह उड़ान मस्कट से दिल्ली जा रही थी (कोचीन में स्टॉप के साथ)। विमान में बम की धमकी मिलने के बाद यह कदम उठाया गया। दिल्ली आ रहे एयर इंडिया ड्रीमलाइनर विमान में आई थी खराबी इससे पहले बीते दिन हांगकांग से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट अक315 को बीच उड़ान में ही तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद वापस अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा था। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की ओर से संचालित यह फ्लाइट अक315 हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल भारत में एअर इंडिया की तरफ से किया जा रहा है।

**दिल्ली से पेरिस जाने वाली उड़ान भी रद्द :** दिल्ली से पेरिस जा रही एअर इंडिया की अक143 उड़ान भी मंगलवार को रद्द कर दी गई। उड़ान से पहले की जांच में एक तकनीकी समस्या का पता चला, जिसे अभी ठीक किया जा रहा है। इसके साथ-साथ पेरिस से दिल्ली लौटने वाली उड़ान अक142 को भी आज रद्द कर दिया गया है। एअर इंडिया ने कहा, हम अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं और उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हर संभव वैकल्पिक इंतजाम कर रहे हैं।

**सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही उड़ान को कोलकाता में रोका गया:** एक अन्य घटना में, एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही उड़ान को मंगलवार को तकनीकी जांच के बाद कोलकाता के हवाई अड्डे पर रोक दिया गया। साथ ही विमान में 228 लोग सवार थे, जिनमें 211 यात्री और बाकी चालक दल थे। विमान के कोलकाता से मुंबई के लिए मंगलवार सुबह 2 बजे रवाना होने की योजना थी, लेकिन नियमित जांच में समस्या आने के बाद उड़ान रोक दी गई। यात्रियों को होटल में ठहराया गया है, लेकिन कोलकाता हवाई अड्डे पर काफी हंगामा मचा। आमतौर पर यह उड़ान सीधे मुंबई जाती है, लेकिन पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण इसे कोलकाता में तकनीकी स्टॉप देना पड़ा।

## विदेश यात्रा के चलते वाड्रा ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा आज उनके सामने पेश नहीं होंगे। उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक, वे विदेश यात्रा पर हैं और वापस आने के बाद जांच में शामिल होंगे। इससे पहले ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए वाड्रा को अपने दफ्तर बुलाया था। मामला ब्रिटेन के रहने वाले हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। मामले की जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। इससे पहले रॉबर्ट वाड्रा को 10 जून को पूछताछ के लिए



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुलाकात की।

## आपातकाल के दौरान जेल गए व्यक्तियों को मिलने वाली मानदेय राशि हुई दोगुनी,

टीम एक्शन इंडिया
**मुंबई :** महाराष्ट्र कैबिनेट ने मंगलवार को बड़ा फैसला लेते हुए आपातकाल के दौरान राज्य में जेल में बंद व्यक्तियों को दिए जाने वाले मानदेय की राशि को दोगुना करने को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही फडणवीस कैबिनेट ने लाभार्थी के रूप में जेल में बंद व्यक्ति के जीवनसाथी का नाम जोड़ने का भी फैसला किया।

**'गौरव योजना' में बदलावों को मंजूरी:** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में चल रही 'गौरव योजना' में इन बदलावों को मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत वर्तमान में दिए जाने वाले लाभों के तहत, आपातकाल (1975-1977) के दौरान एक महीने तक जेल में रहने वालों को 5,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जबकि इससे अधिक अवधि तक जेल में रहने वालों को 10,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार ये राशि दोगुनी हो जाएगी।



### फैंसला

- फडणवीस कैबिनेट ने लाभार्थी के रूप में जेल में बंद व्यक्ति के जीवनसाथी का नाम जोड़ने का फैसला किया

**क्या है महाराष्ट्र सरकार का नियम? :** मौजूदा नियम के अनुसार, अगर जेल में बंद व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिजनों को 2,500 रुपये (एक महीने या उससे कम की जेल अवधि के लिए) और 5,000 रुपये (एक महीने से अधिक की जेल अवधि के लिए) मासिक पेंशन दी जाती है। इस योजना की शुरुआत फडणवीस ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल (2014 से 2019 तक) के दौरान की थी। इस योजना के तहत पात्र लोगों को 100 रुपये के स्टांप पेपर पर जिला कलेक्टरेट में आवेदन करना होता था, जिसकी जांच कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति करती थी।

**2020 में बंद हुई योजना, 2022 में फिर हुई शुरू:** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून, 1975 से आपातकाल लगाया था।

## जजों की नियुक्ति को नियंत्रित करना चाहती 'सरकार'

**नई दिल्ली :** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार जस्टिस वर्मा के महाभियोग के जरिए जजों की नियुक्ति पर नियंत्रण स्थापित करना चाहती है। सिब्बल ने कहा कि सरकार कॉलेजियम व्यवस्था को खत्म कर नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन को लागू करना चाहती है।

वरिष्ठ वकील ने आरोप लगाया कि सरकार जस्टिस वर्मा और जस्टिस शेखर यादव के मामले में पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कर रही है। जस्टिस शेखर के खिलाफ कार्रवाई न होने पर जताई हैरानी

कपिल सिब्बल ने कहा कि जस्टिस शेखर यादव पर बीते साल सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप है और उनके खिलाफ एक विपक्षी सांसद ने राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन राज्यसभा सभापति ने अभी तक उसकी मंजूरी नहीं दी है।

## आपदा प्रबंधन: सम्मेलन में तैयारी और सहभागिता पर बल

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित वार्षिक राहत आयुक्त एवं राज्य आपदा मोचन बल सम्मेलन 2025 का समापन हो गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर के राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से आए 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने की।



उन्होंने आपदा प्रबंधन के बदलते स्वरूप के अनुसार राज्यों को तत्परता और सामूहिक प्रयास बढ़ाने पर बल दिया। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. पी. के. मिश्रा ने कहा कि यह सम्मेलन औपचारिकता भर नहीं, बल्कि संयुक्त सोच, समीक्षा और सुधार का अवसर है।

## साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए सीएम ने केंद्र से मांगी मदद

टीम एक्शन इंडिया
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए केंद्र से 63.60 करोड़ का अनुरोध और विद्युत परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाने का आग्रह किया। साथ ही सितारगंज केंद्रीय कारागार के विस्तार के लिए 150.16 करोड़ का प्रस्ताव सहित राज्य के समग्र



विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के दृष्टिगत केंद्रीय गृह मंत्री से देहरादून में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 63.60 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया है। यह सेंटर डिजिटल अपराधों की रोकथाम, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, साइबर फोरेंसिक और आधुनिक संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही राज्य की विद्युत अधोसंरचना को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति पर चर्चा करते हुए अवगत कराया।

- सितारगंज केंद्रीय कारागार के विस्तार के लिए 150.16 करोड़ के प्रस्ताव को स्वीकृत करने का किया अनुरोध

## बिहार में छह छोटे हवाई अड्डे होंगे विकसित

टीम एक्शन इंडिया
**पटना।** प्रदेश सरकार ने सुगम और सुचारु हवाई संपर्क प्रदान करने के लिए छह हवाई अड्डों को विकसित करने की कवायद तेज कर दी है। इसके अंतर्गत मधुबनी, वीरपुर (सुपौल), मुंगेर, बाल्मीकीनगर (पश्चिमी चंपारण), मुजफ्फरपुर और सहरसा हवाई अड्डा को उड़ान योजना के तहत छोटे हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने के लिए नई दिल्ली स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) होने जा रहा है। इसकी कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 20 एजेंडों पर मुहर लगी। इस बैठक के बाद लिए गए निर्णयों के बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य के बीच होने वाले इस समझौते से हवाई अड्डों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो सकेगा। इससे स्थानीय निवासियों को हवाई आमागमन में सहूलियत होने के साथ ही आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। इसके लिए 25 करोड़ रुपये प्रत्येक हवाई अड्डा के लिए दिया गया है। इस तरह सभी छह हवाई अड्डों के लिए 125 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।



### ये हुए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

- राज्य में भवनों के अंदर गुणवत्तापूर्ण दूरसंचार सेवाएं बहाल करने के लिए बिहार भवन उपविधि, 2014 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत अब व्यक्ति अपने घर की छत पर 5जी मोबाइल नेटवर्क का टॉवर आसानी से लगा सकेंगे।

अपर मुख्य सचिव डॉ सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य में अब सरकार तेलहन और दलहन की भी खरीद करेगी। इसके लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के स्तर से प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत राज्य में दलहन और तेलहन की अधिप्राप्ति का मूल्य मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित किया गया है।

### बदलाव

नए नियमों के तहत अपने वाहन या कैब से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को जेब करनी होगी ढीली

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली :** राजधानी के सबसे प्रमुख और सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन में शामिल नई दिल्ली स्टेशन की पार्किंग की व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नए नियमों के तहत अपने वाहन या कैब से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। ये वाहन स्टेशन के मुख्य परिसर तक जा सकेंगे। यात्रियों को लेकर आने वाले कोई भी वाहन यदि आठ मिनट में स्टेशन परिसर से बाहर निकल जाएंगे तो उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा। यात्री को लेने के लिए आई गाड़ियों को सामान्य या वीआईपी पार्किंग में ही





खड़ा करना पड़ेगा। इसके लिए यात्री को शुल्क चुकाना पड़ेगा। उत्तर रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक, रेलवे की इस नई व्यवस्था से स्टेशन आने वाले यात्रियों को अधिक भीड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्टेशन पर अजमेरी गेट की तरफ नई पार्किंग व्यवस्था को लेकर टेंडर जारी कर दिया गया है। यहां पर जल्द ही एक बार फिर बैरिकेडिंग वाली पार्किंग व्यवस्था शुरू होगी। इस बार की पार्किंग व्यवस्था में दो बड़े बदलाव किए गए हैं। दोनों ही बदलाव यहां आने वाले यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। नए बदलाव के तहत रेलवे स्टेशन के मुख्य परिसर में ऐसे वाहनों को एंट्री दी जाएगी जो केवल यात्रियों को छोड़ने के लिए स्टेशन में आए हैं। ऐसे वाहनों को प्रवेश करने के लिए 8 मिनट का समय मिलेगा। इस दौरान वे अपने यात्रियों को स्टेशन छोड़कर बाहर निकल जाएंगे। लेकिन 8 मिनट से ज्यादा रुकने पर वाहन चालक को 50 रुपये और 15 मिनट से अधिक समय तक रुकने पर 200 रुपये पार्किंग शुल्क चुकाना होगा। वहीं अगर वाहन यात्री को लेने के लिए लिए आया है तो उसे बैरिकेड के पास से ही पार्किंग में भेजा जाएगा। वह यात्री के आने पर पार्किंग से ही वाहन लेकर निकल सकेंगे। अभी कैब चालक से स्टेशन परिसर में आने पर 30 रुपये पार्किंग शुल्क लिया जा रहा था, लेकिन नई व्यवस्था में वह 8 मिनट के भीतर स्टेशन परिसर की लेन में यात्री को उतार कर बाहर जा सकते हैं।

### अधिभार

- चालक को 50 रुपये और 15 मिनट से अधिक समय तक रुकने पर 200 रुपये पार्किंग शुल्क चुकाना होगा

## कुरुद में चार करोड़ की लागत से होगा विकास

**धमतरी।** नगर पंचायत कुरुद में चार करोड़ की लागत से विकास कार्य होंगे। केंद्र और राज्य सरकार से विधायक अजय चन्द्राकर की अनुशंसा से चार करोड़ 37 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। कुरुद में केन्द्र सरकार के योजना से 2.69 करोड़ रुपये के लागत से एसटीपी प्लांट, और नये नगर पंचायत भवन के लिए नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने एक करोड़ 68 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कुरुद नगर पंचायत मे विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी है, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने कुरुदवासियों को बधाई देते हुए कहा वर्तमान परिषद के द्वारा कुरुद में निरंतर विकास कार्य देखने को मिलेगा।

# योजनाओं से बदल रही किसानों की स्थिति

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर राजेंदर सिंह सोलंकी ने विभाग के कार्यालय का निरीक्षण कर विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विस्तार कृषि से जुड़ी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने जिले में कार्यरत कृषि विभाग के समस्त स्टाफ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की व किसानों के लिए संचालित की जारी योजनाओं की समीक्षा की और उन्हें आगे बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए। उन्होनें विभाग की



विभिन्न स्कीमों जैसे की धान की सीधी बिजाई, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फसल अवशेष प्रबंधन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्र, नेचुरल फार्मिंग, फसल बीमा योजना अन्य स्कीमें आदि स्कीमों की विस्तृत जानकारी दी। डॉक्टर सोलंकी ने सभी अधिकारियो को निर्देश दिए कि वे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करें तथा विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है और सभी कर्मचारी इस दिशा में पूर्ण निष्ठा से कार्य करें। अतिरिक्त निदेशक कृषि ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए विशेष रूप से जल संरक्षण की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने डायरेक्ट सीडेड राइस योजना एवं मेरा पानी मेरी विरासत योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने

## युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ के आरोप में केस दर्ज

**रादौर/ (कुलदीप सैनी):** 27 वर्षीय युवती ने युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित कुलदीप तिवारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि उसका पिता व भाई चंडीगढ़ पीजीआई गए हुए थे। घर पर वह अपनी मां के साथ अकेली थी। उसकी मां भी दिमागी रूप से बीमार है। रात्रि करीब 11 बजे उक्त युवक जबरन उसके घर में घुसा और उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ करने लगा।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेम कुमार पुत्र स्व. राम विलास पताः मकान नं. 383, ईस्ट ऑफ कैलाश परविंदर का मकान संत नगर, नई दिल्ली ने एफआईआर संख्या 145/2007 धारा 365 भा.द.स. के तहत** थानाः न्यू अशोक नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रेम कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रेम कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 145/2007 धारा 365 भा.द.स. के तहत थानाः** न्यू अशोक नगर, **दिल्ली के उक्त प्रेम कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**रितिका कंसल**
**न्यायिक दण्डाधिकार प्रथम श्रेणी–02**
**कोर्ट नं.24**
DP/7745/ED/2025 **कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**


# कालका शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आई 13 गायों की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** सोनीपत के राठधाना हरसाना रेलवे स्टेशन पर आज एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहाँ कालका शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से करीब 15 गायें गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस दुर्घटना में 13 गौ माताओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि 2 अन्य को तुरंत एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भेजकर बचाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही सीनियर मेयर राजीव सरोहा तुरंत मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे स्थानीय लोगों में गहरा दुख है। मृत गायों के सम्मानजनक निपटान के लिए, सीनियर मेयर सरोहा ने तत्काल सेनेटरी इंस्पेक्टर कृष्ण को बुलाया। उनकी देखरेख में, मृत गौ माताओं को नगर निगम से जेसीबी मशीन



बुलाकर विधिवत रूप से दफनाया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस सोनीपत के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजीव सरोहा भी मौजूद रहे और उन्होंने इस दुखद घड़ी में सहयोग दिया।
घटना की गंभीरता को देखते हुए, सीनियर मेयर राजीव सरोहा ने रेलवे पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाकर मामले की गहन जाँच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आग्रह किया। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है, और लोग रेलवे ट्रैक के आसपास पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

## जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा योग मैराथन का आयोजन

**सोनीपत।** आयुष विभाग के वरिष्ठद्द चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय शर्मा ने बताया कि 21वें जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जून को सुबह 06 बजे योग मैराथन का आयोजित होगी, जिसका उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार हरी झण्डी दिखाकर लघु सचिवालय से रवाना करेंगे। इस दौरान नगराधीश डॉ0 अनमोल सहित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि योग मैराथन लघु सचिवालय से शुरू होगी और हैबिटेट क्लब के सामने से महलाना रोड़, तिरंगा चौक, छोटूराम चौक से होते हुए वापिस लघु सचिवालय में समाप्त होगी। उन्होंने लोगों का आह्वदान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लघु सचिवालय पहुंचकर योग मैराथन का हिस्सा बने ताकि अच्छे स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही मुहिम को मिलकर सफल बनाया जा सके।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव झा पुत्र विमल किशोर झा, निवासी बी–169, हरिजन बस्ती, कोंडली, पूर्वी दिल्ली ने FIR No. 107/2020, U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव झा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव झा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 107/2020, U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजीव झा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03**
**पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 16**
**DP/7800/ED/2025(Court Matter)** **कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**



### उत्तर रेलवे
#### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः– | 30-Elect-10-T-2025-26-E3 बीआरएसक्यू रेलवे स्टेशन पर केंद्रीकृत नियंत्रण और कमांड सेंटर (सी–4) के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागतः– | रू० 8966875.00 |
| कार्यालय का पताः– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशिः– | रू० 179300.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 10.07.2025, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 10.07.2025, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्डः– | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1802/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अख्तर उर्फ इरफान हुसैन हासमी पुत्र** मो0 हुसैन **निवासी (1)** मकान नं0 एसके–292, सेक्टर–112, नोएडा (उ.प्र.) **(2)** सेक्टर–20, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) **(3)** मकान नं0–220, शीतगढ़, तेहरान, ईरान **(4)** मकान नं0 1004, 10वीं मंजिल, टावर एस–2, सुपरटेक, ईसीओ विलेज–1, पड़वाड़ी, गांव–ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.), **(5)** नोएडा सैक्टर–113, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.), ने **(1) FIR No. 426/23 and (2) FIR No. 478/23, U/S 419/420/34 IPC, पुलिस स्टेशन द्वारका उत्तर, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **(1) FIR No. 426/23 and (2) FIR No. 478/23, U/S 419/420/34 IPC, पुलिस स्टेशन द्वारका उत्तर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अख्तर उर्फ इरफान हुसैन हासमी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री नीतिका कपूर**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,**
**दक्षिण पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–514,**
**DP/7675/DW/2025 (Court Matter)** **द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली**



### उत्तर रेलवे
#### निविदा सूचना

**पत्र सं. 301722** **दिनांक: 17.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 301722 |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "आरसीएनके/एसएनपी में सभी प्रकार के एलएचबी कोचों पर गीले–पर–गीले बाहरी पेंटिंग की आपूर्ति और अनुप्रयोग" |
| अनुमानित लागत | रुपये 25451816/– |
| बयाना राशि | रु. 277300/– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र की तारीख से 24 माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 08.07.2025 समय 15:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1795/25


## लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के गड्ढों की करी मरम्मत

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**
**थानेसर :** आखिरकार लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारी कुंभकर्णी नींद से जाग ही गए और रोटरी चौक से भद्रकाली मंदिर रोड के बीच के गड्ढों की मरम्मत कर दी है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस एक्शन इंडिया ने जनता के इस मुद्दे को प्रमुखता से अपने पेज पर स्थान दिया था जिसका संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग ने उक्त गड्ढों को भरने का काम किया है। इससे आने जाने वाले राहगीरों को बहुत सुविधा हुई है लेकिन एक बात और कि क्या जनहित के मुद्दों पर तभी कार्यवाही होगी जब ऐसे मामले मीडिया द्वारा उठाए जाएंगे ? क्या आम जनता को यह अधिकार नहीं है कि जगह जगह सड़कों पर बने जानलेवा गड्ढों को बिना जन शिकायत के ही उच्च अधिकारी स्वविवेक से गंभीरतापूर्वक ठीक कराने का अपना कर्त्तव्य पूरा करें , मेंइससे उनको दोहरा लाभ होगा एक तो अपने काम की तनख्वाह मिलेगी दूसरे आम जनता की शुभकामनाएं भी मिलेंगी।




### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस सेक्शन में पहाड़गंज, राम नगर जल परिसर, एमएसआरआर, डीएलटी, लाहौरी गेट, थॉम्पसन रोड, पीएफ–16 के पास और आरपीएसएफ जल परिसर में रेत फिल्टर, कीटाणुशोधन प्रणाली और वाल्व संचालन का वार्षिक संचालन और रखरखाव और एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एएनवीटी सेक्शन में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर विभिन्न जल स्थापना बिंदुओं पर रैपिड सैंड फिल्टर, क्लोरीनेशन, पानी की टंकी की सफाई और विभिन्न वाल्व संचालन का वार्षिक संचालन और रखरखाव का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.2,49,60,172.96 (रुपये दो करोड़ उनचास लाख साठ हजार एक सौ बहत्तर और छियान्नवे पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,74,800/– (रुपये दो लाख चौहत्तर हजार आठ सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.07.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/15–2025–26/डब्यू–3
दिनांक : 16.06.2025

1800/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/डीएलआई के खंड में शकूरबस्ती में कोचिंग टर्मिनल वाशिंग लाइन के पास स्थित आरओ प्लांट नंबर–1 क्षमता 20 किलोमीटर प्रति घंटे आउटपुट उपचारित जल आपूर्ति का संचालन एवं रखरखाव का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 1,19,96,492.61 (रुपये एक करोड़ उन्नीस लाख छियान्नवे हजार चार सौ बानबे और इकसठ पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,10,000 /– (रुपये दो लाख दस हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | ₹ 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.07.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-410-32 |

• ठेकेदारों को ई–टॅडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128–W/280/ई–निविदा सूचना/09/2025–26/W–3 दिनांकः 16.06.2025

1798/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1) जय प्रकाश सैनी, पुत्रः श्री शेर सिंह सैनी, 2) जितेंद्र सैनी, पुत्रः श्री शेर सिंह सैनी, दोनो का पताः फ्लैट नं. ए–3, न्यू पोचनपुरी, एमआरवी एन्क्लेव, सेक्टर–23, द्वारका, नई दिल्ली और दूसरा पताः फ्लैट नं. 605, सक्षम अपार्टमेंट, प्लॉट नं. 40बी, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली** ने **FIR No. 66/2016 U/s 406/409/420/120B IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस (ई.ओ.डब्ल्यू), दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1) जय प्रकाश सैनी, 2) जितेंद्र सैनी** नहीं मिल रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1) जय प्रकाश सैनी, 2) जितेंद्र सैनी** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 66/2016 U/s 406/409/420/120B IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस (ई.ओ.डब्ल्यू), दिल्ली** के अभियुक्त **1) जय प्रकाश सैनी, 2) जितेंद्र सैनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**उत्तर पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 108, पहली मंजिल**
**DP/7764/EOW/2025** **रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**


# उपमंडल स्तरीय योग दिवस की तैयारियां तेज, प्रशिक्षण शिविर का भी होगा आयोजन

**रूपरेखा**

इस बार तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को भी अलग अलग जगहों पर मनाने की रूपरेखा बनाई गई है

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इस बार तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को भी अलग अलग जगहों पर मनाने की रूपरेखा बनाई गई है। ताकि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी करवाकर इसे सफल बनाया जा सके। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक व आयुष मेडिकल



ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. ललित सैनी व डॉ. अजय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि उपमंडल अधिकारी रादौर नरेंद्र कुमार एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया के दिशा-निर्देशों पर कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। उनकी अध्यक्षता में ही यह कार्यक्रम अनाज मंडी रादौर में संपन्न होगा। प्रशिक्षण शिविरों की श्रृंखला में बुधवार 18 जून (आज) सुबह 6 से साढ़े सात बजे तक सफल पैलेस रादौर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। जिसमें खंड रादौर के सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोग भाग लेगे। इस दौरान उन्हें योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योग विधियों का अभ्यास करवाया जाएगा। इसके अलावा 19 जून वीरवार को जठलाना, अलाहर, टोपरा कलां, गुमथला राव, हडतान में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए योग जागरण यात्रा आयोजित की जाएगी। शुक्रवार 20 जून को सुबह सात बजे से नौ बजे तक अनाज मंडी रादौर में फाइनल रिहर्सल का आयोजन होगा। शनिवार 21 जून को अनाज मंडी रादौर में ही सुबह 6 बजे से नौ बजे तक 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा।

# खरखौदा में मिले 400 से ज्यादा अवैध गैस सिलेंडर



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा गाँव झरोठ के खेतों में एन डी नांदल के नाम से एच पी की गैस एजेंसी पर अवैध रूप से रखे मिले भारत व इंडेन के गैस सिलेंडर। आपको बता दे कि सीएम फ्लाइंग और सीआईडी, खादय आपूर्ति विभाग की टीम ने मिल कर मारी रैड, रेड में खरखौदा के गाँव झरोठ के खेतों में बने एच पी की गैस एजेंसी पर मिले भारत व इंडेन के भारी मात्रा में अवैध गैस सिलेंडर। जबकि ये सभी सिलेंडर गोदाम में रखने की बजाए खुले में रखे मिले है। वही फायर सेफ्टी को लेकर भी नही मिले पुख्ता इंतजाम। एक्सपाइरी तिथी के मिले फायर सेफ्टी के उपकरण। एजेंसी में मुख्यमंत्री उड़न दस्ते के साथ ही खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और फायर सेफ्टी की टीम ने एक रेड की आईएस दौरान टीम को मौके पर भारी संख्या में दूसरी कंपनी के 422 गैस सिलेंडर रखे मिले।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाइजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change Of Name

I, KIRAN GOYAL W/O SH. PRITAM KUMAR GOYAL R/O T-83A, GALI NO.-4, SHIVAJI NAGAR, NARELA, DELHI-11004. In My Educational documents & Passport No.-M0717644 my name is mentioned as KIRAN, but in Aadhar Card No.-8604 7753 8370 my name is mentioned as KIRAN GOYAL. That KIRAN & KIRAN GOYAL is one & the same person. In future my name will be known as KIRAN GOYAL.

## बेदखली सूचना

मै जोकि इस्लामुद्दीन पुत्र मेहरदीन निवासी बेगा तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत का निवासी अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरा पुत्री खुशनसीब मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करती है। मैं खुशनसीब को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में खुशनसीब से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने 33 आयोग्य मंदिर केंद्र का किया उद्घाटन

**स्वास्थ्य सेवाएं**

आरोग्य मंदिर का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ केंद्रीय मंत्रियों, दिल्ली सरकार के मंत्रियों और भाजपा सांसदों ने मंगलवार को दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर 33 आयुष्मान आयोग्य मंदिर और 17 जगह जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आरोग्य मंदिर का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के बाबर रोड स्थित डिस्पेंसरी और सरोजिनी नगर स्थित डिस्पेंसरी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रवेश वर्मा ने कहा कि आज 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए है। भविष्य में 1139 और केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही जन औषधि केंद्र खोले गए हैं जहां दवाइयां सस्ती मिलती है। उन्होंने कहा कि हर विधान सभा में 15-17 आरोग्य मंदिर खुलेंगे ताकि बड़े अस्पतालों पर ज्यादा बोझ ना आए। वर्मा ने बताया कि 2400 करोड़ रुपये का फंड दिल्ली सरकार को मिला है। सभी फंड का उपयोग किया जाएगा। कोई भी पैसा विज्ञापन में खर्च नहीं होगा सारा पैसा जनता की भलाई के लिए खर्च होगा। दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन के चौखंडी क्षेत्र में एक नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस आरोग्य मंदिर का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ, सशक्त और गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध कराना है। सिरसा ने कहा कि आज दिल्ली को आरोग्य मंदिर के रूप में नई सौगात मिली है। दिल्ली में आज 33 जन आरोग्य मंदिर का शुभारंभ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री के विजन से 10 लाख तक का मुफ्त इलाज होगा। जन आरोग्य मंदिर में कुशल डॉक्टरों की टीम लाई गई है। जिससे की लोगों को महसूस होगा कि वे निजी अस्पताल में हैं। दिल्ली के पर्यटन, विकास व कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने अपने विधानसभा क्षेत्र करावल नगर के खजूरी खास में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। कपिल मिश्रा ने कहा कि आज करावल नगर के खजूरी में आरोग्य मंदिर की शुरुआत की गई है। इसी प्रकार दिल्ली के 33 जगहों पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में आरोग्य मंदिर दिल्ली की जनता को सौंप जा रहे हैं। पिछले 10 साल से दिल्ली में आयुष्मान योजना को रोक कर रखा गया। ये आरोग्य मंदिर पहले ही बन जाने चाहिए थे। यहां पर लोगों का मुफ्त इलाज होगा। जांच भी फ्री होंगी। पिछली सरकार ने दिल्ली के स्वास्थ्य सेक्टर में लूट का मॉडल चलाया था। शिक्षा और शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी ए4 ए ब्लॉक एसएस मोटा सिंह कम्युनिटी हॉल के पास आयुष्मान आयोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से न सिर्फ इलाज, बल्कि एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर दिल्ली की नींव रखी जा रही है। दिल्ली के मंत्री पंकज सिंह ने विकास नगर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन करते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों को प्राथमिक सुविधाएं मिलें। ताकि उन्हें अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़े और अच्छी सुविधाएं मिलें।















## 'आरोग्य के आलोक' से जगमग हो देश की राजधानी- कपिल मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यटन, विकास व कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को करावल नगर विधानसभा के खजूरी क्षेत्र में 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 'आरोग्य के आलोक' से जगमग हो देश की राजधानी इस संकल्प के साथ आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' का उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि आरोग्य मंदिरों की यह श्रृंखला दिल्ली के नागरिकों को उनके निवास स्थान के नजदीक ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक क्रांतिकारी प्रयास है। इससे न केवल बड़े अस्पतालों पर भार कम होगा। बल्कि बीमारी की समय पर पहचान और उपचार भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने इस लक्ष्य को समयसीमा के भीतर पूरा करने हेतु ढांचा, स्टाफ और लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था को तीव्र गति से आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। दिल्ली सरकार का यह प्रयास राष्ट्रीय राजधानी को सर्वांगीण स्वास्थ्य सेवाओं की ओर ले जाने में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में करावल नगर क्षेत्र में 5 और जगहों पर आरोग्य मंदिर जल्द ही स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के हर म्युनिसिपल वार्ड में दो आरोग्य मंदिर खोले जायें। साथ ही क्षेत्र में एक बड़ा अस्पताल भी खोला जाए। इसके लिए दिल्ली सरकार कार्य कर रही है। मिश्रा ने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों में अनुभवी डॉक्टरों की सेवाएं मिलेंगी और सभी जरूरी लैब टेस्ट भी पूरी तरह मुफ्त में किए जाएंगे।

## महापौर ने आरोग्य मंदिर बल्लीमारान का किया उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को सिटी एसपी जोन के बल्लीमारान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलने के बाद लोगों को अब बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर रोदान, बल्लीमारान में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ 14 विभिन्न स्वास्थ्य जांच और टेलीमेडिसिन जैसी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को यहां स्वास्थ्य देखभाल, दवाइयां और उपचार निशुल्क उपलब्ध रहेगा। इससे गर्भावस्था के दौरान होने वाली मुश्किलों को कम करने में मदद मिलेगी। इकबाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की यह पहल आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली की जनता को सुलभ व निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में क्रांतिकारी साबित होगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ यह आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य जागरुकता के प्रसार में भी अहम भूमिका निभाएंगे। महापौर ने कहा कि केंद्र सरकार के आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही हैं। वहीं अब आरोग्य मंदिरों के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि कहा कि नगर निगम दिल्ली को स्वच्छ व हरित बनाकर, शिक्षा की अलख जगाकर और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाकर विकसित भारत के निर्माण में अपना अग्रणी भूमिका निभाने के लिए पूर्ण रूप से समर्पित और तैयार है।



**सुविधा**

आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलने के बाद लोगों को अब बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए परेशान नहीं होगा पड़ेगा

## वैवाहिक विवाद में गंभीर आरोपों के लिए भुगतनी होगी सजा

नई दिल्ली। वैवाहिक विवाद से जुड़े दहेज उत्पीड़न के एक मामले में गंभीर आरोप लगाने के बाद समझौते के आधार पर एफआईआर रद्द करने से इनकार करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस गिरीश कठपालिया की बेंच ने कहा कि मामले में महिला ने याचिकाकर्ताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इतना ही नहीं, महिला ने कोर्ट को यह भी बताया है कि एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न और आपत्तिजनक तस्वीरें लेने जैसे गंभीर आरोप सही हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर लगाए गए आरोप सही हैं तो याचिकाकर्ता सजा के हकदार हैं।

## डीयू में दाखिलों का आगाज, कुलपति ने लॉन्च किया नया एडमिशन पोर्टल

### एमए हिंदी पत्रकारिता व टूरिज्म मैनेजमेंट में दो नए पीजी कोर्स शुरू

**नया सत्र**

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए दाखिलों का बिगुल बज चुका है



टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए दाखिलों का बिगुल बज चुका है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सों के लिए नया एडमिशन पोर्टल लॉन्च किया। इसके साथ ही 5 वर्षीय लॉ व बी.टेक प्रोग्रामों, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) व पीएचडी दाखिलों की प्रक्रिया भी औपचारिक रूप से शुरू हो गई। इस वर्ष डीयू ने पीजी स्तर पर दो नए पाठ्यक्रम एमए हिंदी पत्रकारिता और एमए इन टूरिज्म मैनेजमेंट की भी शुरूआत की है। प्रो. सिंह ने बताया कि जल्द ही अंग्रेजी विभाग में एमए जनलिज्म कोर्स भी शुरू किया जाएगा। साथ ही, प्रत्येक पीजी कोर्स में सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए एक अतिरिक्त आरक्षित सीट जोड़ी गई है। कुलपति ने बताया कि दाखिला पोर्टल को अपग्रेड किया गया है, जिसमें अब ह्वाॅटो-एक्सेप्ट्ह मोड लागू है जिससे आवंटित सीट अपने आप स्वीकृत हो जाती है। इस वर्ष स्नातकोत्तर स्तर पर 82 प्रोग्रामों के लिए कुल 13,432 सीटों पर 53,609 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया है, जिसमें 30,490 छात्राएं, 23,117 छात्र और 2 ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल हैं। सिंगल गर्ल चाइल्ड कोटा के लिए 1,131 और अनाथ कोटे के लिए 90 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एलएलबी प्रोग्राम सबसे लोकप्रिय रहा जिसमें 9,270 पंजीकरण हुए। स्नातक कार्यक्रमों में दाखिला कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के स्कोर के आधार पर होगा। डीयू के 69 कॉलेजों में 79 स्नातक कार्यक्रमों के लिए कुल 71,624 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। डीयू इस बार बीएससी (ऑनर्स) कोर्सों के लिए अनिवार्य 30 प्रतिशत न्यूनतम भाषा स्कोर की शर्त हटा चुका है। डीयू के बी.टेक प्रोग्रामों में भी बड़ी रुचि देखने को मिली, जहां कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कोर्सों के लिए 6,030 छात्रों ने पंजीकरण किया। इनमें से 195 ने सिंगल गर्ल चाइल्ड और 4 ने अनाथ श्रेणी के तहत आवेदन किया है। एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने बताया कि पीजी प्रोग्रामों में इस बार सीयूईटी स्कोर के आधार पर प्रवेश होगा और रिक्त सीटें मेरिट आधार पर भरी जाएंगी। एसओएल अब खेल कोटे, अनाथ बच्चों, ट्रांसजेंडर, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विशेष छूट योजनाएं भी लागू कर रहा है। छात्रों की सहायता के लिए डीयू ने 9 हेल्पलाइन नंबर, ईमेल, चैटबॉट और एसओएल के दो एडमिशन हेल्प सेंटर भी शुरू किए हैं।

## दिल्ली मेट्रो और मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच समझौता

**हस्ताक्षर किए**

यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ रेलवे टेक्नोलॉजी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ रेलवे टेक्नोलॉजी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएं मेट्रो रेल के रोलिंग स्टॉक और ट्रैक मेंटेनेंस के उन्नत स्वचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग करेंगी। यह समझौता आज मेट्रो भवन में डीएमआरसी और मोनाश यूनिवर्सिटी के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। समझौते के अंतर्गत समय-समय पर मोनाश यूनिवर्सिटी और डीएमआरसी अकादमी के बीच विनिमय कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकेंगे। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि डीएमआरसी अकादमी इन सभी गतिविधियों की ज्ञान और प्रशिक्षण भागीदार रहेगी। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी मेट्रो सिस्टम से जुड़े ऐसे अध्ययनों की पहचान करेगा जिन्हें मोनाश यूनिवर्सिटी के माध्यम से विशिष्ट अनुबंधों के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा तकनीकी और शोध सहयोग के अन्य आयामों की भी तलाशा जाएगा, जिससे मेट्रो इंजीनियरों की दक्षता को और मजबूती मिल सके। यह समझौता न केवल डीएमआरसी की कार्यप्रणाली और अनुरक्षण क्षमताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की साझेदारियों के लिए भी नए रास्ते खोलेगा। इस सहयोग से तकनीक और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान होगा, जिससे ट्रेन संचालन की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी, साथ ही यात्रियों के सफर के अनुभव में भी सुधार होगा।मोनाश यूनिवर्सिटी के बारे में मोनाश यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की एक अग्रणी शैक्षणिक संस्था है।

## कार लूट व अपहरण का मामला सुलझा, तीन लुटेरे गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र में बंधक बनाकर लूटने के मामले में पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान योगेश उर्फ कमांडो उर्फ सागर (34), अशोक कुमार (40) और बंटी (25) के रूप में हुई है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने मंगलवार को बताया कि 15 जून को शिकायतकर्ता सागर ने पुलिस को बताया कि वह अपने मालिक जुबिन व उनकी पत्नी के साथ कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया स्थित एक रेस्तरां में पार्टी में आया था। पार्टी में मालिक और उनकी पत्नी चले गए और वह कार में (टाटा हैरियर) बाहर इंतजार कर रहा था। सुबह करीब 5 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति कार के पास पहुंचे। उनमें से दो पीछे की सीट पर बैठ गए और शिकायतकर्ता को जबरन पीछे धकेल लिया।

## ओखला में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के ओखला के बटला हाउस इलाके में अवैध संपत्तियों पर चलाए जा रहे बुलडोजर के बीच कुछ याचिकाकर्ताओं की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने डीडीए व याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया और कहा कि कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा। याचिकाकर्ताओं में हीना परवीन, जीनत कौसर, रुखसाना बेगम व निहाल फातिमा की ओर से पेश अधिवक्ता सोनिका घोष, अनुराग सक्सेना व गुरमुख दास कोहली ने दलील दी कि डीडीए ने सामान्य नोटिस जारी किया है, जबकि खसरा नंबर 279 में आने वाली संपत्तियों का स्पष्ट सीमांकन नहीं है। यह भी कहा गया कि उक्त खसरे में सभी संपत्तियां अवैध नहीं हैं। वहीं, डीडीए ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि याचिका 6 जून को की है और हलफनामे 3 जून के हैं। याचिकाकताओं के वकील ने दलील दी कि वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं और उन्होंने बिल्डर से मकान खरीदा है। यह भी कहा गया कि दो बीघा 10 बिस्वा पर अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने का आदेश है। याचिकाकताओं के वकील ने दलील दी कि वे लंबे समय से वहां रह रहे हैं।

**सवाल**

हाई कोर्ट ने ओखला मामले में फैसला सुरक्षित रखा

याचिकाकर्ताओं ने सीमांकन पर सवाल



## स्कूल बंद हुआ तो ठग बन गए मास्टर जी, होटल को बना रखा था अड्डा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दक्षिणी पश्चिमी जिले के साइबर थाना पुलिस ने राजस्थान से एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने कोरोना में बंद हुए अपने स्कूल को दोबारा शुरू करने के लिए देशभर के लोगों को ठगना शुरू कर दिया। वह जयपुर के होटल में बैठकर ऑनलाइन निवेश के नाम पर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि ठग की पहचान राजस्थान के सीकर निवासी चौथमल सैनी के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल को भी बरामद कर लिया है। वह धोखाधड़ी के दो मामलों में वांछित था। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों से संपर्क करता था। फिर उन्हें मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर ऑनलाइन टास्क देकर अपने फर्जी बैंक खातों में लाखों रुपये का निवेश करा लेता था।



**कोरोना काल में स्कूल बंद होने के बाद शुरू की ठगी :** पुलिस जांच में सामने आया कि चौथमल सैनी एक स्कूल चलाता था। कोराना काल में उसका स्कूल बंद हो गया। इस स्कूल को दोबारा चलाने के लिए आरोपित ने ठगी करना शुरू कर दिया। पहले तो आरोपित ने ठग गिरोह को कमीशन के आधार पर अपने बैंक खाते उपलब्ध कराए। इसके कुछ समय बाद वह खुद भी गिरोह में शामिल होकर ठगी करने लगा। पुलिस ने उससे उसके अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी ली है।

**एस श्रीवास्तव से ठगे थे 29 लाख रुपये:** चौथामल ने कुछ समय पहले ही एस श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति से 29 लाख रुपये ठगे थे। पहले तो आरोपित ने पीड़ित से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। फिर एक वेबसाइट पर पीड़ित को ऑनलाइन पार्ट-टाइम टास्क जाब देकर लाखों रुपये का निवेश करा लिया था।

**जयपुर के होटल को बनाया था ठगी का ठिकाना :** जालसाज ने जयपुर के एक होटल को ठगी करने का ठिकाना बनाया था। वह यहां पर किराए पर कमरा लेकर लोगों से व्हाट्सएप के जरिए संपर्क करता था। पुलिस ने आरोपित को पकड़ने के लिए उसके व्हाट्सएप से लोकेशन का पता लगाया।

**गिरफ्तार**

आरोपित ने कोरोना में बंद हुए अपने स्कूल को दोबारा शुरू करने के लिए देशभर के लोगों को ठगना शुरू कर दिया

## सरोजनी नगर में नाबालिग के साथ मारपीट

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सरोजिनी नगर बाजार में नौ वर्षीय एक लड़के को कथित तौर पर थप्पड़ मारा गया, अपमानित किया गया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। अधिकारी ने कहा कि नेपाली लड़के के साथ अपमानजनक व्यवहार का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस घटना के लिए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। वीडियो में एक व्यक्ति लड़के को बेल्ट से पकड़े हुए है और दूसरा उसकी पैंट पर पानी डाल रहा है। लड़का रोता है और गिड़गिड़ाता है, उसे गालियां दी जाती हैं और थप्पड़ मारे जाते हैं, और एक समय पर, उसके बालों पर लिक्विड साबुन डाला जाता है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल ने कहा, "उनमें से एक व्यक्ति लड़के के हाथ और बेल्ट को पकड़े हुए दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरा उसकी पैंट में पानी डाल रहा है।" गोयल ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति लड़के को अपने पैर से दबाते और उसे गालियां देते हुए दिखाई दे रहा है। पीड़ित तीसरी कक्षा का छात्र है और नेपाल का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि उसकी मां सरोजिनी नगर मार्केट इलाके में रसोइया का काम करती है। डीसीपी ने बताया कि कथित वीडियो में बच्चे को, जिसकी बाद में पहचान नौ वर्षीय लड़के के रूप में हुई, तीन लोगों द्वारा थप्पड़ मारते, गाली देते, धमकाते और अपमानित करते हुए दिखाया गया है।



# गुरुग्राम में गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का हुआ लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा ने लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को भारत सरकार में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ गुरुग्राम के मानेसर स्थित मारुति प्लांट में देश के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। आईएमटी मानेसर स्थित मारुति सुजुकी प्लांट में स्थापित यह टर्मिनल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत तैयार किया गया है जोकि भारत में विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क विकसित करने की दिशा में एक बड़ी योजना है। इस पूरी परियोजना पर 1 लाख 17 हजार 91 मिलियन रुपए की लागत आई है। इसमें हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 55.4 प्रतिशत, एचएसआइआइडीसी की 19 प्रतिशत और गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की 5 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

**देश के 380 शहरों और दो बंदरगाहों से हुई कनेक्टविटी: मुख्यमंत्री**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के दूसरे और हरियाणा के पहले गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के लोकार्पण समारोह में पहुंचने पर



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत किया। उन्होंने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुग्राम में देश के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल की शुरूआत हरियाणा की विकास गाथा में एक नए स्वर्णिम अध्याय का शुभारंभ है। यह सिर्फ लोह-इस्पात का ढांचा नहीं, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के विजन को साकार करने में मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्गो टर्मिनल से न केवल मानेसर और गुरुग्राम प्लांट में बनी गाड़ियां देश के 17 हब और 380 शहरों तक पहुंचेंगी, बल्कि पीपावाव और मुंद्रा जैसे बंदरगाहों तक निर्यात होने वाले वाहन भी भेजे जाएंगे। यह हरियाणा को वैश्विक सप्लाई चेन से सीधे तौर पर जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि इस ऐतिहासिक परियोजना को साकार करने में हरियाणा सरकार एक प्रमुख भागीदार है।

**देश का एक प्रमुख ऑटोमोबाइल विनिर्माण हब बना हरियाणा**
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा देश का एक प्रमुख ऑटोमोबाइल विनिर्माण हब बन



चुका है। इस समय भारत में बनने वाली कारों का लगभग 50 प्रतिशत उत्पादन हरियाणा में किया जा रहा है। हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मारुति के आंतरिक रेलवे यार्ड का विकास किया जाना, हमारी 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य ने लॉजिस्टिक्स हब बनने की अपनी प्रतिबद्धता को पुष्ट करते हुए पूरे हरियाणा में कौशल बढ़ाने के लिए विभिन्न उद्योग निकायों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ भी साझेदारी की है।

**प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच पी.एम. गतिशक्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण कार्गो टर्मिनल**
मुख्यमंत्री ने कहा यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच पी.एम. गतिशक्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक क्रांति है। जिसमें देश के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के तरीके को बदलने का एक संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टिता ने पूर्व निर्धारित कार्य संस्कृति को

**दूरदर्शी सोच**

- मुख्यमंत्री सैनी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ मानेसर में मारूति प्लांट में गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का संयुक्त रूप से किया लोकार्पण

बदलते हुए होल ऑफ द गवर्नमेंट एप्रोच यानि संपूर्ण सरकार की साझा सोच को जन्म दिया है। सैनी ने कहा कि पीएम गति शक्ति एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो रेल, सडक, बंदरगाह, हवाई अड्डे, जलमार्ग और लॉजिस्टिक्स जैसे सभी महत्वपूर्ण विभागों को एक साथ लाता है। मारुति सुजुकी की रेलवे साइडिंग इसी विजन का जीता-जागता प्रमाण है। यहाँ मारूति प्लांट के अंदर बनी कारें सीधे कार्गो ट्रेन में लोड होंगी और देश के कोने-कोने तक पहुंचेंगी।

**ढाई लाख करोड़ रुपए हुआ रेलवे का वार्षिक बजट: रेल मंत्री**
केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के लोकार्पण समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों के दौरान रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा क्रांतिकारी बदलाव आया है।

## न्यूज फ्लैश

### इनसो ने एडीसी पंकज सिंह को महामहिम राज्यपाल हरियाणा के नाम सौंपा ज्ञापन



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन (इनसो) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ( लृअव) में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में अतिरिक्त उपायुक्त पंकज सिंह के माध्यम से महामहिम राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन सोंप एचएयू हिसार के कुलपति को बर्खास्त कर उन्हे खिलाफ कार्यवाही कर गिरफ्तार करने की मांग की है ।
इनसो छात्र नेताऔ ने बताया की एचएयू विश्वविद्यालय के कुलपति व उसके कुछ चेहते अधिकारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्रों को गंभीर चोटे मारे जाने व अपनी शक्तियों को गलत दुरुपयोग करके लाटीचार्ज करके छात्रो के अधिकारों को कुचलने के प्रयास के कारण छात्रों में काफी गुस्सा व नाराजगी है छात्र लगातार धरना प्रदर्शन करके अपनी मांगों के लिए संघर्षत है इस मामले में पुलिस द्वारा मुक्कदमा दर्ज करके एक दोषी प्रोफेसर को गिरफ्तार भी किया जा चुका है लेकिन जिसके के इशारे पर छात्रों पर लाठीचार्ज किया है अभी तक उन्हे गिरफ्तार नहीं किया गया है इनसो छात्र नेताओं ने राज्यपाल से माग की है तुरंत प्रभाव से इस मामले पर संज्ञान लेकर एचएयू के कुलपति को पद से हटाकर मुक्कदमा दर्ज करके सलाखों के पीछे बेजा जाए ।
इस अवसर पर रोहित सिंह, दिब्याशु सैनी , रजत खर्ब, नरेश शर्मा आदि छात्र मौजूद रहे।

### पुलिस ने खेलों के जरिए युवाओं को दिखाई नशा मुक्ति की राह



**रादौर (कुलदीप सैनी)** : जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत थाना रादौर की ओर से गांव नगला साधान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं और ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। मैच का शुभारंभ थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने किया। थाना प्रभारी नरेंद्र राणा ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को नष्ट कर देता है और उसे पतन की ओर ले जाता है। उन्होंने युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर होने और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि यदि किसी को नशा बेचने की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### मामूली कहासुनी में दोस्त की पीट-पीट कर हत्या

**गुरुग्राम।** मारुति कुंज में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोस्तों में मामूली कहासुनी पर युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले में आरोपित दोस्त से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात आदेश और उसके दोस्त गिरधर के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद आदेश मृत पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर मारुति कुंज पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस हत्याकांड में गिरधर से भी पूछताछ कर रही है।

## मुझे एक दिन सीएम की कुर्सी दो, सारे बदमाश एक दिन में प्रदेश छोड़कर भाग जाएंगे: अभय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** मंगलवार को प्रदेश में कानून व्यवस्था, सीईटी पेपर, एचएयू में छात्रों की बर्बरतापूर्वक पिटाई और एचपीएससी में हो रही धांधली जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने बड़े दावे के साथ कहा कि उन्होंने बिना पर्ची बिना खर्ची के रोजगार दिया। लेकिन सच्चाई यह है कि 100 में से 80 पोस्ट पर बाहरी लोगों को भर्ती किया। सीईटी पेपर देने के लिए सरल पोर्टल बना रखा है जिसे जानबूझ कर ठप्प रखा गया जिसके कारण लाखों बच्चे आवेदन करने से वंचित हो गए। सीईटी के लिए आवेदन करने के लिए 15 दिनों का समय और बढ़ाया जाए। प्रेस वार्ता में इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, राष्ट्रीय वरिष्ठ



उपप्रधान आरएस चौधरी, पूर्व डीजीपी एमएस मलिक, प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला और संगठन सचिव उमेद लोहान समेत वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।
चाहे एचपीएससी हो या एचएसएससी हो दोनो ही भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई हैं और भर्तियों में घोटाले हो रहे हैं। बीजेपी सरकार ने अगर किसी वर्ग की सबसे ज्यादा अनदेखी की है तो वह युवा और किसान वर्ग है। दुनिया में हर यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप दी जाती है। लेकिन एचएयू (हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी) के अंदर जिन बच्चों को महीने का 10 हजार रुपए स्कॉलरशिप का मिलता था उनकी स्कॉलरशिप बंद कर दी गई। एचएयू का

**साधा निशाना**

- मुख्यमंत्री बिना पर्ची बिना खर्ची के रोजगार देने के सारे दावे फेल, सच्चाई यह है कि 100 में से 80 पोस्ट पर बाहरी लोगों को भर्ती किया

वीसी अनपढ़ है, नकली डिग्री ली है। एचएयू के वीसी को लेकर हमारे विधायक अर्जुन चौटाला ने विधानसभा में जांच करने की मांग रखी थी। लेकिन बजाय जांच करने के मुख्यमंत्री ने उसकी पीठ थपथपाई। एचएयू एशिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है। बच्चों ने जब वीसी के समक्ष स्कॉलरशिप बंद न करने की मांग रखी तो बात सुनने की बजाय उन पर लाठीचार्ज किया गया। सिक्योरिटी ने तो ल चलाए ही साथ में पढ़ाने वाले प्रोफेसर ने भी ल चलाए। जिन बच्चों को चोटें लगी उनकी एमएलआर कटनी चाहिए, साथ ही वाइस चांसलर समेत, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर और प्रोफेसर को तुरंत नौकरी से बर्खास्त किया जाए। जो गरीब घरों के बच्चे यूनिवर्सिटी और कॉलेज में पढ़ते थे उनसे फीस भरने को कहा गया और कहा कि सरकार द्वारा स्कॉलरशिप आने के बाद पैसा उनके खाते में डालेंगे। अगर उनके पास पैसे ही होते तो सरकार से मदद ही क्यों लेते।
कानून व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, पानी व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प है। गांव में मुश्किल से चार घंटे बिजली मिलती है। कानून व्यवस्था का तो पूरी तरह से दिवालिया पिट चुका है। हैरानी होती है जब मुख्यमंत्री यह कहता है कि हम एक भी गैंगस्टर को सर उठाने नहीं देंगे।

## प्रस्तावित जंगल सफारी से हरियाणा बनेगा ईको-टूरिज्म का नया केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने जानकारी दी है कि हरियाणा सरकार द्वारा अरावली क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी जंगल सफारी परियोजना और अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य न केवल इको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है, बल्कि जैव विविधता, वन्य जीव संरक्षण और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना भी है। उन्होंने बताया कि अरावली भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है, जो हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित चार राज्यों में फैली हुई है, और 1.15 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। केंद्र सरकार ने हरियाणा को ह्यअरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्टह्ल और ह्यजंगल सफारीह्ल का दायित्व सौंपा है, जो पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक मील का पत्थर साबित होगा।
राव नरबीर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के दौर में पर्यावरण संरक्षण एक वैश्विक चिंता बन गया है। उन्होंने कहा, "प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील होकर ही हम पर्यावरण संतुलन बनाए रख सकते हैं।" आज कई युवा स्टार्टअप्स और निजी संस्थाएं भी वन्यजीव संरक्षण में भागीदारी कर रही हैं, जो सरकारी प्रयासों को मजबूत बना रही हैं।
मंत्री ने बताया कि यह परियोजना पहले पर्यटन विभाग के अधीन थी, पर अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश अनुसार इसकी जिम्मेदारी वन विभाग को दी गई है। वे स्वयं नागपुर की गोरेवाड़ा सफारी और गुजरात की वनतारा परियोजना का दौरा कर चुके हैं।

### कालांवाली नगरपालिका चुनाव के मद्देनजर 29 जून को सवेतन अवकाश

**चंडीगढ़:** जिला सिरसा के कालांवाली नगरपालिका के अध्यक्ष तथा सभी वार्डों के पार्षदों के रिक्त पदों को भरने के लिए आगामी 29 जून (रविवार) को होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर, चुनाव क्षेत्र में स्थित हरियाणा सरकार के सभी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों में सवेतन अवकाश रहेगा। यह अवकाश जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-बी तथा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 173-ए के अंतर्गत प्रदत्त प्रावधानों के अनुरूप है।

## बेहद कम रेट में पिट रही मक्का और सूरजमुखी: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ। पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि एकबार फिर बीजेपी के उस दावे की पोल खुल गई है, जिसमें वो 24 फसलों पर एमएसपी देने की बात करती है। आज मंडियों में किसान की मक्का और सूरजमुखी एमएसपी से बेहद कम रेट में पिट रही है और सत्ताधारी बीजेपी आंखें बंद करे बैठी है। कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, कैथल और आसपास के क्षेत्रों की मंडियों में दोनों फसलों की आवक जोरो पर है। लेकिन किसानों को 2400 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की बजाए मक्का का सिर्फ 1000 से 1400 रुपये ही रेट मिल रहा है। पूरी तरह सूख चुकी फसल का रेट भी ज्यादा से ज्यादा 1800 रुपये ही मिल रहा है। इसी तरह कागजों में सूरजमुखी की 7280 रुपये है। लेकिन किसानों को बमुश्किल 6400 रुपये भाव मिल पा रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सरकारी खरीद नहीं हो रही है। खुद खरीद करने की बजाए सरकार ने जानबूझकर किसानों को प्राइवेट एजेंसियों के हवाले कर दिया। अब एजेंसियां मनमाने रेट पर फसल खरीद रही हैं और प्रति क्विंटल किसानों को 500 से 1000 रुपये का घाटा हो रहा है। हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार सत्ता में आने के बाद से न सिर्फ मक्की व सूरजमुखी, बल्कि धान, गेहूं समेत तमाम फसलों की एमएसपी के लिए किसान तरस रहे हैं। इस सरकार ने तो बाकायदा कानून लाकर एमएसपी को खत्म करने की भी प्लानिंग कर ली थी। लेकिन किसान आंदोलन के चलते उसे कानून वापिस लेने पड़े। लेकिन अब सरकार अप्रत्यक्ष तरीके से अपने मंसूबों को अंजाम दे रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार किसानों पर दबाव बनाया जाता है कि धान छोड़कर मक्का की खेती करो। इसके लिए हर साल प्रोत्साहन राशि का भी ऐलान किया जाता है। लेकिन हर बार किसानों को धोखा ही हाथ लगता है।

## तटबंधों की मजबूती के नाम पर चल रहा है खेल: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार घोषणाओं के बाद केवल कागजों का पेट भरकर विकास के दावे कर रही है पर हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। घग्घर नदी और यमुना के तटबंधों के नाम पर जेब भरी जा रही है कही पर काम शुरू हुआ नहीं है और कही पर नाममात्र का काम किया गया है, 30 जून तक की समय सीमा में काम पूरा होने की कोई संभावना नहीं है अगर बाढ़ के हालात पैदा होते है तो यही



अधिकारी फर्जी बिल बनाना शुरू कर देंगे। न खाएंगे और न खाने देंगे की बात करने वाली भाजपा के राज में अधिकतर विभाग खाने में ही लगे हुए है जिसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पड़ता है, पिछले साल घग्घर नदी ने भारी तबाही मचाई थी और जान माल का नुकसान हुआ थ, सरकार को खुद भी काम की निगरानी रखनी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बाढ़ बचाव कार्य और बाढ़ के बाद बिगड़े हालातों की देखभाल पर सिंचाई विभाग और अन्य अधिकारी कर्मचारी फर्जी बिल बनाकर जेबे भरना शुरू कर देते है, अगर निष्पक्ष जांच करवाई जाए तो सारा घोटाला सामने आ जाएगा। घग्घर नदी पिछले दो सालों से तबाही मचा रही है पर सिंचाई विभाग ने कोई सबक नहीं लिया, अगर इस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को कोई चिंता होती है तो इस बात की कि कैसे बजट का पैसा जेब में डाला जाए। 2023 में आई बाढ़ से हजारो एकड़ फसल जलमग्र हुई थी, सैकडों गांव डूब गए थे और चार लोगों की जान भी गई थी। अंबाला में 20, कैथल के गुहला में दर्जनों गांव, फतेहाबाद में 52 गांव प्रभावित हुए थे और 35405 एकड़ फसल को नुकसान हुआ था।

## विधायक अरोड़ा ने जिला प्रधान कुलदीप हथीरा तथा उनकी टीम को दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो तथा उनकी टीम में शामिल नव निर्वाचित ब्लॉक प्रधानों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि यह सभी पदाधिकारी युवा शक्ति को कांग्रेस पार्टी से जोड़कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। अरोड़ा ने कहा कि जो भी युवा कांग्रेस के पदाधिकारी निर्वाचित हुए हैं, वह सभी पार्टी के निष्ठावान सिपाही है और संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्यरत रहते है। अरोड़ा ने सभी नव निर्वाचित प्रधानों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



इस अवसर पर युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो हथीरा ने कहा कि विधायक अशोक अरोड़ा के आशीर्वाद से नई टीम युवा शक्ति को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के साथ जोड़ेगी और संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ इसका विस्तार करेगी। हल्का थानेसर के प्रधान कुलदीप सैनी (सुंदरपुर), सेक्टर- 5 निवासी नवनीत नरवाल प्रधान युवा कांग्रेस ब्लॉक मिजार्पुर, अंकुश गर्ग युवा कांग्रेस प्रधान ब्लॉक थानेसर , देवेंद्र बागथला युवा कांग्रेस प्रधान ब्लॉक ज्योतिसर, अंकित बिल्लू निवासी गांव कंवारखेड़ी युवा कांग्रेस प्रधान ब्लॉक अमीन ने अपने समर्थकों के साथ विधायक अशोक अरोड़ा से मिलकर आशीर्वाद लिया।

## एआई और स्वच्छ वायु परियोजनाओं के लिए नए पद सृजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने हरियाणा एआई विकास परियोजना (एचएआईडीपी) और सतत विकास हेतु हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना (एचसीएपीएसडी) के अलावा, अन्य बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं हेतु स्पेशल पपर्ज व्हीकल (एसपीवी) के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के दो नए पद सृजित किए हैं।
आईएएस अधिकारी जे. गणेशन, जो वर्तमान में हारट्रॉन के प्रबंध निदेशक; सभी के लिए आवास विभाग के महानिदेशक तथा आवास विभाग के सचिव; हाउसिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक; हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं, को एचएआईडीपी और एचसीएपीएसडी के स्पेशल पपर्ज व्हीकल हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नव सृजित पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।
एचसीएस अधिकारी दीपक कुमार, जो वर्तमान में हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के संयुक्त मुख्य कार्यकारी के पद पर तैनात हैं, को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा, एचएआईडीपी और एचसीएपीएसडी के स्पेशल पपर्ज व्हीकल के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे।

## कुवि के पर्यावरण अध्ययन संस्थान के तीन छात्राओं की हुई प्लेसमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पर्यावरण अध्ययन संस्थान, द्वारा पिछले दिनों सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया, जहां जयपुर स्थित गौरांग एनवायरनमेंटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने संस्थान द्वारा संचालित एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) की तीन छात्राओं नेहा, अंजू भ्यान तथा रूबल को कंपनी में पर्यावरण अधिकारी के पद पर चयनित किया।
इस उपलब्धि के कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



संस्थान के निदेशक व डीन फैकल्टी आफ लाइफ साइंस प्रोफेसर जितेंद्र शर्मा ने गर्व व्यक्त करते हुए चयनित छात्रों को उनकी सराहनीय उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्लेसमेंट ड्राइव का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटना, छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के लिए सशक्त बनाना और संस्थान और समाज दोनों की प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण योगदान देना है।

# कन्या भ्रूण हत्या करने वालों को बख्शा न जाए, दोषी को सजा मिले: उत्तम सिंह

**दिशा-निर्देश**

**सलाहकार समिति की ली बैठक, लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने के दिए निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। इस अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए, दोषी को सजा अवश्य मिले। इसके लिए अधिकारियों को कहा कि पैरवी बेहतरीन तरीके से की जाए। उपायुक्त मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट) के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि लिंग परीक्षण करवाना और करना दोनों कानूनी तौर पर अपराध हैं, ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्त कार्रवाई करें। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक बुराई है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर रेड बढ़ाएं तथा औचक निरीक्षण कर उनके रिकॉर्ड की जांच करें। उन्होंने कहा कि अब तक कन्या भ्रूण हत्या से जुड़े जितने मामले दर्ज हुए हैं, उनका डाटा अगली बैठक में प्रस्तुत करें और यह भी बताना सुनिश्चित करें कि कितने लोगों को सजा मिली है और कितने लोग बरी हुए हैं, साथ ही बरी होने का कारण भी स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि पीएनडीटी से जुड़े मामलों को जिला न्यायवादी के संज्ञान में लाएं ताकि उनकी बेहतरीन तरीके से पैरवी हो सके, दोषी को सजा मिले। उन्होंने कहा कि जो टीम लिंगानुपात जांच की सूचना मिलने पर रेड करने जाती है, उसकी ट्रेनिंग करवाएं तथा फिर भी वो अगर रेड में सही कार्य नही कर पाते हैं तो उन कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने सीएमओ को कहा कि जिन गांवों में लिंगानुपात कम है, उन गांवों की सूची बनाएं तथा वहां पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएं।उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर का नियमित निरीक्षण करें और उनके रिकॉर्ड की जांच करें। मेडिकल स्टोर पर लगाए गए हाई रेजोल्यूशन के सीसीटीवी कैमरों को समय.समय पर चेक करें तथा उसके रिकॉर्ड की एक प्रति भी अगली बैठक में लेकर आएं। उन्होंने डीपीओ को निर्देश दिए कि सीडीपीओ, सुपरवाइजरों की बैठक बुलाएं और इसके बाद धरातल पर कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सचेत करें कि उनके क्षेत्र में कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित कोई भी घटना न घटे और गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान रखें और उनके पास उनके गांवों का पूरा रिकॉर्ड होना चाहिए कि गांव में कितने बच्चे हुए हैं और कितनी महिलाएं गर्भवती हैं।
बैठक में सीएमओ डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों और नियमों के उल्लंघन करने पर 5 वर्ष तक की सजा एवं 10 हजार रुपये तक का जुमार्नें का प्रावधान है तथा नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ गुप्त सूचना देने वाले को 1 लाख रुपये तक का इनाम देने का भी एक्ट में प्रावधान किया गया है।

## योग ही स्वास्थ्य का आधार है: दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शिविर में सैकड़ों लोग योग का लाभ लेने के लिए जुटेंगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से किया जाएगा, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक संस्थाएं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों भाग लेंगे।
मिशन की मीडिया प्रभारी निधि गुप्ता ने बताया कि 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन होगा, जिसमें मिशन के सभी 20 कक्षाओं के शिक्षक और साधक सामूहिक रूप से भाग लेंगे और योग के प्रचार-प्रसार में पूरा योगदान देंगे। इसी संदर्भ में योग शिक्षकों ने सभी कक्षाओ में जाकर योग साधकों को परिवार और मित्रों सहित शिविर में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि तीन दिवसीय निशुल्क शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ पाएं।

# चमकते भविष्य की रखिए नींव: मलिक

**वारदात**

**बेरोजगारी मुक्त समाज की स्थापना प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी का मुख्य उद्देश्य : देव मलिक**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
जयप्रकाश नारायण पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिवाह पानीपत में ब्यूटी पार्लर बैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि देव मलिक वरिष्ठ नेता , सदस्य जिला कर कमेटी द्वारा रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित करके किया गया। ये कोर्स 35 दिन तक कराया जाएगा जिस में 25 महिलाये लाभ लेगी।
परीक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि देव मलिक वरिष्ठ नेता ने कहा की महिलाएं हों या पुरुष, आज सभी अपने सुंदर लुक के प्रति सजग नजर आते हैं। खूबसूरत बनने की उनकी ललक को अंजाम दे रहे हैं ब्यूटी पार्लर। जब सभी खूबसूरत नजर आना चाहते हैं तो निश्चित तौर पर ब्यूटी पार्लर और ब्यूटीशियन का काम भी बड़े पैमाने पर होगा ही। यही वजह है कि ब्यूटीशियन की मांग तेजी से बढ़ रही है। आज के फलते-फूलते स्वरोजगारों पर अगर नजर डालें, तो ब्यूटी पार्लर का काम उनमें अलग ही चमकता नजर आएगा। जहां तक ब्यूटीशियन बनने की बात है, तो ब्यूटीशियन बनना बहुत आसान है, लेकिन एक अच्छा ब्यूटीशियन बनने के लिए आपको प्रशिक्षण से लेकर अच्छी रुचि और अपने को अपडेट रखने की जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा ब्यूटीशियन को डिजाइनिंग के हिसाब से सामने वाले को सजाने-संवारने का जितना अनुभव होगा, उसका काम और नाम भी उतना ही होगा।उन्होने लड़कियो पर बोलते हुए कहा की लडकीय किसी भी क्षत्र मे पीछे नहीं है लड़कियो को आत्मविसवासी ओर सावलमभी बनना चाहिए । उन्होंने साथ में कहा कि कुछ लोग पढ़ने में अच्छे होते हैं और उसी के बल पर अपनी मंजिल हासिल कर लेते हैं तो कुछ पढ़ने में भले ही औसत दर्जे के हों, पर हाथ के हुनर के बल पर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले जाते हैं। ब्यूटी पार्लर , जिसकी आज के समय में काफी मांग है ।
ब्यूटी पार्लर सीख कर चाहें तो कहीं नौकरी कर सकते है या फिर स्वरोजगार शुरू कर दूसरों को नौकरी दे सकते है।
संस्थान के निदेशक नीरज मंडल ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी और बताया की स्वरोजगार के क्षेत्र में विकास की असीमित अवसर है इसे अपनाकर आप दूसरों को भी रोजगार मुहैया करा सकते हैं

# हिमाचल में करनाल की बेटी की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले में स्थित कोकसर के पास एक टैम्पो ट्रेवलर के गहरी खाई में गिरने के मामले में करनाल की एक महिला की मौत हुई है, जबकि उसके पति व तीनों बच्चे घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल पति व डेढ़ साल के बेटे को डॉक्टरों ने अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया है।
वहीं करनाल के ही चार लडके जो अलग ग्रुप में यात्रा कर रहे थे। वो भी इस टैम्पो ट्रेवलर में सवार थे। इनमें से एक की गर्दन की हड्डी टूट गई है, बाकी को मामूली चोटें आई हैं। सभी को मनाली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे की वजह चालक की लापरवाही बताई जा रही है, जो नशे में था और फोन पर बात कर रहा था।
हादसे में 28 वर्षीय मोनिका की मौत हो गई है। वह करनाल की रहने वाली थी और उसकी शादी फरीदाबाद में हुई थी। हादसे के समय मोनिका अपने पति अमित और तीन बच्चों के साथ टूर पर निकली थी। डेढ़ साल का बेटा और दो बेटियां उनके साथ थीं। सभी को गंभीर चोटें आई हैं। बेटे और अमित की हालत ज्यादा नाजुक है, जिन्हें अपोलो अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दोनों बेटियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।
करनाल के ही चार लडके निकुंज, वैभव, यतिन और शिवांश शुक्रवार की दोपहर घर से घूमने के लिए निकले थे। सभी पहले चंडीगढ़ पहुंचे और वहीं से एक टैम्पो-ट्रेवलर बुक कर रोहतांग की ओर रवाना हो गए। वापसी के दौरान कोकसर के पास यह हादसा हो गया। निकुंज की मां और दादी ने बताया कि सभी बच्चे मंगलवार शाम तक लौटने वाले थे, लेकिन हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में हडकंप मच गया। निकुंज के पिता उसे लेने के लिए मनाली रवाना हो चुके हैं।
घायलों के पड़ोसियों ने बताया कि टैम्पो-ट्रेवलर चला रहा ड्राइवर हादसे के समय नशे में था और फोन पर बात करते हुए गाड़ी चला रहा था। इसी लापरवाही के कारण वाहन कोकसर के पास 200 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। रेस्क्यू टीम ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया।
मोनिका की मौत की सूचना मिलते ही करनाल और फरीदाबाद स्थित परिवारों में मातम छा गया। परिजन हिमाचल के लिए रवाना हो चुके हैं और शव को वापस लाने की तैयारी की जा रही है।

## विमान दुर्घटना के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरु नानक खालसा महाविद्यालय में अहमदाबाद में घटित हृदयविदारक विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या, समस्त प्राध्यापकगण तथा छात्र–छात्राओं ने गहन भावनात्मक वातावरण में मौन प्रार्थना के माध्यम से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह 'प्रिंसइ ने अत्यंत दुखी मन से इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की। प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गंभीर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है, यह केवल उनके परिवार की नहीं, अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. देवी भूषण ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु शब्दों के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके परिजनों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की।

# एमवे इंडिया ने इम्युनिटी पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**शिमला:** सेहत क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट के साथ अपनी पोषण श्रेणी उत्पादों में वृद्धि की है। इसे प्लांट प्रोटीन आधारित पूरक,एसरोला चेरी,हल्दी और लीकोरिस की प्राकृतिक ताकत के साथ वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया है।इस शक्तिशाली फॉर्मूलेशन में ऐसे पोषक तत्व हैं जो शरीर में ट्रिपल एक्शन फॉर्मूला के साथ कार्य करते हैं प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करना,सूजन को कम करना तथा आंत,त्वचा और प्रतिरक्षा स्वास्थ्य के लिए मजबूत एंटीऑक्सीडेंट सुरक्षा प्रदान करना। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा कि चूंकि खराब पोषण देश के आधे से अधिक लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है इसलिए समग्र स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ प्लांट प्रोटीन आधारित उपायों की आवश्यकता आज पहले से कही ज्यादा है।आज के उपभोक्ता पहले की तुलना में अच्छे स्वास्थ्य को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। 52 फीसदी व्यक्ति सप्लीमेंट्स से सबसे बड़े लाभ के रूप में मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली चाहते हैं जो समग्र स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकता की बढ़ती मांग को रेखांकित करता है।उपभोक्ता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए और उत्पाद नवाचार क्षेत्र में तेजी लाने की हमारी रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकता के हिस्से के रूप में हमें अपने नवीनतम नवाचार एमवे द्वारा न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट को पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है । न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट टिकाऊ प्लांट प्रोटीन आधारित और साक्ष्य समर्थित पोषण के फॉमूर्ले पर आधारित है।
प्रत्येक खुराक में विटामिन सी की अनुशंसित दैनिक खुराक (आरडीए)की 100 प्रतिशत मात्रा मिल जाती है जो प्रतिरक्षा प्रणाली की इष्टतम अवस्था सुनिश्चित करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट यूजी 2025: नारनौल के पारस यादव ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 381



**नारनौल।** टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि नारनौल शाखा के 27 छात्रों ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी नीट यूजी 2025 परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। यह असाधारण प्रदर्शन छात्रों की प्रतिबद्धता, शैक्षणिक अनुशासन और एईएसएल द्वारा प्रदान किए गए विश्वस्तरीय कोचिंग व मार्गदर्शन का परिणाम है। यह परिणाम कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, नारनौल शाखा के प्रमुख छात्रों ने नीट यूजी 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है।

## शांतनु हत्याकांड के आरोपियों की सूचना देने वालों को 2 लाख रुपये ईनाम की घोषणा




**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद मारकंडा (प्रदीप कुमार)/**
शाहबाद मारकंडा दिनांक 13 जून 2025 को शाहबाद में शराब माफिया शांतनु हत्याकांड के आरोपियों को पकड़वाने/सूचना देने वालों को हरियाणा पुलिस ने 2 लाख रुपये इनाम की घोषणा की है। वृद्धाश्रम की पहचान रोमिल वासी जिला यमुनानगर के रूप में हुई है।
पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 13 जून 2025 को शाहबाद में शराब फैक्ट्री शांतनु के चार लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुरावशेषों की सूची में शामिल हैं 14 मार्च, 2020 पुलिस ने एक नवजात की फोटो सार्वजनिक कर पासपोर्ट से पकड़वाने या उसकी सूचना की अपील की है। इस बमबाड़ा में दिनांक 15 मई को बिलासपुर जिले के यमुनानगर में भी इमिग्रेशन सैंटर को आग लगा दी गई थी और उसके बाद रात 10 बजे चंडीगढ़ में भी आग लगा दी गई थी। हरियाणा पुलिस ने 2,00,000 ईनाम की इनामी राशि की घोषणा की है । अगर युवा युवाओं के बारे में किसी के पास कोई जानकारी है तो इसकी पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
सूचनार्थ मोबाइल नंबर
पुलिस कंट्रोल रूम कुरुक्षेत्र - 01744-222100, 70822-15514
प्रभारी अपराध शाखा- 1
कुरुक्षेत्र- 70567-00107
प्रभारी अपराध शाखा- 2
कुरुक्षेत्र- 70567-00108

# हरियाणवी मॉडल शीतल की हत्यारोपी को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

**प्रेसवार्ता**

**पुलिस ने सोमवार को शव का पीजीआई खानपुर में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया था।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने हरियाणवी मॉडल शीतल 24 की हत्या की वारदात का पदार्फास कर सोमवार शाम को आरोपी इसराना निवासी सुनील को पार्क अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने शीतल की चाकू से हत्या करने बारे स्वीकारा।
शीतल के परिजनों ने 15 जून को थाना मतलौडा में उसके लापता होने की शिकायत देकर गुमशुदगी का अभियोग दर्ज कराया था। पानीपत की सतकरतार कॉलोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वे 5 भाई बहन है। चौथे नंबर की बहन शीतल 24 उसके साथ रहती है, जो हरियाणवी एल्बम में बतौर मॉडल का कार्य करती थी। 14 जून को शीतल अहर गांव में सुटिंग के लिए गई थी। जो वापिस नहीं आई।
उन्होंने अपने तौर पर तलाश की जिसका कही कुछ पता नहीं चला। महिला की शिकायत पर बीएनएस की धारा 127(6) के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी थी।
सोनीपत पुलिस को सोमवार सुबह खरखौदा के पास नहर में एक महिला का शव मिला था। शिनाख्त कराने पर शव की पहचान शीतल 24 के रूप में हुई थी। शव पर धारदार हथियार के घाव थे।
उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को शव का पीजीआई खानपुर में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया था। और साथ ही दर्ज मामले में परिजनों के ब्यान पर नामजद आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा इजाद कर पुलिस ने देर शाम आरोपी इसराना निवासी सुनील को पार्क हस्पताल के पास से गिरफ्तार किया था।
उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सुनील ने हरियाणवी मॉडल शीतल की हत्या करने बारे स्वीकारा किया।
पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह शीतल से काफी समय से संपर्क में था। पानीपत मॉल में दोनों की एक दूसरे से जान पहचान हुई थी। 14 जून को शीतल अहर गांव में शूटिंग पर गई थी। सुटिंग खत्म होने बाद वह उसे लेने के लिए गया। वहा से लौटते समय मतलौडा सफीदों रोड पर कार में शीतल को किसी लड़के का फोन आया, जिसको लेकर उसकी शीतल के साथ कहासुनी हो गई और शीतल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान उसके हाथ पर चाकू से कट लग गया था। हत्या कर आरोपी शव को ठिकाने लगाने के लिए गाड़ी को दिल्ली पैरलल नहर पर ले गया और जाटल रोड पूल के नजदीक गाड़ी को दिल्ली पैरलल नहर में कुदा दिया।

# बरसाती नालों की सफाई देखने फील्ड में उतरी निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मानसून के दौरान जल भराव न हो, इसके लिए नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को फील्ड में उतरकर इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ विभिन्न नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने करीब 3 घण्टे शहर का दौरा किया और नालों की साफ-सफाई देखी। दौरे में उनके साथ कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण व प्रियंका सैनी, सलाहकार महीपाल सिंह तथा सम्बंधित सहायक व कनिष्ठद अभियंता मौजूद रहे।
निगमायुक्त से सबसे पहले राम नगर क्षेत्र का दौरा कर मीरा घाटी डिस्पोजल तक जाने वाले नाले का निरीक्षण किया। बता दें कि इस नाले की सफाई का कार्य एक बार पूरा कर लिया गया है। अब दोबारा इसकी सफाई शुरू करवाई गई है, ताकि बरसाती सीजन में जल निकासी में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने नाले की विभिन्न जगहों से सफाई जांची। इसके बाद उन्होंने प्रेम नगर क्षेत्र का दौरा कर डिस्पोजल पम्प व नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने डिस्पोजल पर लगी मोटरे व जेन सेट को चलवाकर देखा।
इस दौरान राम नगर क्षेत्र में एक डेयरी संचालक द्वारा नाले में गोबर गिराया जा रहा था, जिसे देख निगमायुक्त ने संचालक का चालान करने के निर्देश दिए। निर्देश पर संज्ञान लेते हुए सहायक सफाई निरीक्षक गुलाब सिंह ने डेयरी संचालक का 5 हजार रुपये का चालान किया। सम्बंधित व्यक्ति को चेतावनी भी दी कि वह अपनी डेयरी को पिंगली स्थित डेयरी परियोजना स्थल पर जल्द से जल्द स्थानांतरित करे, अन्यथा डेयरी को सील कर दिया जाएगा।
इसके पश्चात उन्होंने रेलवे फ्लाईओवर के नीचे राजीव पुरम से भगवाडि ?ा गैस एजेंसी को जा रहे नाले की पैदल चलकर सफाई देखी। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि नाले के आस-पास उगी घास व झाडि ?ों को साफ किया जाए। इसके अतिरिक्त कहीं पर सी एंड डी वेस्ट हो तो उसे भी उठाया जाए। इसके बाद उन्होंने हांसी रोड से घोघड़ीपुर रेलवे फ्लाईओवर तक जाने वाले नाले, शिव कॉलोनी स्थित रेलवे अंडर ब्रिज डिस्पोजल पम्प, संत गुरू रविदास मंदिर के आगे से गुजरने वाला नाला तथा गौशाला रोड नाले का निरीक्षण कर साफ-सफाई देखी।
उन्होंने दौरे में मौजूद सभी अभियंताओं को सख्त निर्देश देते कहा कि नालों की सफाई का कार्य जल्द पूरा किया जाए। सभी ड्रेन की सफाई नियमित तौर पर करवाते रहें। सभी डिस्पोजल पम्प सक्रिय रहें। इसके अतिरिक्त गांवों में मौजूद तालाबों की सफाई भी जल्द पूरी करवाई जाए। सफाई के दौरान निकली गाद को साथ-साथ उठवाते रहे। मेन होल खुला न रहे। अगर कहीं स्लैब टूटी है तो उसे बदला जाए। उन्होंने कहा कि शहर में जितनी भी जल भराव की संभावित जगह हैं, ऐसी सभी जगहों के लिए मानसून आने से पहले डीजल पम्प इत्यादि इंतजाम तैयार रखें, ताकि जरूरत पड ? पर वहां इन्हें तैनात कर पानी निकासी करवाई जा सके।

## हिसार की मुस्कान ने नीट यूजी 2025 में मारी बाजी, हासिल की एईआर 100

**हिसार** : देश की सबसे कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 में हिसार की बेटी मुस्कान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 100 प्राप्त की है। उनके साथ ही आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के हिसार केंद्र से कुल 17 छात्रों ने टॉप रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।
इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे छात्रों की मेहनत, शैक्षणिक अनुशासन और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन का बड़ा योगदान है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने कल शाम परीक्षा परिणाम घोषित किए।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा **हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार** और **हरिद्वार–लखनऊ–हरिद्वार** के बीच अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:–

**04328/04327 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04328 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04328 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04327 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04327 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:45 | हरिद्वार | 04:50 | --- |
| 16:25 | 16:27 | रूड़की | 03:35 | 03:37 |
| 17:13 | 17:15 | टपरी जं. | 02:50 | 02:52 |
| 17:55 | 17:57 | मुजफ्फरनगर | 02:00 | 02:02 |
| 18:35 | 18:37 | मेरठ सिटी जं. | 01:15 | 01:17 |
| 18:52 | 18:54 | मोदीनगर | 00:30 | 00:32 |
| 19:50 | 19:52 | गाजियाबाद | 00:02 | 00:04 |
| 20:14 | 20:16 | दिल्ली शाहदरा | 23:15 | 23:17 |
| 20:45 | --- | दिल्ली जं. | --- | 23:00 |

चलने के दिन: **04328 हरिद्वार से** और **04327 दिल्ली जं. से** दिनांक 18.06.2025 से 20.06.2025 तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04330/04329 हरिद्वार-लखनऊ-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:45 | हरिद्वार | 20:20 | --- |
| 23:18 | 23:20 | लक्सर जं. | 19:18 | 19:20 |
| 00:05 | 00:07 | नजीबाबाद जं. | 18:30 | 18:32 |
| 00:35 | 00:37 | नगीना | 18:05 | 18:07 |
| 01:05 | 01:07 | धामपुर | 17:43 | 17:45 |
| 01:28 | 01:30 | स्योहारा | 17:26 | 17:28 |
| 02:30 | 02:32 | काँठ | 17:10 | 17:12 |
| 03:32 | 03:40 | मुरादाबाद | 16:30 | 16:40 |
| 04:06 | 04:08 | रामपुर | 15:00 | 15:02 |
| 05:03 | 05:05 | बरेली | 14:00 | 14:02 |
| 06:14 | 06:16 | शाहजहाँपुर | 13:00 | 13:02 |
| 07:14 | 07:16 | हरदोई | 12:55 | 12:57 |
| 07:46 | 07:48 | बालामऊ जं. | 12:25 | 12:27 |
| 08:08 | 08:10 | सण्डीला | 12:00 | 12:02 |
| 09:25 | --- | लखनऊ | --- | 11:30 |

चलने के दिन: **04330 हरिद्वार से** दिनांक 18.06.2025 एवं 20.06.2025 को और **04329 लखनऊ से** दिनांक 19.06.2025 एवं 21.06.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# बहुजन मंच की पुरानी विरासत पर चंद्रशेखर की नई बुनियाद

**उत्तर** प्रदेश की राजनीति एक बार फिर नई करवट लेती नजर आ रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव भले ही अभी दो साल दूर हों, लेकिन सियासी सरगर्मियां अभी से तेज होती जा रही हैं। भारतीय जनता पार्टी जहां अपनी सत्ता बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है, वहीं समाजवादी पार्टी सामाजिक समीकरणों के सहारे वापसी की राह तलाश रही है। कांग्रेस भी खोई हुई जमीन की तलाश में सक्रिय हो चुकी है। लेकिन इन तमाम प्रमुख दलों के बीच बहुजन राजनीति में हलचल तब तेज हो गई जब आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती को सीधे चुनौती दे डाली।झांसी में हाल ही में आयोजित ह्यप्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनह्न में चंद्रशेखर ने न सिर्फ बसपा की नीतियों को निशाने पर लिया, बल्कि मायावती के नेतृत्व पर भी सवाल खड़े कर दिए। उनका साफ कहना था कि बहुजन समाज अब बदलाव चाहता है, और यह बदलाव नेतृत्व से शुरू होगा। चंद्रशेखर ने कहा कि मायावती बहुजन समाज का भरोसा खो चुकी हैं और अब समाज एक नई सोच, नया नेतृत्व और नई दिशा की तलाश में है। यह पहला अवसर नहीं है जब चंद्रशेखर ने बसपा के खिलाफ मुखर रुख अपनाया हो, लेकिन इस बार उनका लहजा अधिक आक्रामक और स्पष्ट था। उन्होंने कहा कि बसपा का लगातार कमजोर होना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी अब जमीनी मुद्दों से कट चुकी है। ह्वबहुजन समाज को नारे नहीं, भागीदारी चाहिए,ह्व चंद्रशेखर ने यह कहकर अपने इरादे और दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया।इस सम्मेलन में उमड़ी भीड़, खासकर युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने यह साफ कर दिया कि चंद्रशेखर की लोकप्रियता अब सोशल मीडिया से निकलकर गांव-कस्बों तक पहुंच रही है। मंच पर उनके साथ कई ऐसे चेहरे दिखे, जो कभी बसपा का हिस्सा रह चुके थे। ऐसे में राजनीतिक पंडित इस भीड़ को महज एक सभा की सफलता नहीं मानते, बल्कि इसे बहुजन राजनीति के भविष्य की आहट के तौर पर देख रहे हैं। चंद्रशेखर ने अपने भाषण में भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां वंचितों के उत्थान के विरुद्ध रही हैं। ह्ववे नहीं चाहते कि दलित, पिछड़ा और आदिवासी समाज मुख्यधारा में आए। बहुजन अगर संगठित हो गया तो सत्ता उनके हाथ से निकल जाएगी,ह्व उन्होंने दो टूक कहा। उन्होंने बहुजन युवाओं से आवाहन किया कि वे खुद को किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल न होने दें और अपने भविष्य की बागडोर खुद संभालें।बसपा की तरफ से चंद्रशेखर के इन बयानों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन हाल ही में मायावती ने एक बयान में चंद्रशेखर को ह्वबरसाती मेंढकह्व बताते हुए कहा था कि ऐसे लोग समाज की एकता को तोड़ने का काम कर रहे हैं। मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ नेता विपक्षी पार्टियों के इशारे पर बहुजन आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं।

# उत्तर प्रदेश में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से युवाओं के सपने हो रहे साकार

मृत्युंजय दीक्षित

> "गृहमंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार खुले मन से मंच से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना की उससे भाजपा विरोधी उन सभी ताकतों के चेहरे उतर गए जो हर समय सोशल मीडिया के माध्यम से गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच विरोध की अफवाह उड़ाते रहते हैं। उन पत्रकारों के चेहरे भी उतर गये है जो प्रदेश नेतृत्व व केंद्रीय नेतृत्व के मध्य मनमुटाव की खबरें चलाकर अपनी दुकानें चलाया करते थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में नौकरी पाने के लिए किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ रही है। बिना खर्ची, बिना पर्ची, सिफारिश और भ्रष्टाचार अब योग्यता के आधार पर ही नौकरियां मिल रही हैं। भर्तियाँ जातिवाद ,तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति और दलालो की धन उगाही से मुक्त हैं"

उत्तर प्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में प्रदेश की पुलिस भर्ती के अंतर्गत नियुक्त नवचयनित 60244 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। यह क्षण प्रदेश सरकार, युवाओं तथा उनके अभिभावकों के लिए गर्व व संतोष प्रदान करने वाला पल था। गृहमंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार खुले मन से मंच से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना की उससे भाजपा विरोधी उन सभी ताकतों के चेहरे उतर गए जो हर समय सोशल मीडिया के माध्यम से गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच विरोध की अफवाह उड़ाते रहते हैं। उन पत्रकारों के चेहरे भी उतर गये है जो प्रदेश नेतृत्व व केंद्रीय नेतृत्व के मध्य मनमुटाव की खबरें चलाकर अपनी दुकानें चलाया करते थे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में नौकरी पाने के लिए किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ रही है। बिना खर्ची, बिना पर्ची, सिफारिश और भ्रष्टाचार अब योग्यता के आधार पर ही नौकरियां मिल रही हैं। भर्तियाँ जातिवाद ,तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति और दलालो की धन उगाही से मुक्त हैं। 2014 और 2017 से पूर्व सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारों में नौकरियो का क्या हाल होता था यह किसी से छुपा नही है।

गृहमंत्री ने युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि प्रदेश के युवा अब हर जिले व हर तहसील के में पुलिसबल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कुछ कालखंड तक यूपी पुलिस की तुलना देश के श्रेष्ठ पुलिसबलों के साथ होती थी लेकिन बाद में धीरे धीरे राजनीतिक कारणों से कानून व्यवस्था बिगड़ती चली गई। प्रदेश अब नवनिर्माण के दौर से गुजर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विगत आठ वर्षों में 8.50 लाख सरकारी नौकरिया दी हैं।

बिना भेदभाव के शासन में हिस्सेदारी का लाभ सबको दिया है। स्मार्ट पुलिस आज की आवश्यकता है सभी भर्तियां इसे ध्यान में रखकर की गई हैं। प्रदेश में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती ने सपा सरकार में हुई भर्तियों



को पीछे छोड़ दिया है । आंकड़ों के अनुसार सपा सरकार में केवल 49965 पदों पर ही भर्तियाँ हुई थीं। भाजपा सरकार के अब तक के कार्यकाल में यह आंकड़ा 2,18,262 तक पहुंच चुका है। इनमें 35247 महिलाएं है। भाजपा सरकार ने पिछली सरकारों में अटकी भर्ती प्रकिया भी आगे बढ़ाई है।

वर्ष 2011 में उपनिरीक्षक, प्लाटून, कमांडर व समकक्ष के 1003 पदों पर भर्ती के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अक्षरशःअनुपालन कराया। हाईकोर्ट के आदेश पर भी अनेक पदों पर भर्तियां की गई।युवाओं के लिए प्रदेश सरकार ने खिलाड़ी कोटे के अंतर्गत भी भर्तियां खोली हैं जिसके अतंर्गत 491 सिपाहियों की भर्ती की गई है इनमें 313 पुरुष और 178 महिलाएं है। योगी राज की भर्तियों में आरक्षण नियमावली का अक्षरशः पालन किया जा रहा है जिसके कारण विवाद कम हो रहे हालांकि 69,000 शिक्षकों की भर्ती का प्रकरण अभी भी चल रहा है अगर यह मुद्दा भी योगी सरकार सुलझाने में सफल हो जाती है तो फिर आगामी पंचायत चुनाव व 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की विजय का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

योगीराज में प्रदेश की पुलिस व्यवस्था में भी व्यापक परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहा है जिसके कारण अब प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। एक समय था जब सपा सरकार ने पीएसी को निस्तेज कर दिया था जिस कारण पुलिसबलों का आत्मविश्वास हिल गया था। पीएसी एक बार फिर जीवंत हो उठी है तो पुलिस का मनोबल भी बढ़ा है। कोविड महामारी काल से लेकर प्रयागराज महाकुंभ -2025 में यूपी पुलिस ने मानवता की एक मिसाल प्रस्तुत की है। योगीराज में एटीएस, एसटीएफ, एसडीआरएफ और एसएसएफ को पहले से अध्कि मजबूत किया गया है। हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से लाखें लोगों को सहायता मिल रही है । महिला क्रांतिकारियों व वीरांगनाओं वीरागना ऊदा देवी, बदायूं में वीरांगना अवंती बाई व गोरखपुर में वीरांगना झलकारी बाई महिला पीएसी बटालियन की स्थापना की गई है। योगीराज में निष्पक्ष पारदर्शी प्रक्रिया से साढे आठ लाख युवाओं को नौकरी दी गई है। साथ ही संविदा पर भी 3.78 लाख युवाओं को नौकरी दी गई है। एमएसएई व निजी क्षेत्र के सहयोग से 2 करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार भी मिल चुका है।

अग्निवीर योजना के लाभार्थियो के भविष्य को बड़ी राहत देने के लिए अग्निवीरों को पुलिस भर्ती सहित विभिन्न भर्तियों में 20 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गई है क्योकि अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में अग्निवीरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 2026 के पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के पूर्व इस प्रकार के पारदर्शी भर्ती अभियानों व आयोजनों से भाजपा को युवाओं का साथ मिल सकता है हालांकि अभी युवाओं के लिए बहुत कुछ करना शेष है। प्रदेश में खेलों व पर्यटन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी युवाओं के विकास के लिए अवसर के कई मार्ग खुल रहे हैं।

युवा उद्यमी योजना हो या फिर विश्वकर्मा श्रम कल्याण योजना से भी युवा लाभान्वित हो रहे हैं । बेहतर प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था के कारण अब विदेशी निवेशक भी उत्तर प्रदेश की और आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर बनने से स्थानीय युवाओं को यहीं पर रोजगार तथा नौकरी के नये अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। सरकार व निजी क्षेत्रों के सहयोग के कारण अब प्रदेश में बेरोजगारी दर में काफी आ गई है। 2016 में प्रदेश में बेरोजगारी दर 16 प्रतिशत थी जो अब वर्तमान में मात्र 2.4 प्रतिशत है। आज प्रदेश का युवा पलायन के लिए मजबूर नहीं है। व्यापक पैमाने पर होने वाले पलायन में एक सीमा तक कमी आई है। लोकसभा चुनाव -2024 के समय प्रतियोगी परीक्षाओं का पर्चा आउट हो जाने से युवाओं व अभिभावकों में सरकार के खिलाफ एक वातावरण बन गया था तथा केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना के नकारात्मक प्रभाव देखने को मिले थे और जिस कारण भाजपा की सीटें भी कम हो गई थीं ।

मुख्यमंत्री ने इसको चुनौती के रूप में लिए और परीक्षाओं के शुचितापूर्ण आयोजन के लिए उप्र सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण कानून लागू किया गया है जिसमें कड़े प्रावधान हैं।

## कविता

### स्वागत में उतरी प्रकृति

देखो, स्वागत में स्वयं मानसून चला आया है,
बादलों की बाँहों में कोमल बूँदों का हार लाया है।
धरती ने ओढ़ी हरियाली की चूनर,
नदी ने भी बाँधे हैं चाँदी जैसे कंगन सुन्दर।
पेड़ों की शाखाएं झूम रही हैं,
पत्तों पर बूँदें घूम रही हैं,
प्रकृति ने मुस्कान से
तुम्हारा नाम गुनगुनाया है।
हवा आज कुछ कहती सी है,
तितलियाँ भी तुम्हारी राह तकती सी हैं।
फूलों ने रंगों की भाषा में
एक सन्देश सुनाया है झ्र
"तुम आए हो, तो जीवन फिर से मुस्काया है।"
गगन में इंद्रधनुष ने रंग बिखेरा,
कण-कण ने स्वागत में प्रेम का दीप घेरा।
सागर की लहरें भी गा उठीं
उस मधुर मिलन का गीत,
जिसे सुनकर प्रकृति ने
अपना हृदय लुटाया है।

मनीष कुमार

# सरदर्द कराते कवि सम्मेलन

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

बचपन में जब पहली बार पिताजी मुझे कवि-सम्मेलन में घसीट कर ले गए थे, तो मैं समझा कोई संत समागम है। मंच पर एक धोती-कुर्ता पहने सज्जन जैसे ही चिल्लाए–"प्रिये, तुम्हारे अधरों से टपकती मधु की धार..."–तो बगल में बैठी चाचीजी ने पिताजी को कोहनी मारी, "देखो जी, बच्चों के सामने ऐसे बोलने की क्या तुक है?" मुझे लगा, ये सब तो स्कूल की सायंस की किताब में नहीं था। पर असली विज्ञान तो यहाँ था–भावनाओं का गुरुत्वाकर्षण, तालियों की न्यूटन-गति और ठहाकों का बायोलॉजिकल बम। कवि सम्मेलन, जहां कविता कम, कॉमेडी ज्यादा, और कभी-कभी तो कॉमेडी भी कम, चाय-बिस्कुट ही मुख्य आकर्षण होता है। "तू बुला ले मंच पे, मैं पढ़ के दिखाऊँगा"–ये वाक्य अब प्रेम-पत्र में नहीं, वाट्सएप पर कवियों की धमकी बन चुका है। पुराने समय में कवि श्रोता से प्रेम करते थे, अब तो वे आयोजकों से पेशगी में प्यार करते हैं। एक कवि ने तो मंच से ही कहा, "प्यार नहीं होता आयोजक से, जब तक अग्रिम भुगतान न हो जाए।" आयोजक हँसता है–"तू सुना दे कोई पुरानी, मस्त ताली वाली कहानी, हम देंगे चाय-समोसे, देखे तू कितनी तालियाँ लानी।" अब मंच पर कविता नहीं, 'कविता एक्टिंग' होती है। एक कवि ने जब मंच पर कविता पढ़ी–"देश की माटी बुला रही है..." तो मंच हिल गया, कारण था कवि का वजन। पिछली कुर्सी टूटी, संयोजक भागे–"लाइट बंद करो, यह लाइव नहीं, रिकॉर्डेड दिखा देंगे!" इस दौर में कविता कम, कवित्व अधिक बिकता है। शब्द नहीं, चेहरे बिकते हैं। मंच पर कोई कवि आया नहीं कि पहले पाउडर, फिर 'पोएटिक एक्सप्रेशन', फिर कवि की पंक्तियाँ–"मैं टूट गया हूँ..."–तालियाँ! जबकि पीछे उसकी होटल बुकिंग भी नहीं हुई थी।

बुंदेलखंड के एक कवि महोदय ने मंच से घोषणा की–"मेरी अगली कविता का शीर्षक है–'रात भर तुम मेरी कविता में रही'।" तभी आयोजक की पत्नी उठ खड़ी हुई–"रात भर कहाँ रही? किस कविता में रही? कौन सी कविता में?" मंच पर भगदड़ मच गई। कवि बोले–"भाभीजी, वो तो प्रतीक है, उपमा है!" भाभी बोलीं–"हाँ हाँ, उपमा तो तुम जैसे मंचीय कवियों का नाश्ता है। कविता से ज्यादा उपमा खाते हो!"

सच्चाई ये है कि मंच का माइक अब माइक नहीं, मुनाफे का मोहरा बन चुका है। एक कवि दोस्त ने बताया–"मैंने कल चार कवि सम्मेलनों में एक ही कविता सुनाई।

ऑडियंस बदल गई थी, पर मंच पर वही लाइनें–ह्यमैं तेरे बिन सूना, जैसे बिना पंखा गर्म जूनाह्न।" मैंने पूछा, ह्नचार जगह, एक ही कविता?ह्व वह बोला, ह्नअबे तू क्या समझता है? मैं कवि हूँ या रस्त्रङ्कश्र८?ह्व हम दोनों हँसने लगे, और फिर रो पड़े।

कवि-सम्मेलन में कवियों का हाल ऐसा होता है जैसे शादी में बारातियों का–खूब खाओ, खूब नचाओ, पर दूल्हा कोई और होता है।

## विचार

# "भविष्य बताने वाले, वर्तमान से बेखबर क्यों"

**प्रियंका सौरभ**

**वो** जो कहते हैं, "ऊपर वाले से सीधा संपर्क है", उनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश, या भूकंप आता है? क्या उनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है? या फिर 'अदृश्य शक्ति' भी उं४३ङ्कल्ल बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है।

आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियाँ, या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं–ना कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं। ये वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर, और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आँखें मूँदकर बड़े भावुक अंदाज में कहते हैं–"बेटा, तेरा समय बदलने वाला है", "तू अगले जन्म में साधु बनेगा", या "तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था"। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है–तो ये संत, साधु, भविष्यवक्ता नदारद होते हैं। अब सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई 'दिव्य दृष्टि' है, तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतनाएँ सिर्फ 'प्रेम विवाह के उपाय', 'दुश्मन को वश में करने की विधि' या 'विदेश यात्रा कब होगी' जैसे प्रश्नों तक ही सीमित हैं? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें? हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियाँ बटोरीः "इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले से सीधा संपर्क... फिर भी किसी बड़े हादसे की खबर तक नहीं मिलती!" यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस 'औद्योगिक प्रणाली' पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है। आजकल हर गली-मोहल्ले में एक बाबा ब्रांड है–किसी का टैगलाइन है "भाग्य बदलिए", तो कोई कहता है "समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में"। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को 'ईश्वर का अवतार' घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब 'अवतार' अंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर 'प्रेस नोट' चस्पा कर दिया जाता है–"बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें।" विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूवार्नुमानित कर सकते हैं, तो क्यों नहीं ठउ्रऌ या प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से सूचित कर देते? क्यों नहीं आपदा प्रबंधन में इनका कोई उल्लेख होता है? कारण स्पष्ट है–इनकी 'भविष्यवाणी' एक मार्केटिंग उत्पाद है, एक प्रकार की 'भावनात्मक ज्योतिषीय फैंटेसी', जिसे धार्मिक आस्था की चादर में लपेटकर बेचा जा रहा है। दुख की बात यह है कि ये बाबा और गुरु, आमजन की पीड़ा और अज्ञान का लाभ उठाकर एक ऐसा मायाजाल बुनते हैं जिसमें न तर्क है, न पारदर्शिता। इनकी भविष्यवाणी 'जेनरिक' होती है–"अगले 6 महीने बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे", "देश में बड़ी घटना होने वाली है", "भूकंप या महामारी की संभावना है"–अब जरा सोचिए, ये तो किसी भी समय पर लागू किया जा सकता है। यह 'वाटरप्रूफ' भविष्यवाणी होती है–गलत हुई तो कहा जाएगा 'तुम्हारी श्रद्धा कम थी', सही हुई तो 'देखा, बाबा ने पहले ही बताया था'! बाजार ने भी इन बाबाओं की दुकानदारी को बढ़ावा दिया है। टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह इनका बोलबाला है। इनके प्रवचन में भक्ति कम, ब्रांडिंग ज्यादा होती है। कोई बाबा यूट्यूब पर लाइव भविष्यवाणी करता है, कोई इंस्टाग्राम पर ध्यान सत्र लेता है। इनके पास ऌऊकैमरे, माइक सेटअप, वीडियो एडिटर तो हैं–ु४३ जब देश को 'दिव्य चेतावनी' चाहिए होती है, तब इनका नेटवर्क फेल हो जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गांधी का डीएनए भी बदल गया है अब

**राकेश अचल**

**मैं** चूंकि गांधीवादी हूँ इसलिए मुझे ये खबर पढकर सदमा लगा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रपौत्री को उस दक्षिण अफ्रीका में धोखाधडी के मामले में दंडित किया गया है, जिस दक्षिण अफ्रीका को महात्मा गांधी ने सत्याग्रह करना सिखाया और नींद से जगाया था. खबर है कि महात्मा गांधी की परपोती आशीष लता रामगोबिन को दक्षिण अफ्रीका में 3.22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में 7 साल की सजा हुई. उन्होंने नकली दस्तावेजों के जरिए व्यापारी से पैसे लिए. लता, महात्मा गांधी के बेटे मणिलाल की पोती और एला गांधी की बेटी हैं. लता रामगोबिन पर आरोप था कि

उन्होंने व्यापारी एसआर महाराज को यह कहकर 62 लाख रैंड ले लिए कि उन्होंने भारत से लिनन के तीन कंटेनर मंगवाए हैं, जिन पर कस्टम ड्यूटी और अन्य आयात शुल्क चुकाने के लिए पैसे की जरूरत है. बदले में उन्होंने व्यापारी को मुनाफे में हिस्सेदारी का लालच दिया. एसआर महाराज दक्षिण अफ्रीका की एक कंपनी न्यू अफ्रीका अलाइंस फुबियर डिस्ट्रीब्यूटर के डायरेक्टर हैं. उनकी कंपनी वस्त्र, जूते और लिनन का आयात और निर्माण के साथ ही फाइनेंस भी मुहैया कराती है. नेशनल प्रॉसिक्यूशन अथॉरिटी के अनुसार, लता रामगोबिन ने व्यापारी को भरोसा दिलाने के लिए फर्जी इनवॉयस, डिलीवरी नोट और नेट केयर अस्पताल समूह की ओर से भुगतान का दावा करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत किए. उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि तीन कंटेनरों में लिनन अस्पताल के लिए मंगवाया गया है.ह्नरामगोबिन ने महाराज से कहा था कि उन्हें बंदरगाह से माल छुड़वाने के लिए तत्काल 6.2 मिलियन रैंड की आवश्यकता है. उन्होंने अस्पताल का एक फर्जी परचेज ऑर्डर और इनवॉयस भी दिखाया ताकि भरोसा दिलाया जा सके कि माल डिलीवर हो चुका है और भुगतान जल्द ही होगा. आशीष लता रामगोबिन महात्मा गांधी की परपोती हैं. उनका संबंध गांधी जी के दूसरे बेटे मणिलाल गांधी से है, जो दक्षिण अफ्रीका में बस गए थे. मणिलाल गांधी की बेटी एला गांधी एक जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता हैं और वे करीब 9 साल तक दक्षिण अफ्रीका की सांसद भी रहीं. एला गांधी के चार बच्चों में से एक हैं

# आम जिंदगी में आर्थिक सुराख-मोबाइल और इंटरनेट।

समाज मे आज मध्यम,निम्न वर्ग के लोगों द्वारा मोबाइल,कम्प्यूटर,इंटरनेट का बेजा व अनावश्यक उपयोग,प्रयोग सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है, जो आम आदमी की के लिए नशे की लत सदृश्य है।बच्चे,युवा मोबाइल के बेहद आदि हो गए हैं उनकी इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है।टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की

स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल

अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है।

## न्यूज फ्लैश

### सामाजिक कार्यों से ओतप्रोत थे सियाराम शर्मा- डॉ. अभय सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव बेवल निवासी एवं आईजीयू मीरपुर के पूर्व कुलसचिव वर्तमान में भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रमोद भारद्वाज के 85 वर्षीय पिता सियाराम शर्मा का निधन हो गया हैं। स्वर्गीय सियाराम शर्मा के निधन पर उनके परिवार को सांत्वना देने के लिए शहर, गांव व समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। सभी बुद्धिजीवियों ने स्वर्गीय सियाराम शर्मा के परोपकारी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए सामाजिक कार्य, पर्यावरण के प्रति प्रेम व स्वच्छता के प्रति समर्पित आदि कार्य उनके व्यक्तित्व की पहचान बताई। मंगलवार को स्वर्गीय सियाराम शर्मा को श्रद्धाजंलि देने गांव बेवल पहुंचे पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने द्विवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। फरीदाबाद से पहुंचे प्रो. देवप्रसाद भारद्वाज एवं समाजसेवी चिदांबर ने परिवार की हिम्मत बढ़ाई। आरपीएस समूह सीईओ मनीष राव ने परिवार एवं समाज को सियाराम के दिखाए रास्ते पर चलने का आग्रह किया। प्रो. प्रमोद भारद्वाज ने बताया कि पिता सियाराम शर्मा की श्रद्धांजलि सभा 20 जून को शाम पांच बजे बेवल स्थित रॉयल पैलेस में होगी, जिसमें स्वामी रामदेव के गुरू आचार्य प्रद्युम्न महाराज आर्शीवचन देंगे।
इस मौके पर तहसीलदार दीपक धांगड़, पवन बाछोदिया, जिला प्रमुख राकेश कुमार, पार्षद संदीप टोनी, पार्षद अजीत, पार्षद कुलदीप शर्मा, सरपंच सिसोठ विक्की, मनोज शास्त्री धोलेड़ा, अशोक बुचौली, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. महेश यादव, यदुवंशी समूह से प्रदीप यादव ने भी अपनी श्रद्धांजली अर्पित की।

### जोहड़ में डूबने से 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव भगड़ाना निवासी करीब 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जोहड़ में डूबने से मौत। महिला गांव में आयोजित धार्मिक जागरण में शामिल होने जा रहीं थी। पुलिस ने मृतक महिला का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं।
गांव भगडाना निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि उसकी 83 वर्षीय मां चेमली देवी उसके छोटे भाई पवन और भगत सिंह के पास ट्यूबवेल पर रहती थी, जबकि वो और उसका भाई विक्रम गांव में रहते हैं। सोमवार की रात हनुमान मंदिर पर बाबा का जागरण था, जहां जाने के लिए उसकी मां रात लगभग 8:30 बजे अपने ट्यूबवेल से निकली। ट्यूबवेल से करीब 400 मीटर पर दोहन नदी पड़ती है, उस पर रिचार्ज की स्कीम के तहत कच्चा नाला बनाया हुआ है। जो गांव झुक से लिंक रोड पर निकलता है। जहां पर एक तालाब भी है। उस रिचार्ज पर एक पुल बना हुआ है। जिसकी दीवार लगभग ढाई फीट ऊंची बनाई हुई है। परिजनों ने संभावना जताई कि महिला आराम करने के लिए वहां बैठ गई होगी। पुल पर बैठने के बाद उसका शरीर का बैलेंस बिगड़ गया और वह तालाब में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। रात में जागरण का प्रोग्राम होने के कारण किसी को कोई शक नहीं हुआ, देर रात उनको पता चला कि उसकी मां घर पर नहीं है। जिसके बाद उनकी तलाश की गई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे गांव के ग्रामीण उधर घूमने के लिए जाते हैं। उस समय जोहड़ में पानी के ऊपर डेड बॉडी तैरती हुई दिखाई दी, जिसका मुंह पानी के नीचे था। ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को कॉल कर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। जिसकी पहचान चमेली देवी भगडाना के रूप में हुई है। पुलिस मृतकाक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### 10 किलो डोडा पोस्त बरामदगी मामले का मुख्य सप्लायर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा..(रणबीर खटक).....जिला पुलिस** द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बड़ागुढा थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 10 किलो डोडा पोस्त तस्करी मामले का मुख्य सप्लार नवीन सिंह उर्फ काका पुत्र सुखमिंद्र सिंह निवासी गांव माखा को नजदीक रेलवे पूल कालांवाली से काबू कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बडागुढ़ा था प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीती 31 जनवरी 2025 को एंटी व्हीकल थेप्ट स्टाफ की एक पुलिस टीम ने गांव सुखचैन से हरदेव सिह उर्फ मोहनी पुत्र जगराज सिह को 10 किलो डाडा पोस्त के साथ काबू बड़ागुढा थाना में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई हेतू जांच बडागुढा थाना पुलिस को सौंपी गई थी । जांच के दौरान बडागुढा थाना पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर डोडा चूरा पोस्त तस्करी से जुड़े इस मामले में मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी हासिल की गई थी ।

# ड्रेनों में ठोस कूड़ा करकट डालने वाले लोगों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्यवाही: एसडीएम

**निरीक्षण**

**अधिकारियों को साथ लेकर ड्रेनों की साफ सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी ( दिनकर गावड़ी):झ** मानसून सीजन में खेतों तथा रिहायशी क्षेत्रों से अतिरिक्त बरसाती पानी निकासी को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा हेतु एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक मैराथन बैठक की । इसके बाद अधिकारियों को साथ लेकर ड्रेनों की साफ सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया ।

इस दौरान एसडीएम ने बताया कि हांसी तथा नारनौंद उपमंडल में 38 ड्रेन है जिनकी कुल लंबाई 242 किलोमीटर है। इसमें से 15 जून तक 218 किलोमीटर लंबाई की ड्रेनों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिकारियों ने एसडीएम को बताया कि ड्रेनों की सफाई का 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि बाकी कार्य भी तेजी से पूरा करना सुनिश्चित करें।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने एसडीएम को बताया कि ड्रेनों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है। सफाई के कार्य से मनरेगा योजना के तहत एक लाख से अधिक कार्य दिवस सृजित हो चुके हैं। सैकड़ो अकुशल श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हुआ है। निरिक्षण दौरे के दौरान हांसी ड्रेन, बास मल्टीपरपज चैनल, न्यू सिवानी फीडर सहित कई ड्रेनों का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने एसडीएम को बताया कि बरसाती मौसम में इस बार क्षेत्र में कहीं भी अतिरिक्त जल भराव नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए अग्रिम प्रबंध लगभग पूरे कर लिए गए हैं। गढ़ी, खरकड़ा, भाटोल, मेहंदा इत्यादि गांव से पानी निकासी के लिए एचडीईपी पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस क्षेत्र के अतिरिक्त बरसाती पानी को इस पाइपलाइन के माध्यम से बास मल्टीपरपज चैनल तथा न्यू सिवानी फीडर में डालने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए लगभग 10 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई गई है।
*ड्रेनों में कूड़ा करकट डाला तो होगी सख्त कार्यवाही:* एसडीएम जब ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए बास मल्टीपरपज चैनल पर पहुंचे तो उन्होंने यहां ड्रेन में ठोस कूड़ा करकट पड़ा देखा।

## योग दिवस के अवसर पर आर्य समाज मंदिर में होगा भव्य कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी ( दिनकर गावड़ी):झ** आर्य समाज मंदिर हांसी में एक जून से लगातार प्रातः 05:30 से 07:00 बजे तक योग शिविर चल रहा है इस योग शिविर में विभिन्न रोगों के अनुसार योग करवाया जाता है।इस योग शिविर में मुख्य रूप से पतंजलि योगपीठ के शिक्षक जोगिंदर ग्रोवर,अशोक इलाहाबादी, राजीव यादव, जिले सिंह धूपिया, सतीश जांगड़ा व अन्य योग शिक्षकों की विशेष भूमिका रहती है ।21 जून को योग दिवस के शुभ अवसर पर आर्य समाज मंदिर हांसी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस दिन योग आसनों के साथ-साथ हवन एवं भजनों का कार्यक्रम भी रखा गया है भजनों का कार्यक्रम आचार्य कर्मवीर जी हिसार से उपदेश व भजन प्रस्तुत करेंगे प्रसाद की व्यवस्था मंदिर की और से रहेंगी इस कार्यक्रम में प्रधान सतपाल आर्य,मंत्री राम अवतार,कोषाध्यक्ष ईश्वर शास्त्री, संरक्षक फतेह सिंह गुर्जर,मिथुन बंसल,सुभाष शेखपुरा,चमन लाल नारंग,प्रविंद लोहान व डॉक्टर सतवीर चौहान,पवन सैनी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।योग शिविर में प्रतिदिन शहर के बहुत से महिला पुरुष एवं बच्चे लाभ उठा रहे हैं।

### आईजीपी अम्बाला मंडल ने मादक पदार्थो के 114 मामलों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः**
पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल अम्बाला छावनी पंकज नैन आईपीएस ने एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए मादक पदार्थों के सम्बन्ध में पुलिस लाइन अम्बाला के एमटी सेक्शन में रखे गए मादक पदार्थों का फिजिकल दौरा कर चेक किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत आईपीएस, उप-पुलिस अधीक्षक क्राइम अम्बाला छावनी विरेन्द्र कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी मौका पर उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार ने रखी विकसित भारत की नींव : धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़, 17 जून। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। मोदी सरकार का सेवाकाल ‌ह्वविकसित भारतह्ल और ह्वआत्मनिर्भर भारतह्ल के ह्वसंकल्प की सिद्धिह्ल का स्वर्णिम काल है।
उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों से पीएम मोदी ने खुद को तपाकर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को साकार कर रहे हैं। भाजपा कार्यकताओं का दायित्व बनता है कि मोदी - नायब सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी दें और कोई पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित रह गया है, उक्त व्यक्ति तक पहुंचे, उसको योजना की जानकारी देते हुए योजना का लाभ दिलवाने में सहायक की भूमिका निभाएं। धनखड़ मंगलवार को झज्जर में शक्ति केंद्र स्तर पर मोहल्ला/पंचायत जनसभा की तैयारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण शिविर में सभी मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री, मंडल संयोजक व सह संयोजक, शक्ति केन्द्र प्रमुख और वक्ता मौजूद रहे।



राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिला है। पीएम मोदी भारत के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्हें 23 से अधिक देश अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी जी-7 की बैठक में वैश्विक नेताओं के साथ भी भाग ले रहे हैं।
धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति वाला देश बना और जल्द ही भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहां तकनीक है वहीं तरक्की भी है। मोदी सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित है।

### महिला से साढ़े चार लाख की ठगी करने के मामले में चौथा आरोपी उत्तर प्रदेश से काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा --(रणबीरखटक)--**
साइबर थाना कि एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टेलीग्राम एप से जोड़कर टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर सिरसा निवासी एक महिला से हुई 4 लाख 48 हजार 940 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में एक अन्य आरोपी को उत्तर प्रदेश से काबू कर लिया । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि सिरसा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 24 अप्रैल 2025 को अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप्प से जुड़कर घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ो रुपए कमा सकते हो । इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा,जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे । कुछ समय बाद मेरे मोबाइल नंबर पर एक टेलिग्राम लिंक आया जैसे ही मैने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन चल रहा था । पीड़ित महिला लालच में आकर 4 लाख 44 हजार 940 रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो टेलिग्राम एप पूरी बंद हो गया जब तक मुझे एहसास होता तब तक में ठगी की का शिकार हो चुकी थी।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान ने डबवाली हल्के के कार्यकर्ताओं में भारी ऊर्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**
हरियाणा कांग्रेस में सशक्त संगठन तथा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर चलाए गए संगठन सृजन अभियान के तहत आज डबवाली में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से एआईसीसी ऑब्जर्वर क्रिस्टोफर तिलक, प्रदेश पर्यवेक्षक शमशेर गोगी, राजवीर वर्मा, कृष्ण सातरोड विशेष रूप से पहुंचे। एआईसीसी तथा प्रदेश पर्यवेक्षको का डबवाली पहुंचने पर हलका डबवाली के पूर्व विधायक अमित सिहाग ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे कार्यकताओं को संबोधन के दौरान पूर्व विधायक अमित सिहाग ने कहा कि हरियाणा में सशक्त संगठन तथा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए बड़े स्तर के नेताओं की नियुक्ति करना अपने आप में साबित करती है कि कांग्रेस हाई कमान मजबूत संगठन के निर्माण के लिए कितनी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि सिरसा सहित पूरे हरियाणा में कांग्रेस हाई कमान ने बड़े स्तर के नेताओं को जिम्मेवारी देकर भेजा है जिसके चलते कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं में मजबूत संगठन को लेकर आस की किरण जगी है।



सिहाग ने कहा कि चुनावी परिणाम के बाद मायूस कांग्रेस कार्यकताओं में आज के सम्मेलन ने नई ऊर्जा का संचार किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इतनी बड़ी संख्या में आज कार्यकर्ता एआईसीसी ऑब्जर्वर तथा प्रदेश पर्यवेक्षकों को अपने दिल की बात कहने के लिए आए हैं यह हर्ष की बात है और कार्यकताओं के दिल की बात को सुनकर ही पार्टी हाईकमान कोई फैसला लेगी।
वही कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी हाई कमान द्वारा भेजे गए ऑब्जर्वर क्रिस्टोफर तिलक ने कहा कि राजनीति में आचार, व्यवहार, संगठन और प्रचार की अहम भूमिका होती है और कांग्रेस पार्टी के नेताओं का आचार, व्यवहार और प्रचार तो ठीक है, लेकिन हरियाणा में संगठन के अभाव के चलते हमें हार का मुंह देखना पड़ा, जिसको देखते हुए राहुल गांधी ने उन्हें हरियाणा भेजा है।
तिलक ने कहा कि वो कार्यकताओं के दिल की बात सुनने के लिए यहां आए हैं और उसके बाद वो अपनी रिपोर्ट हाई कमान को भेजेंगे, जिसके बाद हरियाणा में मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा।

## पुलिस लाइन में सैकड़ो पुलिसकर्मियों ने किया योग, पौधारौपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/ 16 जून** :-मैनपाल :पुलिस लाइन पंचकूला में आज एक विशेष योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने भाग लेकर मानसिक व शारीरिक रूप से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की अगुवाई पुलिस उपायुक्त पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने की। बता दे डीसीपी सृष्टि गुप्ता द्वारा कार्यभार संभालने के बाद पुलिस विभाग में नई ऊर्जा व कार्यक्षमता को बढ़ावा देने हेतु सोमवार सुबह योग सत्र की शुरूआत की गई है, ताकि पुलिसकर्मी अपने तनाव को दूर कर स्वस्थ मानसिकता के साथ बेहतर सेवा दे सकें।



इस क्रम में आज 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था के सहयोग से एक विशेष योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षिका रेनू मेहता द्वारा योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान के माध्यम से उपस्थित पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रहने के लिए उपयोगी अभ्यास कराए गए।
रेनू मेहता पिछले 21 वर्षों से संस्था से जुड़ी हैं और सेना, पुलिस व अन्य सुरक्षा बलों के लिए नियमित योग व स्वास्थ्य कार्यशालाएं संचालित कर रही हैं। इस सत्र में दीपा कुमारी और गायत्री मित्तल ने भी योग शिक्षिका के रूप में सक्रिय सहयोग दिया। योग सत्र के बाद पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और सकारात्मक पहल करते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया।

### गांव रूपावास की व्यायामशाला में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा,(रणबीर खटक)**
हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के आदेशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जिलाभर में योग प्रोटोकोल अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव रूपावास की व्यायामशाला में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम में खेल नर्सरीयों के छात्र-छात्राओं, व्यायामशालाओं में नियमित आने वाले योग साधकों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग को केवल 21 जून तक सीमित न रखें

## 27 करोड़ 41 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** नगर निगम की वित्त एवं संविदा समिति की 17वीं बैठक में लगभग 27 करोड़ 41 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई, जिससे शहर के विकास को गति मिलेगी। बैठक की ओर से संचालन कमिश्नर हर्षित कुमार ने किया। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के डिप्टी मेयर मंजीत केलावत के वार्ड 2 में 600 एम एम एवेन्यू लाइन पर 85.86 लाख, और वार्ड 1 में ही खिजर मकबरे से हनुमत नगर तक 60.6 लाख, वार्ड 2 में सिविल लाइन स्टैंड कामी रोड पर 105 लाख 87 हजार, वार्ड 2 में मियामी मार्केट के 66.13 लाख से 68.57 लाख लाख, और वार्ड 2 में संत कबीर भवन के हाल का निर्माण 68.13 लाख, वार्ड 4 सेक्टर 15 में 134.28 लाख, वार्ड 5 देवदू में पानी लाइन पर 73.54 लाख, वार्ड 6 गढ़ केजहानपुर में सिविल लाइन पर 66.45 लाख, वार्ड 8 के सेक्टर 15 में पीने की लाइन पर 1.69 लाख वार्ड 8 के लिवान गांव 160.66 लाख लाख, वार्ड 9 जगदीशपुर में चौपाल पुनर्निर्माण के लिए 65.04 लाख, राधाना में श्मशान घाट का पुनर्निर्माण 79.17 लाख लाख, राधाना में श्मशान घाट का पुनर्निर्माण 79.17 लाख, पटेल नगर में 88.35 लाख, राधाना में शमशान घाट का पुनर्निर्माण 87.45 लाख गुड़गांव का निर्माण 119.96 लाख, वार्ड 12 डबल स्टोरी, वार्ड 10 सेक्टर 13 कल्याण नगर का निर्माण 158.73 लाख, वार्ड 10 सेक्टर 11 कल्याण नगर का निर्माण 80.43 लाख, भीम नगर, ज्ञान नगर का मकान 89.97 लाख, वार्ड 12 डबल स्टोरी, तारानगर का निर्माण 147.28 लाख, वार्ड 13 सेक्टर 13 कल्याण नगर का निर्माण और सड़क का निर्माण 62.77 लाख, वार्ड 16 ब्रह्म नगर, विशाल नगर की स्ट्रीट का पुनर्निर्माण 99.47 लाख, वार्ड 17 पत्थर वाली गली का पुनर्निर्माण 58.61 लाख, वार्ड 18 सेक्टर 23 में फर्म का निर्माण 123.18 लाख, वार्ड 19 में श्री विहार की स्ट्रीट का निर्माण 95.34 लाख और बैठक में बैठक में एजेंडों पर पुनः विचार वार्ड 19 में इंडियन कॉलोनी में कॉलोनी का पुनर्निर्माण 107.8 लाख, वार्ड 20 नगर में हुआ। बाग कॉलोनी में ग्रामवासियों का निर्माण 91.35 लाख रु. के विकास कार्य को मंजूरी दी गई।



## महापौर को एमपी लैड की तरह 5 करोड़ रुपये का फंड भी देने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला। हरियाणा** के मेयरों ने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारी एसीआर लिखने की पावर मांगी है। आल इंडिया मेयर कांफ्रेंस में प्रदेश के 9 मेयरों ने एक स्वर में भारतीय संविधान के 74वें संशोधन को हरियाणा में पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की है। पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल, जिन्हें हरियाणा मेयर काउंसिल का प्रधान चुन लिया गया है, के नेतृत्व में मेयरों ने मुख्यमंत्री को अपना 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, ताकि हरियाणा के सभी नगर निगमों को एक सशक्त मजबूती दी जा सके। महापौरों ने कहा कि निगमों के कार्यों में तेजी एंव पारदर्शिता लाने के लिये अदायगी करने का अधिकार एंव स्वीकृति नगर निगम के महापौर को होनी चाहिए। सरकार द्वारा नगर निकाय एंव परिषदों में यह अधिकार चेयरमैन को पहले से प्राप्त है, उसी तर्ज पर नगर निगमों में भी महापौर के स्तर पर इसे लागू किया सुनिश्चित किया जाए। नगर निगमों में आयुक्त व संयुक्त आयुक्त आईएएस व एचसीएस रैंक के अधिकारी होते हैं, जिस कारण कर्मचारियों पर इन अधिकारियों का दबाव अधिक होता है। जनहित कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की एसीआर लिखने का अधिकार निगम के महापौर को होना चाहिए, ताकि अधिकारी/कर्मचारी को महापौर द्वारा दिए गए निदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए। महापौर को नगर निगम क्षेत्र में कार्य करवाने के लिए 5 करोड़ का स्वैच्छिक फंड 1 वर्ष का बजट (एम लैड और विधायक फंड की तर्ज पर) दिया जाए।



हरियाणा के मेयरों ने मांग की है कि भारत सरकार एंव प्रदेश सरकार या किसी अन्य सरकारी संस्था द्वारा निगम क्षेत्र में बनाई जाने वाली किसी भी प्रकार की योजना जैसे कि स्मार्ट सिटी व अन्य कोई भी योजना को बनवाने/लागू करने में महापौर को अध्यक्ष पीएमडीए, गमाड़ा या उसके सदस्य के तौर पर शामिल किया जाना चाहिए। नगर निगम के कार्य क्षेत्र में होने वाले सभी टेंडर कार्पोरेशन लेवल पर किए जाए और पूर्व की भांति किसी भी कार्य/निविदा की दरों की स्वीकृतिकरने का अधिकार महापौर की अध्यक्षता में गठित वित्त एंव सविंदा समिति को दिया जाना चाहिए। नगर निगम कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इंटरनल बदली करने से पूर्व आयुक्त नगर निगम द्वारा उसकी अनुमति महापौर से लेना अनिर्वाय होना चाहिए। महापौर नगर निगमो को 50 लाख तक टेंडर के बिना नगर निगम क्षेत्र में विकास करने के लिये अधिकार दिया जाना चाहिए।
प्रोटोकाल के अनुसार महापौर का पद मुख्य सचिव के बराबर का है अतः महापौर को भी आर्थिक मेडिकल सुविधांए मुख्य सचिव के पदानुसार दी जानी चाहिए। सरकार द्वारा जिस प्रकार मंत्री, सांसद एंव विधायक के प्रोटोकाल बनाए गए उसी तर्ज पर भी महापौर का प्रोटोकाल मैनुअल बनाना सुनिश्चित किया जाए।

## पलवलः जेडी पब्लिक स्कूल ललपुरा के छात्रों ने नीट 2025 में लहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया / संतोष गर्ग**
पलवल। जेडी पब्लिक स्कूल ललपुरा, पलवल के छात्रों ने नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) 2025 में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्कूल की शैक्षिक गुणवत्ता और समर्पित शिक्षण पद्धति अपने आप में बेमिसाल है। स्कूल के प्रिंसिपल संगीता देशवाल ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि अदिति और अनुष्का मेहनती बच्चे हैं। इस उपलब्धि पर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे छात्रों ने कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम हासिल किया है। यह न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि हमारे स्कूल के समग्र शैक्षिक दृष्टिकोण का भी प्रमाण है।"



स्कूल के चेयरमैन सतपाल देशवाल ने भी छात्रों को बधाई दी और कहा, "जेडी पब्लिक स्कूल का लक्ष्य हमेशा से ही छात्रों को न केवल शैक्षिक रूप से बल्कि समग्र विकास के लिए तैयार करना रहा है। नीट 2025 के परिणामों ने हमारे इस प्रयास को और मजबूती दी है।" इस वर्ष नीट में स्कूल के कई छात्रों ने शीर्ष रैंक हासिल की है, जिससे पलवल क्षेत्र में स्कूल की प्रतिष्ठा और बढ़ गई है।

न्यूज फ्लैश

## पंजाब सहित अन्य सभी राज्यों के उपचुनाव में जीत दर्ज करेगी भाजपा: एडवोकेट शिखा राय



**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार):** ग्रेटर कैलाश दिल्ली की विधायक एडवोकेट शिखा राय ने कहा कि पंजाब सहित अन्य सभी राज्यों में जहां विधानसभा के उपचुनाव हो रहे हैं, वहां पर भारजीत जनता पार्टी के प्रत्याक्षी जीत करेंगे। अपने दमदार जनसंपर्क और स्पष्ट विचारों के लिए जानी जाने वाली शिखा राय हाल ही में पंजाब उपचुनाव में प्रचार अभियान के बाद दिल्ली लौटते हुए शाहबाद के गांव लंडी में एडवोकेट सुरेन्द्र टिवाना के निवास स्थान पर पहुँचीं थी। शिखा राय ने कहा हमारा उद्देश्य चुनाव जीतने के साथ-साथ जनता के बीच जाकर उनकी आवाज को विधानसभा तक पहुंचाना है। आम आदमी पार्टी के नेता अनुराग ढांडा द्वारा दिये गये ब्यान कि कांग्रेस ने भाजपा के साथ मिलकर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा है, पर शिखा राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली में हुई करारी हार हजम नहीं हुई है। इसी बौखलाहट में आम आदमी के नेता हार के लिए कभी ई.वी.एम. को जिम्मेदार ठहराते है और कभी कांग्रेस को भाजपा की बी टीम बताते हैं। वहीं अपने निवास स्थान पर पहुंचने पर एडवोकेट सुरेन्द्र टिवाना ने विधायक शिखा राय का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगरपालिका प्रधान गुलशन कवात्तरा, सुरेन्द्र गोयल, चार्टर्ड एकाऊंटैंड राजीव गुप्ता, एडवोकेट संदीप टिवाना, दीपक जैलदार, राजबीर ढिंढसा, गुरमेल सिंह, यशदीप, सुनील चौधरी, यशदीप टिवाना, दीपा, घसीटा राम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जगाधरी के गढ़ी मुंडो गांव में अवैध कॉलोनी पर चला जिला योजना कार्य विभाग का पीला पंजा



**यमुनानगरा-** जगाधरी के शहरी क्षेत्र में गांव गढ़ी मुंडो में अवैध कॉलोनी पर जिला योजनाकार विभाग ने पीला पंजा चलाया। जगाधरी के शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से कालोनियां काटने का कारोबार तेजी से फैल रहा है। जिला योजना कार्य विभाग की कार्रवाई के बावजूद शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनी पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार द्वारा गढ़ी मुंडो गांव में लगभग 2 एकड़ में बनी कच्ची सड़कों, नीवों व सिवरेज को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि को अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किये गए थे। विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई तथा भू-मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी/निर्माण पर तोड़-फोड़ की कार्यवाही की गई। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता तथा जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी/निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा ›

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग संगोष्ठी आयोजित

### शोधार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दी

प्रस्तुतियां

□ श्री कृष्ण आयुष विवि के सभागार में शोध पर आधारित एक योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा योग आयोग के कर्मठ एवं ऊजार्वान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के सुयोग्य मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान के कुशल निर्देशन में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के सभागार में शोध पर आधारित एक योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान, विशिष्ट अतिथियों हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की योग विभाग अध्यक्षा डॉ शीतल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनीषा, भारतीय योग संस्थान, हरियाणा के संगठन मंत्री एवं जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति के सचिव गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह, ए. एम. ओ. डॉ महिपाल, डॉ संदीप, डॉ मीना, डॉ तृप्ता, डॉ सोनीली इत्यादि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।संगोष्ठी में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग की स्नातकोत्तर स्कॉलर डॉ हिमांशी कौशिक ने चर्म रोग 'उदर्द अथवा शीत पित्त' के प्रबंधन में कुंजल क्रिया के प्रभाव बारे अपनी शोध प्रस्तुति में बताया कि उदर्द में कुंजल क्रिया काफी हद तक प्रभावी होती है। इसी विभाग की स्नातकोत्तर स्कॉलर डॉ रिया भाटिया ने कामकाजी व्यक्तियों का संज्ञानात्मक कौशल बढ़ाने में त्राटक एवं भ्रामरी प्राणायाम की प्रभाव क्षमता के तुलनात्मक अध्ययन पर अपनी शोध प्रस्तुति दी। इसी विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनीषा ने याद्दच्छिक नियंत्रित परीक्षण विधि द्वारा दो समूहों पर कपालभाति व नाड़ी शोधन प्राणायाम के फुफ्फुसीय स्वास्थ्य पर प्रभाव का स्पायरोमीटर द्वारा परीक्षण किया। उनका यह शोध योग एवं क्रिया शरीर पर अंतः विषय अनुसंधान है।

भारतीय योग संस्थान के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने अपनी नौ वर्ष की योग साधना की अनुभूति के आधार पर बताया कि योग न केवल व्यक्ति के शारीरिक बल्कि मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। और एक योगी के जीवन में यह प्रभाव स्पष्ट दिखाई पड़ते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप गुप्ता ने योग के प्राचीन इतिहास, वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता और महत्व के बारे में बताया। हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा ने अपने अनुसंधान विषय के अंतर्गत एबीसी ऑफ योग सीरीज-1 के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि तीन श्रृंखलाओं में 78 योग शब्दों को संगीत, कविता, ग्राफिक्स व एनीमेशन की सहायता से अंग्रेजी वर्णमाला के अंतर्गत एवं 49 यौगिक शब्दों को हिंदी वर्णमाला के अंतर्गत प्रस्तुतीकरण से योग के विषय में सरलता से सीखा व सिखाया जा सकता है।

## प्रधान सुरेंद्र मदान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** सोमवार सायं सेक्टर 14 सामुदायिक केंद्र में प्रधान सुरेंद्र मदान की अध्यक्षता में सेक्टर 14 वेलफेयर एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। एसोशिएशन के महासचिव विकास परूथी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए फुल हाउस के सामने मीटिंग का एजेंडा रखा। तदानुसार सभी सदस्यों ने लंबे समय से प्रतीक्षित सोवनिर कम इनफॉरमेशन डायरेक्टरी का सामुहिक तौर पर अनावरण किया और डायरेक्टरी की एक प्रति सेक्टर 14 के सभी निवासियों तक निशुल्क पहुंचाने का निर्णय भी लिया। विस्तार से चर्चा करने के बाद कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल की अंतिम अर्थात तीसरी वार्षिक आम सभा की बैठक 20 जुलाई को बुलाने की और इस दिशा में जरूरी नोटिस सभी संबंधित मतदाता निवासियों को 5 जुलाई तक पहुंचा देने की सहमति जताई। महासचिव ने कहा कि उक्त बैठक में वित वर्ष 24-25 का रिपोर्ट कार्ड, बैलेंस शीट, आय एवं व्यय खाता और सदस्य सूची पटल पर हाऊस के अनुमोदन के लिए रखे जाएंगे।

एजेंडा

□ महासचिव विकास परूथी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए फुल हाउस के सामने मीटिंग का एजेंडा रखा

## सामाजिक संस्थाओं को कमिश्नर ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**


**यमुनानगर/(धर्मबीर)-** नगर निगम द्वारा एक जून से 21 जून तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े में सहयोग करने पर नगर निगम आयुंक्त अखिल पिलानी व उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक ने सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ये सामाजिक संस्थाओं एक जून से नगर निगम के साथ मिलकर विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। संस्थाओं द्वारा नगर निगम के साथ लोगों को खुले में कचरा न डालने, सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके निगम के वाहन को देने व प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने, घर से कपड़े का थैले लेकर बाजार जाने, नालों में कचरा न डालने के प्रति जागरूक किया गया।

**इन संस्थाओं को किया गया सम्मानित :** एक जून से चल रहे इस अभियान में निगम के साथ देने पर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने स्नेह सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सेन, सुदर्शन फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप बजाज, श्रीजी सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष नीरू चौहान, सचिव नीरज कालडा, आल इंडिया समाज सेवा केंद्र के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, सृष्टि जन कल्याण समिति के अध्यक्ष मीनू चसवाल, नगर निगम की आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## कैदियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का किया आयोजन: सीजेएम कंचन

हेल्थ चेक अप

□ सचिव प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में सेंट्रल जेल अम्बाला में हेल्थचेक अप कैंप का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला के तत्वावधान में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन प्राधिकरण कंचन माही व माननीय मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट एवं सचिव प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में सेंट्रल जेल अम्बाला में हेल्थचेक अप कैंप का आयोजन किया गया। इस अभियान में चारदीवारी के भीतर बंद कैदियों व बंदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस में सामान्य अस्पताल अंबाला की और से 9 सदस्य डॉक्टर की टीम नियुक्त की गई, जिन्होंने कैदियों की हर प्रकार की बीमारी की जांच की तथा उन्हें बेहतर दवाइयां भी उपलब्ध करवाई। इस आयोजन में लगभग 400 कैदी/बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई जिसमें महिलाएं और बचे भी शामिल थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य हर कैदी को स्वस्थ रखना है ताकि कोई भी जेल में बंद कैदी किसी बीमारी से ग्रस्त ना रहे। इसके साथ साथ चार दीवारी के भी तर न्याय (कैदियों के कानूनी अधिकार प्रदान करवाने) अभियान का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कैदियों व बंदियों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता, कैदियों से संबन्धित भारतीय संविधान व संबन्धित विधियों में उनके अधिकारों, कारगार में कैदियों को साफ-सफाई और स्वास्थ्य कर परिवेश बनाए रखने, स्वस्थ आदतें अपनाने और मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के लिए तथा संबन्धित विचारा धीन मामलों में जमानत याचिका दायर करने की प्रक्रियाओं के बारे में, बंदियों को पैरोल, फरलो/थोड़े दिन की छुट्टी और क्षमा याचिका से संबन्धित व जेल प्रशासन की ओर से बंदियों व कैदियों के उपयुक्त चिकित्सा सुविधायों और उपचार संबंधी व अन्य संबन्धित कानूनी अधिकारों व उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया।

## अम्बाला-चंडीगढ़ के मध्य मेट्रो चलाना जरूरी, मेट्रो रेल की नींव डल चुकी है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** अम्बाला-चंडीगढ़ के मध्य मेट्रो ट्रेन चलाने को लेकर ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से गत दिनों मुलाकात कर चर्चा की। इसी मामले को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि चंडीगढ़ केंद्र शासित है जोकि हरियाणा-पंजाब की राजधानी है। यहां कामकाज व व्यापार के लिए रोजाना हरियाणा-पंजाब आते-जाते हैं। मगर चंडीगढ़ जाने के लिए एकमात्र सड़क पर भारी यातायात रहता है और कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के विकास के लिए यहां मेट्रो रेल जरूरी है और इसलिए उन्होंने गत दिनों केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री से विस्तृत वार्ता हुई है कि किस-किस रुट पर मेट्रो रेल चलेगी। उन्होंने बताया कि यह भी विचार सामने आ रहा है कि मोहाली एयरपोर्ट को भी मेट्रो रुट से जोड़ा जाए। श्री विज ने कहा कि मेट्रो रेल लगाने की नींव डल चुकी है। जिस प्रकार पहले बीज डालना पड़ता है, फिर खाद व पानी देना होता है तो पेड़ बड़ा होता है। इसी प्रकार, मेट्रो रेल लगाने के लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष मांग रखते हुए बीज डाल दिया है।

चर्चा की

□ चंडीगढ़ जाने के लिए एकमात्र सड़क पर भारी यातायात रहता है और कई बार जाम की स्थिति बन जाती है

## गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना, नरेश शर्मा**



**मंगलवार** को भाजपा के गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने जिला गोहाना के कार्यकर्ताओं की शहर के सिंचाई विश्राम गृह में मीटिंग ली। बिजेंद्र मलिक ने कार्यकर्ताओं से 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर मंडल स्तर पर योग के प्रोग्राम करवाने,23 जून को जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 29 जून रविवार का प्रस्तावित मन की बात के कार्यक्रम को हर बूथ पर सुनने के लिए कहा।इस मौके पर उनके साथ संयोजक डॉ.धर्मवीर नांदल,सह संयोजक पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना,सह संयोजक पहलवान योगेश्वर दत,बलराम कौशिक, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, परमवीर सैनी, नरेंद्र गहलावत,जगबीर जैन,भूपेंद्र मुदगिल,वजीर नरवाल,जस्सी खुराना,राजेश भावड़,जितेन्द्र शर्मा,सूरत सिंह,इंद्रपाल,ओमवीर वत्स,डॉ.राममेहर राठी,सुमित कक्कड़,शेर सिंह बेडवाल,कुलदीप कौशिक,सूरजमल शर्मा,अमित बाल्मिकी,फूल खरब,आशीष, आजाद जागसी, कश्मीरी, राजेश मलिक,संदीप जांगड़ा,देवेन्द्र सैन आदि उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति केन्द्रों को प्रदान किया जा रहा राज्य पुरस्कार

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहे है चाहे वो नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई का हो या युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों/संस्थानों, नशामुक्ति केन्द्रों के लिए राज्य पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य पुरस्कार के लिए इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं 20 जून तक विभागीय पोर्टल पर अपना ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नशामुक्ति के क्षेत्र में शराब एवं मादक पदार्थो के सेवन की रोकथाम के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया जाएगा।

## आदेश मैडिकल कालेज में योग दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार)**



**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष्य में मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कालेज व अस्पताल में भव्य योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदेश अस्पताल के निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल एवं प्रिंसीपल डा. एन.एस. लांबा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी और युवाओं को योग को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डा. विक्रांत प्रभाकर की देखरेख में किया गया। जिसका संचालन डा. विजय विवेक, डा. नेहा गौर और डॉ. प्रांजल धीर ने किया। इसमें डा. सुशील दलाल एवं डा. परमाल सैनी का भी विशेष सहयोग रहा। आयुष विभाग अंबाला एवं हरियाणा योग आयोग के सहयोग से कई प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञों और वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। योगाचार्य पंकज कुमार ने योगासन और प्राणायाम का जीवंत प्रदर्शन किया। योग को लेकर वक्ताओं अंबाला से आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डा. समीधा शर्मा, ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन, डा. वृंदा आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर एवं डा. निधीश कुमार यादव सहित सभी ने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। छात्रों, फैकल्टी और अस्पताल स्टाफ ने बढ़-चढकर भाग लिया और योग प्रशिक्षकों द्वारा सिखाए गए आसनों को बड़े उत्साह के साथ सीखा। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए आयुष विभाग हरियाणा योग आयोग और सभी का आभार प्रकट किया।

शिविर

□ योग आयोग के सहयोग से कई प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञों और वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

## मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार का हुआ स्वागत

सम्मेलन


□ खादी वस्त्रों एवं उत्पादों ी बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए दी जाने वाली छूट एवं वर्षों से पेंडिंग पड़ी छूट राशि के संबंध में तुषार सैनी के सामने अपनी मांग रखी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी कुरुक्षेत्र के खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ में पहुंचे। जहां उनका खादी संस्थान के सचिव एवं व्यवस्थापक सतपाल सैनी सहित आरएस सैनी, राजेश पंडित, धर्मेंद्र शर्मा, प्रवीण सैनी, विनोद कुमार, विशाल, राम किशन सैनी, रहीश खान, बांका राम सहित गणमान्य लोगों व खादी कामगारों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। सचिव सतपाल सैनी ने बताया कि इस मौके पर हरियाणा खादी वस्त्रों एवं उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए दी जाने वाली छूट एवं वर्षों से पेंडिंग पड़ी छूट राशि के संबंध में तुषार सैनी के सामने अपनी मांग रखी। मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने आश्वासन दिया कि वे उनकी मांग एवं पेंडिंग छूट राशि का मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर समाधान करवाएंगे। सचिव सतपाल सैनी ने तुषार सैनी को स्मृति चिन्ह देने के साथ खादी ग्रामोद्योग संघ में आने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

## जिला तैराकी प्रधान सुखवीर मलिक ने किया ट्रायल का आगाज



**पानीपत, ( कमाल हुसैन)** सब जूनियर एवं जूनियर लड़के व लड़कियों की आयु वर्ग एवं तैराकी इवेन्ट वाइज तैराकी की ट्रायल चौ. बलदेव सिहँ तरणताल काला आम रोड़ पानीपत पर ली गई। जिसमे पानीपत जिला से करीब 150 तैराको ने भाग लिया तया उचित स्थान प्राप्त किया। अब चयनित तेराको की लिस्ट तैयार हो गई तथा अब चयमित तैराक बहादुरगढ़ जुलाई के खेल मे जायेगे जो तैराक हरियाणा राज्य तैराकी प्रतियोगिता के चयन हुऐ है। चयनित लिस्ट में नाम शामित निम्न तैराक है। समर्थ बलदेव सिंह, अरमान, श्याम, रिधिमा, मनन, रुदर, शोर्य , कार्तिक, आरुष वंश निहाल, अनिरुद विश्वजीत, , गौरव, आदित्य, सिद्धार्थ, कमनदीप नादर कौर, फिजा, सायना, सोनम, तवुज, हनलिका आकृर्ति नमन, अनुष इत्यादि का चयन हुआ।

## 21 जून को अनाज मंडी व्यासपुर में होगा योग दिवस पर मुख्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर)-**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे अनाज मंडी व्यासपुर में किया जाएगा तथा ब्लॉक लेवल पर सढोरा के डी ए वी स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर पायलट रिहर्सल 20 जून को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी प्रबंध समय रहते सुनिश्चित किए जाएं व आपसी तालमेल बनाकर कार्य किया जाए।

एसडीएम जसपाल सिंह गिल मंगलवार को अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों को मैट, पानी, बिजली, अल्पाहार आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था योजनाबद्ध तरीके से करें और सभी के लिए अस्थाई शौचालय की व्यवस्था का इंतजाम किया जाए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर में बुनियादी साक्षरता और शिक्षण विधियों से परिचित कराया

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर और मिडिल स्कूल गढ़ी केसरी में शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर और मिडिल स्कूल गढ़ी केसरी में पांच दिवसीय प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर खण्ड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया के दिशानिर्देश में हुआ। अलग अलग बैच में 203 अध्यापको को प्रशिक्षित किया गया। शिविर में एफ एल एन के तहत हिन्दी, गणित के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा के महत्त्व पर जोर दिया।



बी आर सी सुनन्दन कुमार ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए शिक्षकों को एफ एल एन (फाउंडेशनशल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी) अर्थात बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के महत्त्व को समझाना और प्रभावी शिक्षण विधियों से परिचित कराना है कप्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सत्र पाठ्यपुस्तकों एवं शिक्षक सामग्रियों में हुए परिवर्तनों, शिक्षण चरणों और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को पहचानने एवं सुधारने की विधियों से अवगत कराया गया क हिन्दी भाषा के सभी चार चरणों (मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन, लेखन) गणित, अंग्रेजी विषय की विभिन्न गतिविधियों द्वारा, शिक्षण तकनीकियों और मूल्यांकन पद्धतियों पर गहन चर्चा कराई गईक निपुण मिशन के अन्तर्गत निपुण लक्ष्य नई पाठ्य पुस्तक व वर्क बुक की समावेशिता, अध्यापक संदर्शिका, नई शिक्षण सामग्री, साप्ताहिक आंकलन, सावधिक आंकलन, स्किल पासबुक, वार्षिक आंकलन आदि विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करना है कएफ एल एन कोऑर्डिनेटर शिवाली आंतिल ने बताया इस ट्रेनिंग का लक्ष्य खेल गतिविधियों के द्वारा कक्षा में संघर्षशील छात्रों को मुख्यधारा से जोड़ना है क शिक्षकों को छात्रों में रचनात्मक सोच, पढ़ने-लिखने की क्षमता और गुणात्मक दक्षता विकसित करना, अंग्रेजी विषय को भाषा के तौर पर पढ़ाना, विषय को रुचिकर व इसके महत्त्व को समझना शिविर का मुख्य उद्देश्य है क प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अंजू दहिया, कुसुम, पूजा, ज्योति, ज्योत्सना, मनोज, मीनू , सुचेता ने अपना अहम भूमिका अदा की कप्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था का संचालन सुरजीत खोखर, जगबीर देशवाल, पवन कुमार स्कूल इंचार्ज सीमा द्वारा किया गया।

# युवा कांग्रेस पदाधिकारियों की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** प्रदेश कांग्रेस ने जिले में युवा कांग्रेस के संगठन को मजबूती देने के लिए नई नियुक्तियां की हैं। इसमें फूसगढ़ गांव के रजत लाठर को करनाल ग्रामीण युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि इंद्री निवासी सुमित मंढाण को शहरी जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों नियुक्तियों के बाद कांग्रेस समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



खासकर ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनने पर रजत लाठर के गांव फूसगढ़ में जमकर आतिशबाजी हुई और ढोल नगाड़े बजाकर मिठाइयां बांटी गईं। रजत लाठर ने युवाओं की आवाज बुलंद करने का वादा करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

हरियाणा युवा कांग्रेस की नई जिला कार्यकारिणी के तहत करनाल जिले में दो प्रमुख पदों पर नियुक्ति की गई है। फूसगढ़ निवासी रजत लाठर को करनाल ग्रामीण युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है, जिसमें नीलोखेड़ी, असंध और घरौंडा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, इंद्री के सुमित मंढाण को करनाल शहरी युवा कांग्रेस की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें करनाल और इंद्री विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दोनों ने युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरने और संगठन को मजबूत करने की बात कही।

रजत लाठर के ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनने की घोषणा के साथ ही फूसगढ़ गांव में जश्न का माहौल बन गया। कार्यकताओं और समर्थकों ने ढोल की थाप पर नाचते हुए उनका स्वागत किया। जगह-जगह आतिशबाजी की गई और लोगों को मिठाईयां खिलाकर खुशी जाहिर की गई। गांव के युवाओं ने इसे अपनी जीत बताया और कहा कि रजत लाठर जैसे नेता को जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है।

रजत लाठर ने बताया कि यह नियुक्ति पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया से की गई है। 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं ने ऑनलाइन वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा लिया था और उन्हें युवाओं का बहुमत समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे युवा वर्ग की है और अब संगठन को नई दिशा दी जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### खुबडू पर गन्नौर साई मोबाइल दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी, चोरी की वारदात हुई सीसीटीवी में कैद



**गन्नौर।** खुबडू पर गन्नौर साई मोबाइल दुकान के बाहर से दुकानदार की मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात आसपास की दुकानदारों की दुकान पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें चोर मोटरसाइकिल को चोरी करके ले जाते हुए दिखाई दे रहा है । चोरी की शिकायत दुकानदार ने गन्नौर थाना पुलिस को दी।

शिकायत के बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज किया। पुलिस को दी शिकायत में दुकानदार गांव राजलू गढ़ी निवासी पवन ने बताया कि 1 साल से दुकान किराए पर लेकर खुबडू पर गन्नौर में दुकान चलाता हूं । शिकायत में दुकानदार नहीं बताया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ी किया हुआ था। दुकान पर ज्यादा ग्राहक होने के कारण वह उसे देख नहीं पाया। जब शाम को जाने लगा तो देखा कि उसकी मोटरसाइकिल ही गायब मिली। उसके बाद मोटरसाइकिल के आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला । उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। दुकानदार पवन का आरोप है कि पुलिस में शिकायत दर्ज करने के बाद कोई भी पुलिसकर्मी कार्रवाई को पूछताछ के लिए उनके पास नहीं आया । अब उन्होंने अपने सफर पर ही आसपास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज चेक कर उसकी मोटरसाइकिल को चोरी करते ले जाते हुए चोर की सीसीटीवी फुटेज निकली है । दुकानदार ने पुलिस प्रशासन से मांग की है की फुटेज के आधार पर मोटरसाइकिल चोर को पकड़ा जाए ताकि आगे भी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

### मॉडल संस्कृति स्कूल से गढ़ी केसरी बैडमिंटन हाल तक बनी सड़क डेढ़ साल में ही टूटी, लोगों ने जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** माडल संस्कृति स्कूल से गढ़ी केसरी बैडमिंटन हाल तक बनाई गई सड़क महज डेढ़ साल में ही टूटने लगी है। सड़क की जगह-जगह से परत उखड़ चुकी है और गड्ढे बन गए हैं। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, नगरपालिका द्वारा खेल स्टेडियम से लेकर राजकीय माडल संस्कृति स्कूल तक सड़क सुदृढ़ीकरण पर करीब 54.63 लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी। लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर अब स्थानीय लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद सड़क मात्र कुछ ही महीनों में उखड़ गई, जो साफ तौर पर निर्माण में लापरवाही और घटिया सामग्री के इस्तेमाल की ओर इशारा करता है। स्थानीय निवासी ने बताया कि सड़क की खराब हालत के कारण बच्चों को स्कूल जाते समय परेशानी होती है। इस संबंध में नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि सड़क की स्थिति का जल्द ही निरीक्षण कराया जाएगा। ठेकेदार को मरम्मत के निर्देश दिए जाएंगे और यदि निर्माण कार्य में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### कालांवाली नगरपालिका के चुनाव में वार्ड 14 का एक नामांकन पत्र खारिज

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
नगरपालिका कालांवाली के आम चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार को हुई जिसमें वार्ड नंबर 14 से एक प्रत्याशी के नामांकन को खामियां मिलने पर रद्द कर दिया गया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान प्रधान पद के लिए 12 प्रत्याशियों की ओर से भरे गए आवेदन सही पाए गए हैं वहीं 16 वार्ड पार्षद के लिए 59 आवेदन सही पाए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच कर ली गई है। बुधवार को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं और इसी दिन नाम वापिसी का समय समाप्त होने के बाद चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, इसी तरह वार्ड पार्षद के लिए 59 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए हैं, जिनमें से 37 पुरुष व 22 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक व दो में चार-चार उम्मीदवार, वार्ड नंबर तीन में दो, वार्ड नंबर चार में पांच, वार्ड नंबर पांच में तीन, वार्ड नंबर छह में आठ, वार्ड नंबर सात में दो, वार्ड नंबर आठ में दो, वार्ड नंबर नौ में छह, वार्ड नंबर 10 में छह, वार्ड नंबर 11 में पांच, वार्ड नंबर 12 में एक, वार्ड नंबर 13 में दो, वार्ड नंबर 14 में दो, वार्ड नंबर 15 में तीन तथा वार्ड नंबर 16 में चार उम्मीदवारों के नामांकन सही है।

# कच्चे के रास्ते के कारण बस्ती के लोग हुए परेशान

**समस्या**

▶▶ बीबीपुर ब्राह्मण में इंदिरा बस्ती के रहने वाले लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप ) .**बीबीपुर ब्राह्मण में इंदिरा बस्ती के रहने वाले लोगों को कच्चे रास्ते के कारण भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां रहने वाले करीब 10 घरों के लोगों को अक्सर बरसात के दिनों मे इस भारी समस्या से जूझना पड़ता है यहां पर बस्ती से आने-जाने के लिए एक मात्र कच्चा रास्ता है जिस पर बारिश के दिनों मे बारिश के दिनों में कीचड़ ऐसे में इस रास्ते को पार करना भी उन लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। स्कूल के बच्चे स्कूल जाते वक्त इस रास्ते पर कीचड़ में गिर जाते हैं और उनके सारे कपड़े गंदे हो जाते हैं।

यहां के लोगों को आज से कई साल पहले यह प्लांट रहने के लिए मिले थे लेकिन तब से लेकर अब तक यहां कोई पक्का रास्ता नहीं बनाया गया। बस्ती में कोई लाइट की सुविधा भी नहीं है खेत की बिजली से घरों की बिजली चलती है ऐसे में बिना बिजली के उन्हें भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बस्ती के स्थानीय निवासियों संजय कुमार, सलिंन्द्र कुमार, पताशो देवी, सन्नी, लविश, गोपाल, लक्ष्य, नरेश शर्मा आदि का कहना था कि वे लोग कहीं बाहर प्रशासन से इस बारे में मांग कर चुके हैं लेकिन उनकी इस समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि यहां जल्द से जल्द बस्ती से बाहर आने जाने के लिए कच्चे रास्ते को पक्का बनवा दे ताकि उनको इस परेशानी से निजात मिल सके। इस बारे में इंद्री के एसडीएम अशोक मुंजाल का कहना है कि उनके संज्ञान में यह मामला नहीं था वे इस बारे में ग्रामीणों से बात करेंगे और जल्द ही उनकी सभी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए प्रयास करेंगे

# चीला में सरपंच की जीत के जश्न के दौरान पथराव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली) :** नूंह जिला के गांव चीला में मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे नवनिर्वाचित सरपंच मुमताज के समर्थन में जीत के जश्न में आयोजित दावत पार्टी के दौरान मामूली झड़प हो गई। इस अवसर पर दूसरे गांवों के सरपंचों के साथ-साथ पूर्व मंत्री संजय सिंह भी मौजूद थे। नवनिर्वाचित सरपंच के पिता ने पूर्व मंत्री संजय सिंह को बग्गी में बैठाकर सरकारी स्कूल से डीजे के साथ अपने घर की ओर काफिला निकाला था।

दावा है कि उसी दौरान रास्ते में हारने वाले सरपंच उम्मीदवार तबस्सुम ( आबिद की पुत्रवधू) के घर के पास काफिले पर कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन 3-4 लोगों को मामूली खरोंचें आईं।ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक सदर थाना पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में भी लिया है।जिला पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। वर्तमान में मामला शांत है, और डीएसपी सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद है। पूर्व मंत्री संजय सिंह वहां से चले गए हैं। पुलिस ने स्थिति पर नजर रखने के लिए निगरानी जारी रखी है।

# रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर के छात्र यश ने नौकायन विश्व कप में भागीदारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** रौनक पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र यश धनखड़ ने चीन में आयोजित आई. सी. एफ. बोट वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में भाग लेगा। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रजनी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने से यश को न केवल अपने कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करने का भी मौका मिलेगा। उन्होंने यश के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह अपने कौशल और मेहनत के बल पर इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। शर्मा ने यश के माता-पिता और कोच को भी बधाई दी, जिन्होंने यश को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यश की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रौशन हुआ है और अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है।



# तावडू में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिशा-निदेर्शों के तहत चलाए जा रहे "संगठन सृजन अभियान" के तहत मंगलवार को सोहना विधानसभा क्षेत्र के तावडू कस्बे में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक का आयोजन रेवाड़ी रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया, जिसमें मेवात जिला अध्यक्ष के आवेदन और चयन प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सैकड़ों स्थानीय और जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक में फरीदाबाद एनआईटी से पूर्व विधायक नीरज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सोहना विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शमसद्दीन, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक चौधरी शहीदा खान, वरिष्ठ युवा नेता खालिद हुसैन चाहल्का, आबिद दानिबास, शाहीन शम्स, सैफ शम्स, अजहरुद्दीन, रजिया बानो सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने संगठन सृजन अभियान की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

# हंगामा ओटीटी लेकर आया है डबल रोल वाली नई सस्पेंस

**चंडीगढ़ः** देश के सबसे प्रमुख एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने आज अपनी नई ओरिजनल सीरीज जुड़वा जाल के रिलीज की घोषणा की। यह जबरदस्त सस्पेंस से भरी क्राइम थ्रिलर सीरीज है जिसमें रोचकता, ड्रामा और कदम कदम पर नए मोड़ लेने वाली कहानी है। सीरीज छह एपिसोड की है और हर एपिसोड आपकी उत्सुकता को बढ़ाएगा और आपको अंदर सीरीज को आखिर तक देखने की दिलचस्पी पैदा करेगा। इस सीरीज में दर्शकों को हत्या, चीजों को अलग तरह से दिखाने की कोशिश, धोखे और सच तक पहुंचने की कशमकश देखने को मिलेगी।

# 'बालश्रम वाले एरिया को करें चिन्हित, हर हाल में रोकना है बालश्रम'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा,(रणबीर खटक)**
अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में पोक्सो व बाल श्रम रोकने को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार व श्याम शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने जिला स्तर पर किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली।



अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बैठक में कहा कि बालश्रम रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर सामजस्य के साथ काम करना होगा। बच्चे के अधिकारों की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेवारी है। बैठक में डीएसपी विकास कृष्ण, डीएसपी डबवाली रमेश कुमार, डीएसपी कपिल, महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह, बाल संरक्षण समिति की चेयरपर्सन अनिता वर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल, उप जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रत्येक थाना से पोक्सो एक्ट के लिए नियुक्त अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए केंद्र की ओर से जो पॉलिसी लागू की गई थी, उसकी एसओपी है और उसी अनुरूप कार्य करना है। एसओपी में सभी की जवाबदेही तय हो चुकी है, इसलिए सभी उसी अनुरूप काम करें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम की स्थिति में सहायक श्रम कमिशनर एफआईआर करवाएंगे। आयोग सदस्यों ने कहा कि रेड की जानकारी उपायुक्त को होनी चाहिए और रेड के मामले में तकनीकी पहलुओं पर चर्चा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से भी करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में संबंधित विभाग की मदद करें और एफआईआर में देरी न हो ताकि बालश्रम में पकड़े गए बच्चे की शिक्षा व आर्थिक पहलुओं पर कोई दिक्कत न आए।

हॉट स्पॉट चिन्हित हो, भीख मंगवाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई हो

# रिश्वत लेते हुए पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पानीपत जिले की समालखा तहसील में एंटी करप्शन ब्यूरो (अउइ) की टीम ने 8 हजार की रिश्वत लेते हुए पटवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी जमीन का खाता अलग करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। जिसकी एवज में उसने 30 हजार रुपए की मांग की थी। दोनों के बीच 25 हजार में सौदा तय हुआ था। आरोपी पहले भी कुछ रुपए ले चुका है। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर टीम ने आज मंगलवार को उसे गिरफ्तार किया है।



पटवारी पर था तीन गांवों का कार्यभार

जानकारी के अनुसार अनिल पटवारी गांव जौरासी का रहने वाला है। जिसके पास गांव करहंस, गढ़ी छाजू और मच्छरौली का कार्यभार है। जिसके पास 22 मई को गांव गढ़ी छाजू का रहने वाला एक व्यक्ति अपने काम के लिए लगातार आ रहा था। पटवारी ने उसी दिन 1100 एडवांस ले लिए थे।

# उप चुनाव के नतीजों से फिरोजपुर झिरका की राजनीति लेती दिख रही करवट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका विधानसभा की राजनीति विधानसभा चुनाव के करीब सात - आठ महीने बाद ही करवट लेती हुई दिखाई पड़ रही है। जिला परिषद वार्ड नंबर 17 के लिए हुए उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस को पटखनी देते हुए इंडियन नेशनल लोकदल समर्थक ने जीत का परचम लहराया है। सबसे खास बात यह है कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट कांग्रेस के मामन खान ने तकरीबन 1 लाख वोटों से जीती थी

और यह जीत हरियाणा में सबसे बड़ी जीत थी। लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजे के 6 माह बाद ही मतदाताओं के दिलों दिमाग में कांग्रेस का खुमार उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। यही वजह है की कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर, भारतीय जनता पार्टी नेता पूर्व विधायक नसीम अहमद, भारतीय जनता पार्टी नेता पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद भारतीय जनता पार्टी नेता आलम उर्फ मुंडल सहित कई दिग्गजों ने इनेलो समर्थक जकरिया शहीद को हराने के लिए दिन - रात मेहनत की। लेकिन बड़े - बड़े दिग्गजों को पटखनी देते हुए इंडियन नेशनल लोकदल उम्मीदवार रहे हबीब हवननगर के समर्थक खास साकरस गांव से ताल्लुक रखने वाले जकरिया शहीद ने 1037 वोटो से भारतीय जनता पार्टी समर्थक उम्मीदवार आलम उर्फ मुंडल के पुत्र अली शेर को हराया है। सबसे खास बात यह है कि इस जिला परिषद वार्ड नंबर 17 के उपचुनाव में जकरिया सहित को हराने के लिए अलग - अलग दलों के नेताओं के सुर भी एक दिखाई पड़ रहे थे, लेकिन उसके बावजूद भी जीत दर्ज करना इस बात का संकेत है कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा की राजनीति अभी से करवट लेने लगी है। इसे देखते हुए कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर के लिए आगे की राह आसान कतई नहीं कहीं जा सकती। इंडियन नेशनल लोकदल उम्मीदवार रहे इनेलो नेता हबीब हवननगर ने कहा कि सभी दलों के बड़े नेताओं ने मिलकर जकरिया शहीद को हराने की भरपूर कोशिश की, लेकिन वह इस मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इसमें कोई दो राय नहीं की फिरोजपुर झिरका विधानसभा की राजनीति ने अभी से करवट लेनी शुरू कर दी है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस - भाजपा को काफी नुकसान होता हुआ दिखाई पड़ रहा है। वार्ड नंबर 17 से नवनिर्वाचित जिला पार्षद जकरिया शाहिद ने कहा कि तकरीबन 31000 मतदाताओं ने अपना जिला पार्षद चुनने के लिए उपचुनाव में वोट डाले थे। तकरीबन 22 गांव वार्ड नंबर 17 जिला परिषद में आते हैं। फिरोजपुर झिरका विधानसभा के तीन - चार बड़े नताओं ने उनके खिलाफ जमकर प्रचार किया था, लेकिन फिर भी उनकी जीत को नहीं रोक पाए। शैक्षणिक योग्यता के चलते बर्खास्त हुए जिला पार्षद खुर्शीद भी इस चुनाव में जकरिया शहीद के खिलाफ थे। कुल मिलाकर जिला परिषद वार्ड नंबर 17 के लिए उपचुनाव के आए नतीजे की चर्चा अब जिले में आम हो चली है।



# परिचालक पर हुए जानलेवा हमले के खिलाफ रोडवेज कर्मचारी लामबंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** 16 जून शाम करीब 8,00 बजे हरिद्वार से फतेहाबाद आ रही रोड़वेज बस पर कुछ अज्ञात हमलावरों द्वारा बस परिचालक पर बिना बस स्टेंड पर जबरदस्ती बस रुकवाने को लेकर डंडे व लोहे की राड से परिचालक पर कुछ युवाओं द्वारा हमला किया गया हैं जिससे परिचालक को काफी गंभीर चोट आई हैं। परिचालक के साथ मारपीट के समय परिचालक की ईट टिकिट मशीन, केश बैग एवं नकदी गुम की भी जानकारी परिचालक द्वारा अग्रोहा अस्पताल में चिकित्सा के समय दी गई हैं। इसलिए आज फतेहाबाद डिपो सुबह से ही पूर्ण रूप से बंद है। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ( संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ) इस हादसे की घोर निंदा करता है एवं हरियाणा के प्रशासन एवं परिवहन मंत्री अनिल विज से मांग करता है समय रहते सरारती तत्वों को तुरंत गिरफ्तार करें एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा दी जाए अन्यथा पूरे हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी काम छोड हड़ताल पर जाने से पीछे नहीं हटेंगे इसमें नूहं डिपो अग्रणीय पंक्ति में भागेदारी करेगा। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी खुद हरियाणा सरकार की होगी।



# सालों से खंडहर पड़े समुदाय भवन में फिर से गुंजेगी शहनाई, टेंडर हुआ पास





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड के जहांगीरपुरी इलाके में दिल्ली नगर निगम के द्वारा बनाए गए केशव समुदाय भवन जो कि रख-रखाव के अभाव में सालों से खंडहर पड़ा हुआ था, जिसके चलते आस-पास के लोगों को अपने घरों के छोटे-मोटे कार्यक्रम करने के लिए मोटी रकम खर्च करके निजी बैंक्वट हॉल बुक करने पड़ते थे, लेकिन अब लोगों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा, क्योंकि जल्द ही बंद पड़े बारात घर में फिर से शादी की शहनाई गुंजेगी।

**25 लाख की लागत से होगा रेनोवेट:** मुकुंदपुर वार्ड के निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि आम आदमी पार्टी से निगम पार्षद रहे अजय शर्मा के कार्यकाल में यह केशव समुदाय भवन बनाया गया था, जो आप काबिज़ निगम द्वारा रख-रखाव के अभाव में भवन के पंखे, खिड़की, दरवाजे, लाइटें खिड़की सब स्मैकियों द्वारा चोरी कर लिया गया था, जिसके चलते सामुदायिक भवन अंधेरे में गुम हो गया था। राठौर ने बताया कि इस भवन की साज-सज्जा के लिए 25 लाख रूपए का टेंडर पास कर दिया गया है और इसका कार्य लगभग तीन माह में खत्म हो जाएगा उसके बाद यह फिर से जनता को सौंप दिया जाएगा।

## खाप नेता सुरेंद्र सोलंकी ने रक्षा मंत्री राजनाथ से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** के 360 गांवों की प्रमुख आवाज और एक प्रमुख खाप नेता सुरेंद्र सोलंकी ने हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और राष्ट्रीय राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल स्थापित करने का अनुरोध किया। सोलंकी के अनुसार, दिल्ली की ग्रामीण आबादी के कई लोग पीढ़ियों से सशस्त्र बलों और पुलिस में भाग लेते रहे हैं और विभिन्न भूमिकाओं में समाज में योगदान देते रहे हैं। सोलंकी ने बताया कि रक्षा मंत्री से हाल की मुलाकात में उन्होंने न केवल एक सैनिक स्कूल की स्थापना की मांग की, बल्कि उन्हें लंबित मुद्दों से भी अवगत कराया, जिनमें मास्टर प्लान 2041 को लागू करने की आवश्यकता भी शामिल है। उन्होंने सरकार से विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित भूमि और भूखंडों के लिए स्वामित्व अधिकार प्रदान करने और लंबे समय से लंबित आवंटन प्रक्रिया को तेज करने का अनुरोध किया। इसके अलावा, सोलंकी ने सरकार से सशस्त्र बलों में भर्ती को फिर से खोलने का आग्रह किया। उन्होंने दिल्ली के गांवों के शहर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया और राष्ट्रीय राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने की वकालत की, सुझाव दिया कि उन्हें मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। सोलंकी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार, जो जनता के विश्वास के आधार पर बनी है को भी नागरिकों और ग्रामीण आबादी के हित में काम करने को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो लंबे समय से उपेक्षा का सामना कर रही है।

खाप नेता के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित कार्य और विकास की कमी ने इन क्षेत्रों में रहने की स्थिति को खराब कर दिया है, जिससे लोगों को अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में दयनीय जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## मोदी सरकार ने 11 साल में किए नए कीर्तिमान स्थापित: विक्रम कश्यप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त मुकुंदपुर वार्ड से मंडल अध्यक्ष विक्रम कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल ने चौतरफा उपलब्धियों सहित अनेकों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए है। उन्होंने मोदी सरकार के इस कालखंड को जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण के रूप में रेखांकित किया, वहीं विक्रम ने तेज गति से विकास के साथ ही राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बदलावों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। कश्यप ने कहा कि इन 11 सालों में देश ने आर्थिक उत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। पहली बार लोगों ने देखा कि जब नेतृत्व स्पष्ट, संकल्प अडिग और नीयत लोकसेवा की होती है, तब सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नए कीर्तिमान बनते हैं। उनके अनुसार 2014 में जब मोदी के आने के पहले देश में पालिसी लकवा मारी हुई थी। न नीतियां थीं, न नेतृत्व था और सरकार में घोटाले चरम पर थे। भारत अब आतंकवादी हमलों का जवाब आतंकियों के घर में घुस कर देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस से देश के विकास की स्पीड और स्केल दोनों को बदल दिया। किसानों, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों और वंचितों को शासन के केंद्र में लाया गया।

## 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने के खोखले वादे की वजह से लाखों गरीब लोगों के साथ हुआ धोखा'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने एक बयान जारी कर भाजपा सरकार को उसके चुनावी वादों की याद दिलाते हुए कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों के पास आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का जो वादा भाजपा ने किया था, वह जमीनी हकीकत में बदलने की बजाय कांग्रेस सरकार के समय शुरू हुई डिस्पेंसरियों के नाम बदलने और उनका दोबारा उद्घाटन तक सीमित रह गया है। देवेन्द्र यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारी प्रचार के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का ऐलान किया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आँकड़ों के अनुसार जिन 33 केंद्रों को नए मंदिर बताया जा रहा है, उनमें 29 पहले से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 4 उप-केंद्र के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रेखा गुप्ता सरकार ने केवल इन पुराने केंद्रों की मरम्मत और रंगाई-पुताई करके उन्हें नया नाम देकर दोबारा उद्घाटन कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने 100 दिनों में दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू से वेंटिलेटर पर पहुंचा दिया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि तीस हजारी में एक पुराने मोहल्ला क्लीनिक को पहला आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में पेश किया गया, जबकि वहां न पर्याप्त स्टाफ है, न दवाइयां, न फार्मासिस्ट, न योग प्रशिक्षक और न ही डाटा एंट्री ऑपरेटर। चार कर्मचारियों के सहारे पूरे केंद्र को मॉडल हेल्थ सेंटर की तरह चलाने की योजना बनाकर भाजपा दिल्लीवासियों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही है। टीकाकरण, योग और परिवार नियोजन जैसी सेवाओं के लिए प्रशिक्षित स्टाफ और समुचित ढांचा जरूरी होता है, जिसकी इन केंद्रों में भारी कमी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि इन 33 केंद्रों के सीमित स्टाफ से ही 123 नए केंद्रों को चलाने की योजना बनाई गई है, जिससे हर कर्मचारी को चार-चार केंद्रों की जिम्मेदारी दी जा रही है। यह व्यवस्था पूरी तरह अव्यवहारिक और अव्यवसायिक है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से प्राप्त 56.31 करोड़ रुपये के बजट में से केवल 98 मेडिकल ऑफिसर, 123 स्टाफ नर्स, 33 लेडी हेल्थ विजिटर और 33 पब्लिक हेल्थ मैनेजर की नियुक्तियों की बात है, जिससे 123 केंद्रों का संचालन प्रभावी ढंग से संभव नहीं। यह दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का काम है। उन्होंने कहा कि मौजूदा बजट में कुल 320 करोड़ (192 करोड़ केंद्र सरकार और 128 करोड़ राज्य सरकार) का प्रावधान था, लेकिन अब तक केवल 56.31 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जो दशार्ता है कि सरकार की मंशा और योजना दोनों अधूरी हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का दावा पूरी तरह भ्रामक है, क्योंकि जिस पीएम-अभीम योजना से यह ढांचा बनना है, वह इस वर्ष समाप्त हो रही है और मिशन के दस्तावेज भी यही दशार्ते हैं कि सरकार की योजना केवल 123 पुराने केंद्रों के नाम बदलने तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में केंद्र और राज्य के मिलाकर लगभग 2100 करोड़ रुपये आयुष्मान और वेलनेस केंद्रों पर खर्च किए जाने थे।

## दिल्ली में कांवड़ यात्रा तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**नई दिल्ली। आगामी कांवड़** यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में कांवड़ शिविर आयोजकों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली सरकार, मंत्रियों, विधायकों, सांसदों और अधिकारियों के सहयोग से कांवड़ यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखेगी। सभी व्यवस्थाएं पारदर्शिता के साथ की जाएंगी। सरकार सुनिश्चित करेगी कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर किए गए भ्रष्टाचार को न दोहराया जाए। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि कांवड़ शिविर 12 जुलाई से शुरू होंगे और शिवरात्रि पर्व तक संचालित रहेंगे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवा, जल आपूर्ति और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में कांवड़ यात्रा के दौरान हर वर्ष बड़ी संख्या में शिव भक्त विभिन्न मार्गों से होते हुए हरिद्वार से जल लेकर लौटते हैं।

## सफाई कर्मचारियों में एरियर नहीं मिलने से जबरदस्त रोष: दलीप बरवाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली नगर** निगम में कार्यरत दैनिक दिहाड़ी पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को उनके बढ़े हुए वेतन का एरियर न मिलने के चलते कर्मचारियों में निगम के संबंधित अधिकारियों और सरकार के खिलाफ रोष देखने को मिल रहा है।


राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद के अध्यक्ष दलीप बरवाला ने बताया कि निगम के ऐसे ही सैंकड़ो कर्मचारी है जिनको अभी तक उनकी सैलरी का एरियर का भुगतान नहीं किया गया है, कर्मचारी एरियर पाने के लिए संबंधित अधिकारियों के दफ्तर की धूल फांक रहे है, बावजूद इसके उनको अभी तक मामले में आश्वासन तक नहीं दिया गया है, जिसके चलते उन सभी कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। परिषद ने आक्रोश व्यक्त करते हुए अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि पैसा होते हुए भी कर्मचारियों को उनके एरियर से वंचित किया जा रहा है।

बरवाला ने कहा कि नरेला क्षेत्र में अनेक दैनिक वेतन कर्मचारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन उनकी आवाज को सुनने वाला कोई भी नहीं है, जोन में पैसा होने के बाद भी उन्हें एरियर नहीं दिया जा रहा।

इसके साथ ही बरवाला ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली नगर निगम को 820 करोड़ की सहायता दी है, निगम ने उन पैसों का ऐसा क्या किया जो कि अभी तक कर्मचारियों को एरियर का भुगतान नहीं किया गया है।

## समाज कल्याण मंत्री ने बवाना में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समाज** कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मंगलवार को बवाना के सी ब्लॉक, जेजे कॉलोनी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दिल्ली वासियों को घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलेगा, साथ ही यहाँ का स्टाफ मरीजों का इलाज, सेवा की भावना से करेगा। इन स्वास्थ्य केंद्रों को जनसहयोग से सरकार उत्कृष्ट स्वास्थ्य केंद्र बनाएगी। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली संकल्प की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सस्ती दवाओं के लिए 17 नए जनऔषधि केंद्र का शुभारम्भ किया है। आज का दिन दिल्ली में स्वास्थ्य क्रांति दिवस के रूप में देखा जा रहा है। सरकार के शुरूआती 100 दिनों में ही 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर तैयार हो गए हैं, दिल्ली वासियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1139 आरोग्य मंदिर का उपहार देने की योजना है।

रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि पहली कैबिनेट मीटिंग में ही दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को लागू कर दिल्ली वासियों को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज देने का प्रावधान किया। आयुष्मान वय वंदना योजना लागू कर 70 वर्ष से अधिक हर बुजुर्ग को भी 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज देने का प्रावधान किया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का काम किया है: योगेन्द्र चंदोलिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के महामंत्री एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर और रेखा गुप्ता सरकार के 100 दिन पूरे होने पर किए गए कार्यों और आगामी विकास कार्यों की रुप रेखा की जानकारी दी।

इस मौके पर दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव, जिला अध्यक्ष विनोद सहरावत एवं रामचन्द्र चावरिया एवं प्रदेश प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी उपस्थित थे। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है और उसका उदाहरण है कि जब यूक्रेन और रुस की लड़ाई में भारत के बच्चे जो वहां मेडिकल की पढाई पढ़ने के लिए गए थे, वे सुरक्षित वापस आए। उन्होंने कहा कि भारत 2013 में जब सरदार मनमोहन सिंह की सरकार थी तो अर्थव्यवस्था10वें स्थान पर थी लेकिन आज वहीं अर्थव्यवस्था 4वां स्थान पर हैं। चंदोलिया ने कहा कि 80 करोड़ से ज्यादा गरीब लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम कर रहे हैं और साथ ही स्वास्थ्य में 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज देने का काम पूरे देश में किया।

पहले इस लिस्ट में दिल्ली शामिल नहीं था लेकिन दिल्लीवालों ने सरकार बदली और आज दिल्ली को भी इस योजना का लाभ मिल रहा है। इतना ही नहीं रेखा गुप्ता की सरकार ने इस राशि को10 लाख रुपये कर दिया है ताकि दिल्ली के बुजुर्गों को बिमारी के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़े। भाजपा सांसद ने कहा कि आज देश भर में सड़कों का जाल बिछा हुआ है लेकिन दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने पिछले 11 सालों में सड़कों को जर्जर कर दिया। भाजपा की सरकार दिल्ली में बने सिर्फ100 दिन हो गए हैं लेकिन इन100 दिनों में सड़के चमकनी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को पक्के मकान देने का काम किया। स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को 10000 रुपये तक का लोन देने का काम किया है।

## 'रिइमैजिनिंग जम्मू एंड कश्मीर: ए पिक्टोरियल जर्नी' पुस्तक का हुआ लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रिइमैजिनिंग** जम्मू एंड कश्मीर: ए पिक्टोरियल जर्नी' पुस्तक का विमोचन और प्रदर्शनी का लोकार्पण का आयोजन इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के कला निधि प्रभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा थे। जबकि अध्यक्षता आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने की।

इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी उपस्थित थीं। उद्घाटन संबोधन आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने दिया और स्वागत भाषण एवं परिचय प्रस्तुत किया कलानिधि प्रभाग के प्रमुख एवं डीन (प्रशासन) प्रो. रमेश चन्द्र गौड़ ने।

यह पुस्तक प्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट आशीष शर्मा द्वारा लिखी गई है और इसमें जम्मू-कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर, स्मार्ट सिटी पहल, कृषि, हस्तशिल्प और आध्यात्मिक स्थलों को चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है। प्रदर्शनी दर्शकों के लिए 16 से 25 जून 2025 तक आईजीएनसीए की चित्रदीर्घा दर्शन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।

## सुपर-60 अमेरिका लीजेंड टूर्नामेंट में जलवा दिखाने को तैयार भारतीय दिग्गज




**नई दिल्ली।** इस साल अगस्त में आयोजित होने वाले सुपर-60 अमेरिका लीजेंड टूर्नामेंट में भारतीय क्रिकेट के चार पूर्व सितारे हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना और रॉबिन उथप्पा एक बार फिर मैदान पर अपने जौहर दिखाने को तैयार हैं। यह प्रतियोगिता 5 अगस्त से 16 अगस्त तक अमेरिका में चलेगी, जिसका उद्देश्य वहां क्रिकेट को लोकप्रिय बनाना है। 2011 में एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य हरभजन सिंह और सुरेश रैना, 2007 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे रॉबिन उथप्पा और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिखर धवन ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने पर उत्साह जताया। हरभजन सिंह ने कहा, सुपर-60 अमेरिका दिग्गजों के टूर्नामेंट का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। यह एक अनोखा और प्रतिष्ठित प्रारूप है जो क्रिकेट को एक नई दिशा देगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के पूर्व खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं, जो अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सुरेश रैना ने कहा, मैं इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह दुनिया भर के शानदार खिलाड़ियों को एक मंच पर लाता है। ऐसे आयोजनों से अमेरिका में क्रिकेट का दायरा बढ़ेगा और मुझे इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस हो रहा है। शिखर धवन ने कहा, सुपर-60 अमेरिका दिग्गजों के टूनार्मेंट में शामिल होना एक शानदार अवसर है। अमेरिका में उभरती क्रिकेट संस्कृति के साथ जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह आयोजन नए प्रशंसकों को जोड़ने और क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। रॉबिन उथप्पा ने भी कहा, यह प्रतियोगिता नवाचार और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन मेल है। इसका अनोखा प्रारूप खेल को नया आकर्षण देता है और इससे नए दर्शकों को जोड़ने में मदद मिलेगी। क्रिकेट के विकास में योगदान देना मेरे लिए गर्व की बात है। यह टूनार्मेंट टी-10 प्रारूप (हर टीम को 10-10 ओवर का खेल) में खेला जाएगा, जो क्रिकेट के पारंपरिक रूप में नयापन और तीव्रता लाता है, जिससे दर्शकों को अधिक रोमांच मिलता है। भारतीय दिग्गजों की मौजूदगी से यह प्रतियोगिता न सिर्फ रोमांचक होगी, बल्कि अमेरिका में क्रिकेट को नई पहचान दिलाने का माध्यम भी बनेगी।

## यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार ने कोच को दिया 25 लाख रुपये का सम्मान

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के स्टार डिफेंडर और यू मुंबा के कप्तान सुनील कुमार ने ऐसा भावुक कदम उठाया है, जिसने खेल जगत में सभी का दिल जीत लिया है। पीकेएल ऑक्शन के बाद सुनील कुमार ने अपने बचपन के कोच भूपेंदर मलिक को बतौर सम्मान 25 लाख रुपये का चेक सौंपा। यह महज एक आर्थिक मदद नहीं, बल्कि गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक था। सुनील कुमार ने एक बयान में कहा, भूपेंदर मलिक मेरे बचपन के कोच हैं। उन्होंने ही मुझे पहली बार कबड्डी से जोड़ा और मेरी नींव रखी। कोच भूपेंदर मलिक पिछले 20-25 सालों से खिलाड़ियों को बिना किसी शुल्क के ट्रेनिंग देते आ रहे हैं और अब तक कई पीकेएल स्टार्स को तैयार कर चुके हैं। यह क्षण तब और भी भावुक हो गया जब भूपेंदर मलिक ने शुरूआत में यह उपहार लेने से इनकार कर दिया, लेकिन सुनील कुमार ने विनम्र लेकिन दृढ़ स्वर में कहा कि यह केवल पैसे का लेन-देन नहीं, बल्कि सम्मान और आभार की अभिव्यक्ति है। सुनील ने कहा, जो कुछ भी मैंने प्रो कबड्डी लीग में हासिल किया है, वह सब उनके प्रशिक्षण की वजह से है। उन्होंने मुझे न केवल डिफेंस सिखाया, बल्कि कवर पोजिशन में खेलने से लेकर नेतृत्व करना भी सिखाया। सुनील इस समय प्रो कबड्डी लीग के सबसे महंगे भारतीय डिफेंडर हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पीकेएल ने खिलाड़ियों की ज़िंदगी पूरी तरह बदल दी है। उन्होंने कहा, पहले हमारे पास कुछ नहीं था। आज पैसा है, नाम है, और दुनिया हमें कबड्डी खिलाड़ी के रूप में पहचानती है। सुनील कुमार का यह कदम उस रिश्ते को दशार्ता है जिसमें एक शिष्य कभी अपने गुरु को नहीं भूलता। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैंने अपने गुरु को वह सम्मान दिया, जिसके वो हकदार हैं,


## पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने बिग बैश लीग के लिए कराया रजिस्ट्रेशन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सीजन के लिए पंजीकृत कराया है। बिग बैश लीग का ड्राफ्ट इस गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को पुष्टि की है कि कौल पुरुष वर्ग में रजिस्ट्रेशन कराने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत के लिए उन्होंने तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी पुरुष बीबीएल ड्राफ्ट में शामिल हुए हैं। यदि उन्हें चुना जाता है तो वह लीग के इतिहास में 43 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। एंडरसन के साथ दुनिया भर से 600 से अधिक खिलाड़ियों ने भी अपना नाम दर्ज कराया है। इस बीच, महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के लिए भारत की 15 महिला खिलाड़ियों ने भी ड्राफ्ट में अपना नाम दर्ज कराया है। इनमें कनिका आहूजा (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, डब्ल्यूपीएल) शामिल हैं, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में भारत के लिए टी20 डेब्यू किया था। ड्राफ्ट में जिन प्रमुख भारतीय महिला खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, उनमें जेमिमा रोड्रिग्स, शिखा पांडे, राधा यादव और यास्तिका भाटिया शामिल हैं। इन सभी ने पहले भी डब्ल्यूबीबीएल में हिस्सा लिया है। इसके अलावा सूची में एस. मेघना, अरुंधति रेड्डी, प्रतीका रावल, अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान नीकि प्रसाद, उमा छेत्री, कशवी गौतम, प्रिया मिश्रा और कुछ अन्य युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं।

# इंग्लैंड में सबसे सफल भारतीय कप्तान कौन; सर्वश्रेष्ठ पारी किसने खेली और सर्वाधिक छक्के किसने लगाए?

**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से होने जा रही है। पहला मुकाबला लीड्स में खेला जाएगा। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया में एक नई शुरूआत करेगी। हालांकि, एक युवा टीम इंडिया के लिए यह चुनौती आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इंग्लैंड की टीम बदलाव के दौर से गुजर चुकी है और उनकी जमीन पर उन्हें हराना आसान नहीं होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड की धरती पर 2007 के बाद से कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से जीत हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम वहां 2011, 2014, 2018 और 2021 में भी दौरे पर गई, लेकिन सीरीज नहीं जीत सकी। अब गिल एंड कंपनी पर 18 साल के सूखे को खत्म करने की जिम्मेदारी होगी। इसी कड़ी में हम आपको इंग्लैंड में भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तान के बारे में बता रहे हैं। इसके साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले भारतीय और सर्वश्रेष्ठ छक्के लगाने वाले भारतीय के बारे में भी बताएंगे...




| साल | सीरीज का नतीजा | मैच संख्या |
|---|---|---|
| 2002 | सीरीज 1-1 से ड्रॉ | 4 |
| 2007 | भारत 1-0 से जीता | 3 |
| 2011 | इंग्लैंड 4-0 से जीता | 4 |
| 2014 | इंग्लैंड 3-1 से जीता | 5 |
| 2018 | इंग्लैंड 4-1 से जीता | 5 |
| 2021 | सीरीज 2-2 से ड्रॉ | 5 |
| 2025 | ? | ? |

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट में सबसे ज्यादा औसत**

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट में (कम से कम 1500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में) सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने का रिकॉर्ड किसी अंग्रेज के नाम नहीं, बल्कि भारत के 'दीवार' के नाम है। राहुल द्रविड़ ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाए हैं। उनका औसत 60.93 का है। वहीं, इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर केविन पीटरसन हैं। उनका औसत 58.55 का है। इसके बाद 58.08 के औसत के साथ जो रूट, 55.64 के औसत के साथ ग्राहम गूच और 51.73 के औसत के साथ सचिन तेंदुलकर का नंबर आता है। भारत-इंग्लैंड टेस्ट में शीर्ष पांच औसत वाले बल्लेबाजों में रूट ही एकमात्र एक्टिव खिलाड़ी हैं।

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के**

वहीं, भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की बात करें तो यशस्वी जायसवाल इसमें शीर्ष पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ केवल नौ पारियों में 26 छक्के जड़ दिए हैं। इतना ही नहीं, यशस्वी इंग्लिश टीम के खिलाफ दो दोहरे शतक भी लगा चुके हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर महान इयान बॉथम हैं। बॉथम ने भारत के खिलाफ 24 छक्के लगाए हैं। 21-21 छक्कों के साथ ऋषभ पंत और कपिल देव संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

**इंग्लैंड में उसके खिलाफ सबसे ज्यादा जीत (भारतीय कप्तान)**

भारत ने भले ही 2007 के बाद इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज न जीती हो, लेकिन उस देश में सबसे सफल भारतीय कप्तान के मामले में विराट कोहली शीर्ष पर हैं। कोहली की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड में नौ टेस्ट खेले और इसमें से तीन में जीत हासिल की। पांच टेस्ट में भारत को हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक टेस्ट ड्रॉ रहा। वहीं, कोहली के बाद कपिल देव और राहुल द्रविड़ का नंबर आता है। कपिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड में तीन में से दो टेस्ट जीते और एक टेस्ट ड्रॉ रहा। राहुल द्रविड़ ने इंग्लैंड में सिर्फ तीन टेस्ट में कप्तानी की है और एक जीता है, जबकि दो ड्रॉ रहे थे। 2007 में तीन मैचों की सीरीज के दौरान द्रविड़ ने कप्तानी की थी और भारत ने वह सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी।

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट में सबसे ज्यादा रन**

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो लिस्ट में जो रूट सबसे आगे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच मुकाबले में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 2846 रन (30 मैचों की 55 पारियों में) बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 58.08 का रहा है। इनमें 10 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 32 मैचों की 53 पारियों में 2535 रन बनाए हैं।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ पारी

**वहीं,** बात करें भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले बल्लेबाजों के बारे में तो इस लिस्ट में महान ग्राहम गूच शीर्ष स्थान पर हैं। हालांकि, करुण नायर भारत की ओर से सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। उनके अलावा किसी भारतीय ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में अब तक तिहरा शतक नहीं लगा पाया है। करुण ने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टेस्ट डेब्यू किया था। इसी सीरीज में उन्होंने अपनी तीसरी पारी में नाबाद 303 रन की पारी खेली थी। भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट में यह ग्राहम गूच के 333 रन के बाद दूसरी सर्वश्रेष्ठ पारी है। एलिस्टेयर कुक की 294 रन की पारी तीसरे, ज्यॉफ्री बॉयकॉट की नाबाद 246 रन की पारी चौथे, इयान बेल की 235 रन की पारी पांचवें और विराट कोहली की 235 रन की पारी छठे स्थान पर है। इंग्लैंड की धरती पर किसी भारतीय का टेस्ट में हाईएस्ट स्कोर 221 रन का है, जो गावस्कर ने बनाए थे। द्रविड़ 217 रन की पारी के साथ दूसरे और सचिन तेंदुलकर 193 रन के साथ तीसरे स्थान पर है।

## तीन सुपर ओवर के रोमांच के बाद नीदरलैंड्स ने नेपाल को हराया



**ग्लासगो।** नीदरलैंड्स और नेपाल के बीच सोमवार को खेले गए टी20 मुकाबले में दर्शकों को रोमांच की पराकाष्ठा देखने को मिली, जब मैच लगातार तीन सुपर ओवर तक चला। यह किसी भी पुरुष पेशेवर टी20 या लिस्ट ए मुकाबले में पहली बार हुआ है। अंततः नीदरलैंड्स ने यह रोमांचक मुकाबला जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। 152 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही नेपाल को अंतिम ओवर में 16 रनों की जरूरत थी। नंदन यादव ने काइल क्लेन की गेंदों पर 4, 2, 2, और फिर एक और चौका लगाकर मुकाबला पहले सुपर ओवर तक खींच दिया। पहले सुपर ओवर में नीदरलैंड्स की ओर से डेनियल डोरम ने गेंदबाजी की। कुशल भुर्तेल ने दो छक्के और एक चौका लगाकर 19 रन बना डाले। जवाब में माइकल लेविट ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा, इसके बाद मैक्स ओ्डाउड ने अंतिम दो गेंदों पर 6 और 4 जड़कर मुकाबले को दूसरे सुपर ओवर तक पहुंचा दिया। दूसरे सुपर ओवर में नीदरलैंड्स ने 17 रन बनाए। नेपाल की ओर से रोहित पौडेल ने पहली गेंद पर छक्का लगाया, और फिर दीपेन्द्र सिंह ऐरी ने चौका जड़कर समीकरण आखिरी गेंद पर 7 रन का बना दिया। ऐरी ने काइल क्लेन की गेंद को काउ कॉर्नर पर छक्के के लिए भेजकर तीसरा सुपर ओवर तय कर दिया। तीसरे सुपर ओवर में नीदरलैंड्स के ऑफस्पिनर जैक लायन-कैशे ने कमाल कर दिखाया। उन्होंने पौडेल और रूपेश सिंह को आउट कर नेपाल को खाता भी नहीं खोलने दिया। इसके बाद लेविट ने संदीप लामिछाने की गेंद पर लंबा छक्का जड़कर नीदरलैंड्स को ऐतिहासिक जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड्स ने 152/7 रन बनाए। टीजी निडामानुरु ने 35 और विक्रमजीत सिंह ने 30 रन बनाए। नेपाल की ओर से संदीप लामिछाने ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट मात्र 18 रन देकर झटके, जबकि नंदन यादव ने 2 विकेट लिए।

## न्यूजीलैंड की दिग्गज क्रिकेटर सोफी डिवाइन ने किया संन्यास का एलान

**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वनडे में 107 विकेट और टी20 में 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।' डिवाइन का यह बयान न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा 17 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा से पहले आया है। अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा बुधवार को की जाएगी। डिवाइन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगी, लेकिन उन्हें केंद्रीय अनुबंध नहीं दिया जाएगा। महिला वनडे विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

## अब चार दिन के होंगे टेस्ट मैच, इस नियम को कब से लागू करेगा आईसीसी? भारत समेत तीन टीमें रहेंगी अपवाद

**दुबई :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के आने के बाद से टेस्ट क्रिकेट का रोमांच दोगुना हो गया है। अब टीमों के बीच जीत को लेकर रोमांचक जंग देखने को मिलती है। हालांकि, इसे और रोचक बनाने के लिए आईसीसी प्लेइंग कंडीशन में बदलाव करने जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें इसमें अपवाद रहेंगी। ये तीनों देश एक दूसरे के खिलाफ पारंपरिक पांच दिवसीय मैच खेलेंगे। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण और बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। आईसीसी का मानना है कि इससे छोटे देशों को ज्यादा से ज्यादा टेस्ट और लंबी सीरीज खेलने में मदद मिलेगी।




**जय शाह ने चार दिवसीय टेस्ट का समर्थन किया**

'द गार्जियन' अखबार की एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में चर्चा के दौरान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसकी चर्चा फाइनल के दौरान इसलिए हुई ताकि समय से इस नियम को मंजूरी मिल सके और इसके लिए नियम बनाएं जा सकें। इसमें कहा गया है, 'इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरूआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।' भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से होने जा रही है।

## साओ पाउलो ने मैनेजर जुबेलदिया को पद से हटाया

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजीलियन फुटबॉल क्लब साओ पाउलो ने अर्जेंटीनी मैनेजर लुइस जुबेलदिया को खराब प्रदर्शन के चलते पद से हटा दिया है। क्लब ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। ब्राजीलियन सीरी-ए लीग में साओ पाउलो का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है। टीम 12 मैचों में केवल दो जीत के साथ 20 टीमों की तालिका में 14वें स्थान पर है।

> **निराशाजनक**
>
> **बयान में यह जानकारी दी। ब्राजीलियन सीरी-ए लीग में साओ पाउलो का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा**

हालांकि, कोपा लिबरटाडोरेस में क्लब ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने ग्रुप में टॉप किया है और अब अगस्त में कोलंबिया की एटलेटिको नैसिओनल से प्री-क्वार्टर फाइनल खेलेगा। क्लब द्वारा जारी बयान में कहा गया, "आपसी सहमति और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से यह निर्णय लिया गया कि लुइस जुबेलदिया अब टीम की कमान नहीं संभालेंगे।" जुबेलदिया ने अप्रैल 2024 में टीम की जिम्मेदारी संभाली थी और उनके कार्यकाल में साओ पाउलो ने 38 मुकाबले जीते, 27 ड्रॉ खेले।

## 'ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए हर तरह से फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली :** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है। महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खडसे ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खचीर्ले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा, 'ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा।' खडसे ने कहा, 'खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।' खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खडसे ने कहा, 'इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निमार्ता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है।' उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खडसे ने कहा, 'हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए।' पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफी ज्यादा होती है। ओलंपिक की बोली को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग बेहद महत्वपूर्ण होगा लेकिन भारत के राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) अक्सर एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में उलझे रहते हैं।



## शुभमन की टीम के सामने तीन विदेशी दौरे, इंग्लैंड का रास्ता कठिन

**नई दिल्ली :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र के समापन के साथ ही अब नए चक्र को लेकर बातें होनी शुरू हो गई हैं। इस चक्र को दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अपने नाम किया। तेम्बा बावुमा की टीम ने गत विजेता ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अब नए चक्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसकी शुरूआत 17 जून से हो जाएगी, जब श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें भिड़ेंगी। वहीं, टीम इंडिया 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ नए टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरूआत करेगी। यह डबल्यूटीसी का चौथा संस्करण होगा। इस दौरान अगले दो साल में नौ टीमों के बीच कुल 71 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इस चक्र में कई टीमें बदलाव के दौर से गुजरेंगी और एक नई शुरूआत करना चाहेगी।




**बदलाव के दौर से गुजर रही कई टीमें:** इसमें टीम इंडिया भी शामिल है, जो नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में इस चक्र में उतरेगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद से भारतीय टीम बदलाव के दौर में है। वहीं, इंग्लैंड की टीम के लिए भी जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना सफर आसान नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को भी इस बार कठिन चुनौतियां मिली हैं और उनके लिए स्थिर बने रहना बड़ी चुनौती होगी। वहीं, पाकिस्तान को एक बार फिर आसान विदेशी दौरे मिले हैं, लेकिन उनके लिए इससे पार पाना बड़ी चुनौती होगी। पाकिस्तान की टीम 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में आखिरी यानी नौवें स्थान पर रही थी।

**कौन सी टीम सबसे ज्यादा टेस्ट खेलेगी ?:** ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में सबसे ज्यादा 22 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम 21 मैच खेलेगी। इसके बाद 18 मैचों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड को 16 और दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज को 14-14 टेस्ट खेलने हैं। पाकिस्तान की टीम 13 और श्रीलंका-बांग्लादेश को 12-12 टेस्ट खेलने हैं। 2025-27 चक्र में प्रतिस्पर्धा करने वाले नौ देशों के बीच खेली जाने वाली 27 टेस्ट सीरीज में से 17 सीरीज में केवल दो मैच होंगे, जबकि तीन मैचों की छह सीरीज होंगी। श्रीलंका, बांग्लादेश, भारत और इंग्लैंड के अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम इस चक्र में अपने अभियान की शुरूआत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। इसकी शुरूआत 25 जून से होने जा रही है।

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## श्रीमती सेवती बंसल की पुण्यतिथि आज

# बहुमुखी प्रतिभा की धनी थी श्रीमती सेवती बंसल

- हमेशा ही गरीब व निर्धन तबके की सहायता के लिए आगे रहती थी श्रीमती सेवती बंसल
- श्रीमती सेवती बंसल जी का विवाह 8 जून 1963 को नरेला दिल्ली के प्रसिद्ध समाजसेवी, व्यवसायी और स्वतंत्रता सेनानी लाला जगन्नाथ बंसल जी के पुत्र श्री हेमराज बसंल जी से हुआ।
- श्रीमती सेवती बंसल जी नित्य घर में और मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करना, ब्राह्मणों, साधु संतों और भिक्षुओं का आदर सत्कार करना, दीन-दुखियों और जरूरतमंदों की मदद करना, समय-समय पर मंदिर निर्माण और मंदिरों में मूर्ति स्थापना करवाने के लिए आर्थिक सहयोग करना ही अपना धर्म-कर्म और कर्तव्य मानती थी।



श्रीमती सेवती बंसल
29.1.1945- 18.6.2022
(धर्मपत्नी श्री हेमराज बंसल)

## संक्षिप्त जीवन परिचय

**काल** की गति कोई रोक नहीं सकता, जो आया है उसको एक न एक दिन जाना है। हर प्राणी इस गति के अनुसूयत है, किन्तु जिनका जीवन धर्ममय परोपकारमय होता है, उन्हीं का जीवन संसार में सार्थक होता है। श्रीमती सेवती बंसल जी का जन्म 29 जनवरी 1945 को रोहतक, हरियाणा के प्रसिद्ध व्यवसायी लाला महाबीर प्रसाद जी के श्रद्धानिष्ठ और धार्मिक परिवार के प्रांगण में हुआ।

**बचपन** से ही धर्म के अच्छे संस्कार मिले। अपनी माता श्रीमति नारायणी देवी जी से सभी गृह कार्य में पारंगत होने और शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात श्रीमती सेवती बंसल जी का विवाह 8 जून 1963 को नरेला, दिल्ली के प्रसिद्ध समाजसेवी, व्यवसायी और स्वतंत्रता सेनानी लाला जगन्नाथ बंसल जी के पुत्र श्री हेमराज बसंल जी से हुआ। सात पुत्रियों और श्री हेमराज बंसल जी के रूप में अकेले पुत्र के विस्तृत, वृहद परिवार में श्रीमती सेवती बंसल जी ने अपनी सासु मां श्रीमती नारायणी देवी के मार्गदर्शन में विवाह उपरान्त ससुराल में आते ही समस्त घरेलू कार्यों में अपनी सासु मां का हाथ बटाना शुरू कर दिया और आहिस्ता-आहिस्ता समस्त परिवारिक जिम्मेदारियां अपने ऊपर ले ली।

**श्रीमती** सेवती बंसल जी को तीन पुत्रों राजेश बंसल, राकेश बंसल, मनोज बंसल और एक पुत्री नीता के रूप में चार संतानों की प्राप्ति हुई। हर मां का दायित्व होता है कि अपने बच्चों को संस्कारी बनाना। वर्ष 1978 में सासु मां श्रीमती नारायणी देवी के निधन के बाद समस्त परिवार की जिम्मेदारी श्रीमती सेवती बंसल जी के कंधों पर आ गई। अपने पति श्री हेमराज बंसल जी, जोकि भारत सरकार में कार्यरत थे, उनके नित्य ऑफिस जाने के बाद दिन भर अपने ससुर लाला जगन्नाथ बंसल जी की सेवा करना, बच्चों का लालन-पालन, देख-रेख करना, बच्चों की शिक्षा को ही श्रीमती सेवती बंसल ने अपना धर्मकर्म मान लिया। अपनी सात नंनदों के चालीस संतानों के भात श्रीमती सेवती बंसल जी ने अपने पति श्री हेमराज बंसल जी के साथ मिलकर पूरे परिवारिक और सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ भरे।

**श्रीमती** सेवती बसंल ने न केवल अपने पुत्रों, पुत्री को अपितु बहुओं, पौत्रों, पोत्रियों, पोत्रवधु और पडपोत्र को भी संस्कारों के सांचे में ढालकर पूरे परिवार को एक सूत्रता के धागे में पिरोकर रखा।

**परिवारिक** दायित्व जागरूकता के साथ निभाये। सभी से मिलजुल कर रहना, सभी को साथ लेकर चलना श्रीमती बंसल की अपनी विरल विशेषता थी। इतने वृहद परिवार का ख्याल रखना और कुशलतापूर्वक संचालन करना प्रथम कर्तव्य था। समयमय जीवन को ही वें अपने जीवन का सिद्धांत मानती थी और परिवार में सभी को इसी राह पर चलने की प्रेरणा देती थी। यह श्रीमती सेवती बसंल जी के लालन-पालन और उनके द्वारा दिये गए संस्कारों का नतीजा है, उनकी सभी संतानों ने उच्च शिक्षा ग्रहण की और वैवाहिक बंधनों में बंधने के पश्चात आज व्यापार, परिवार, धार्मिक गतिविधियों और समाज में अपने परिवार का नाम रोशन कर रहे है।

**सरल, मिलनसार और धार्मिक प्रवृति की थी श्रीमती सेवती बंसल:** सरल, सहज, मिलनसार, धार्मिक और सेवा भाव से परिपूर्ण श्रीमती सेवती बंसल जी पहली मुलाकात में ही दिल जीतने की कला में माहिर थी। नित्य घर में और मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करना, ब्राह्मणों, साधु संतों और भिक्षुओं का आदर सत्कार करना, दीन-दुखियों और जरूरतमंदों की मदद करना, समय-समय पर मंदिर निर्माण और मंदिरों में मूर्ति स्थापना करवाने के लिए आर्थिक सहयोग करना ही श्रीमती सेवती बंसल जी अपना धर्म-कर्म और कर्तव्य मानती थी। आज उनके परिवार में पति श्री हेमराज बंसल जी, तीन बेटे राजेश बंसल, राकेश बंसल, मनोज बंसल, पुत्री नीता गोयल और दामाद विनय गोयल, पोत्र पीयूष बंसल और पोत्र वधु प्राची बंसल, पोत्री रिचा गुप्ता और दामाद राहुल गुप्ता, पोत्री गुन्जन गुप्ता और दामाद आशीष गुप्ता, पौत्री शुभी जिंदल व दामाद पारस जिंदल,पोत्र तरूण बंसल व पौत्र वधु अंशिका बंसल और पौत्र चिराग बंसल, धेवते वैभव गोयल और मोहित गोयल तथा पडपोत्र युवान बंसल व पड़पौत्री वान्या हैं।

**आज** समस्त बंसल परिवार सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ-साथ अपना व्यापार अत्यन्त सफलतापूर्वक कर रहे है। आज बसंल ग्रुप के तहत निम्न प्रतिष्ठान चल रहे है।

1. बंसल गारमेन्टस 147, मेन बाजार, नरेला
2. बसंल टैक्सटाईल्स 166-1 मेन बाजार, नरेला
3. बंसल किचन केयर 3 ए , अलीपुर रोड़, नरेला
4. बंसल क्रियेशनस ,145 मेन बाजार, नरेला

**श्रीमती** सेवती बंसल के ससुर लाला जगन्नाथ बंसल जी वर्ष 1926 में बीए(स्नातकोर) तक शिक्षा ग्रहण करने वाले नरेला क्षेत्र के पहले व्यक्ति थे। शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात लाला जी ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात लाला जी का नाम आज भी नरेला क्षेत्र में प्रमुख व्यक्तियों में शुमार किया जाता है। उनके सम्मान में दिल्ली नगर निगम ने वर्ष 2019 में नरेला में एक मार्ग का नाम 'लाला जगन्नाथ बसंल मार्ग' के नाम से नामाकिंत किया गया।

**श्रीमती** सेवती बंसल जी के पति श्री हेमराज बंसल जी ने भारत सरकार से सेवा-निवृत होने के पश्चात खुद को समाज सेवा में पूर्ण रूप से समर्पित कर रखा है। ग्रामीण दिल्ली के नरेला क्षेत्र के चहुंमुखी विकास, समाज में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बनाने और नरेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक बेहतर कल की नींव रखने के लिए श्री हेमराज बंसल जी ने अपना तन-मन-धन न्योछावर कर रखा है।

**77** वर्ष की आयु में पूरे 59 वर्ष अपने पति श्री हेमराज बसंल जी व समस्त बंसल परिवार को अपने प्यार, श्रद्धा, सेवा और मातृत्व से सीचने के बाद दिनांक 18 जून 2022 को श्रीमती सेवती बंसल जी ने अंतिम श्वास ली। अंतिम समय में उनके मुख पर सुख और शांति का भाव यह जताता है कि उनके द्वारा सिंचित बसंल परिवार के भविष्य को लेकर वो एक दम से निश्चिंत थी। यह उनका समर्पण, सेवा और आशीर्वाद ही है कि जब श्रीमति सेवती बंसल जी ने अंतिम श्वास ली तब बंसल परिवार पूर्णरूप से खुशहाल और समृद्धि से परिपूर्ण है। आज वो हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके विचार, भाव, प्यार, दुलार, मातृत्व और आदर्श हमेशा बसंल परिवार और हम सभी के साथ रहेगें।

**श्रीमती** सेवती बंसल जी बहुत ही धर्मपरायण देवी थी। उन्होंने अपना समस्त जीवन धर्म और समाजसेवा में लगाने के साथ ही अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। परिवार में आदर्श संस्कारों की नींव रखी और अपने परिवार के आदर्शों और संस्कारों को निरंतर निभाया। मां आप बहुत याद आओगें और हमारी यादों में नित निरंतर हमारे साथ रहोगे।











